सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-162 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 03 दिसम्बर 2024
30 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# संविधान पर चर्चा के लिए सरकार तैयार : ओम बिरला

- पीएम मोदी लोकसभा को कर सकते हैं संबोधित
- 13-14 दिसंबर को संविधान पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली।** संसद में जारी गतिरोध के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक की। जिसमें उन्होंने सभी दलों के नेताओं से बात की। बैठक के बाद विपक्षी दल के नेता बहस के लिए तैयार हो गए. सभी दल ने शांति से सदन चलाने पर सहमत भी हुए।

ओम बिरला की सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज स्पीकर के साथ सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक हुई। पिछले कुछ दिनों से संसद में गतिरोध चल रहा है, इस पर सभी ने अपनी चिंता व्यक्त की है। हमने भी कहा कि सभी चुने हुए प्रतिनिधि भारत की संसद में अपनी बात रखने आते हैं और पिछले कई दिनों से संसद का न चलना ठीक नहीं है. इसे सभी ने माना। विपक्ष की ओर से कई मांगें रखी गई हैं। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के सामने संविधान पर चर्चा कराने का प्रस्ताव रखा गया था. सरकार ने उसे मंजूरी दे दी है। किरेन रिजिजू ने बताया, 13-14 दिसंबर को हम संविधान पर चर्चा करेंगे। सबसे पहले लोकसभा में चर्चा होगी। सभी ने इसे स्वीकार कर लिया है. उसके बाद 16-17 दिसंबर को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा होगी। सर्वदलीय बैठक के बाद खबर आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा को संबोधित कर सकते हैं। हालांकि डेट कन्फर्म नहीं है कि पीएम किसी दिन सदन को संबोधित करने वाले हैं।

### संसद के कामकाज में बाधा डालना ठीक नहीं

> स्पीकर ओम बिरला ने सभी दल के नेताओं से कहा कि अगर कोई मुद्दा उठाना चाहता है तो उसके लिए नियम है। आप इसके लिए नोटिस दे सकते हैं, लेकिन संसद में हंगामा करना और कामकाज में बाधा डालना ठीक नहीं है। किरेन रिजिजू ने बताया, स्पीकर की बातों को सभी ने स्वीकार किया है। यह अच्छी बात है कि सभी ने स्वीकार किया है कि कल से चर्चा होगी।

# खूनी खेल में बदला फुटबॉल मैच 100 से ज्यादा लोगों की हुई मौत



- लगे लाशों के ढेर
- मैच रेफरी की ओर से विवादित निर्णय देने के बाद शुरू हुई हिंसा
- कई शव गलियारों में फर्श पर पड़े हुए मिले

**कोनाक्री (गिनी)।** पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी में एक फुटबॉल मैच के दौरान जमकर हिंसा हुई है। यहां फैंस की आपस में झड़प हो गई, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। स्थानीय अस्पताल के सूत्रों ने इस घटना को लेकर एएफपी को बताया कि गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एन जेरेकोर में एक फुटबॉल मैच के दौरान फैंस के बीच झड़प में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

एक डॉक्टर ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया, अस्पताल में जहां तक नजर जा रही है, वहां तक शवों की कतार लगी हुई है। कई शव गलियारों में फर्श पर पड़े हैं, मुर्दाघर भरा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने एन जेरेकोर पुलिस स्टेशन में भी तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, हिंसा मैच रेफरी की ओर से एक विवादित निर्णय देने के बाद शुरू हुई। इसके बाद फैंस भड़क गए और फिर जमकर हिंसा हुई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक यह मैच गिनी के जुंटा नेता ममादी डौंबौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट का हिस्सा था। सोशल मीडिया पर इस हिंसा के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल इन वीडियों की पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो में मैच के बाहर सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है।

## न्यूज डायरी

### पुतिन जल्द आएंगे भारत



**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत दौरे के लिए भेजा न्योता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मिल गया है। पुतिन की भारत आने की तारीख वर्ष 2025 के शुरुआती दिनों की होंगी। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि संभावित तारीखों की जानकारी साल के शुरुआत में दे दी जाएगी। यूरी उशाकोव ने भारत में रूसी दूतावास के हवाले से एक संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी है।

### बंदूकधारियों ने राहगीरों पर बरसाई अंधाधुंध गोलियां, आठ की मौत



**मेक्सिको सिटी।** उत्तर-मध्य मेक्सिको में सड़क किनारे एक दुकान के पास बंदूकधारियों ने ग्राहकों और राहगीरों पर गोलियां बरसा दीं जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुआनाजुआटो प्रांत के अभियोजकों ने बताया कि गोलीबारी अपेसियो एल ग्रांडे शहर में हुई। इस प्रांत में गिरोहों के बीच गोलीबारी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने बताया कि ये लोग दुकान के ठीक बाहर खड़े थे।

### प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर सोमवार को फिर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी के चौथे चरण का शायद ही कोई कार्यान्वयन हो रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि प्रतिबंधों को लागू करने, खास तौर पर ट्रकों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए कितने अधिकारी तैनात किए गए हैं? मामले में दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि वह जीआरएपी प्रतिबंधों का पालन न करने के आरोपों की जांच करेगी। सिर्फ दो या तीन घटनाओं के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि 1.5 करोड़ की आबादी वाला पूरा शहर नियमों का पालन नहीं कर रहा।

# यूपी में 15 फीसदी बढ़ सकती हैं बिजली दरें

**दाखिल किया गया एआरआर प्रस्ताव**



**लखनऊ।** पावर कॉर्पोरेशन ने बिजली निगमों की ओर से 30 नवंबर की शाम वर्ष 2025-26 का वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का मसौदा नियामक आयोग में दाखिल कर दिया है। इसमें करीब 12800 से 13 हजार करोड़ का गैप (घाटा) दिखाया गया है।

आयोग ने इस मसौदे को स्वीकृति दी तो प्रदेश में बिजली दरें करीब 15 फीसदी बढ़ सकती हैं। विद्युत निगमों की ओर से दाखिल किए गए मसौदे में वार्षिक राजस्व आवश्यकता यानी बिजली दर का मसौदा करीब एक लाख 16 हजार करोड़ रुपया दिखाया गया है। इसमें करीब 12 हजार 800 करोड़ का गैप दिखाते हुए आयोग से इसकी भरपाई की गुहार लगाई गई है। वर्ष 2025 -26 के लिए 16 हजार करोड़ यूनिट बिजली की आवश्यकता बताई गई है। कुल बिजली खरीद की लागत लगभग 92 हजार से लेकर 95 हजार करोड़ के बीच है। बिजली कंपनियों की तरफ से आरडीएसएस की वितरण हानियां 13.25 प्रतिशत को ही आधार माना गया है। सभी विद्युत निगमों में वर्ष 2025 -26 के लिए आकलित कुल घाटा करीब 12800 से 13000 करोड़ के बीच बताया गया है। प्रस्ताव की घाटे की भरपाई विद्युत नियामक आयोग पर छोड़ दिया गया है।

# पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों संग देखी द साबरमती रिपोर्ट

- स्क्रीनिंग में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद रहे मौजूद
- विक्रांत मैसी ने जताई खुशी



**नई दिल्ली।** सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी। यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी। इस स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद भी पहुंचे। इस विशेष अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्दी डोगरा समेत मेकर्स भी मौजूद रहे। स्क्रीनिंग में पीएम मोदी के अलावा मनोहर लाल, जीतन राम मांझी, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा और मनसुख मांडविया जैसे राजनेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने एक्स अकाउंट पर फिल्म की स्क्रीनिंग की झलकियां साझा कीं। कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निर्माताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं। वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठकर फिल्म देखने पर एक्टर विक्रांत मैसी ने भी खुशी जाहिर की। इस स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की स्टारकास्ट के अलावा प्रोड्यूसर एकता कपूर भी नजर आई। यह फिल्म 2002 में गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगने की घटना पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से फिल्म की प्रशंसा की थी।

# जल जीवन मिशन परियोजनाओं की गुणवत्ता पर रहेगा विशेष ध्यान: योगी

### हर घर जल योजना

- सीएम योगी ने थर्ड पार्टी सत्यापन के दिए निर्देश
- सीएम ने अभियान की प्रगति की समीक्षा की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन परियोजना के कार्यों का थर्ड पार्टी सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जल आपूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के जीर्णोद्धार का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों का भी मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के तहत परियोजना का उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ऐसी सभी योजनाएं बिना रुकावट के अनवरत चलती रहनी चाहिए।

### जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत हैं 40951 योजनाएं

> मुख्यमंत्री को बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 1,52,521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये बनता है। अधिकतर योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण लागत में 13,344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके सापेक्ष केंद्रांश के रूप में 6338 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली।



# 12 आईपीएस के तबादले

### बहराइच हिंसा के बाद डीआईजी देवीपाटन बदले, अमित पाठक को किया तैनात



**लखनऊ।** राज्य सरकार ने देवीपाटन के डीआईजी रेंज अमरेंद्र प्रसाद सिंह को भी हटा दिया है। माना जा रहा है कि बहराइच में सांप्रदायिक हिंसा भड़कने के मामले में उन्हें हटाया गया है। उनकी जगह डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी लोक शिकायत अमित पाठक को देवीपाटन रेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं अमरेंद्र प्रसाद को इंटेलिजेंस मुख्यालय भेजा गया है। इसके अलावा 12 अन्य आईपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। इसमें मेरठ, बस्ती और झांसी रेंज के डीआईजी शामिल हैं। डीजीपी मुख्यालय में एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव की ओर से जारी आदेश के मुताबिक डीजीपी के जीएसओ एन. रविन्दर को एडीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन बनाया गया है। अभी तक यह जिम्मेदारी राजा श्रीवास्तव के पास थी, जिन्हें जल्द केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना है। गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता को डीजीपी मुख्यालय में एडीजी स्थापना और डीजीपी के जीएसओ पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि एडीजी स्थापना संजय सिंघल को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कार्यमुक्त करने की वजह से पद रिक्त हो गया था। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) आकाश कुलहरि को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी लोक शिकायत बनाया गया है।

# दरगाह को लेकर दायर एप्लीकेशन निरस्त हो

- सुप्रीम कोर्ट दे दखल, उपासना स्थल अधिनियम 1991 का पूरी तरह हो पालन : मुस्लिम संगठन



**जयपुर।** जॉइंट कमेटी तहफ्फुज ए औकाफ, राजस्थान के बैनर तले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुस्लिम संगठनों ने आज अजमेर और उत्तर प्रदेश के संभल मामले को लेकर बातचीत की। मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी ने कहा कि धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचाने का घिनौना काम किया जा रहा है। देश के आपसी सद्भाव को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। मस्जिदों को मंदिर बताकर अदालत में झूठे केस दायर किया जा रहे हैं। जमाते इस्लामी हिंद के अध्यक्ष नाजीमुद्दीन ने कहा, सर्वे के नाम पर मस्जिदों के स्टेटस को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा ज्ञानवापी मस्जिद के नीचे मंदिर होने के बहाने सर्वे कराकर देश का माहौल खराब किया गया। केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल लाकर मुस्लिम को जमीनों को हड़पना चाहती है। संभल मामले में जिस तरह से मस्जिद को बचाने अपने हक की आवाज को उठाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान पांच युवाओं की हत्या कर दी गई। संविधान हमने सहमति से बनाया। कानून सहमति से बनाया गया है। देश की आजादी में हम सबने मिलकर प्रयास किया। फिर हमने सहमति से संविधान बनाया। मुस्लिम संगठनों ने मांग की है कि अजमेर दरगाह मामले में निचली अदालत में दायर की गई एप्लीकेशन को ही निरस्त किया जाना चाहिए। संगठन एसडीपीआई उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन खान ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट से यह मांग करेंगे कि जिस तरीके से निचली अदालत सर्वे को लेकर आदेश दे रही है, उनको लेकर गाइड लाइन जारी की जाए।

# किसानों का संसद कूच : पुलिस के साथ धक्कामुक्की, बैरिकेडिंग तोड़ी

### प्रशासन को दी सात दिन की मोहलत



**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण से अपनी मांगें पूरी करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों ने सोमवार को महामाया फ्लाईओवर के पास जुटकर दिल्ली कूच किया। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जुटे किसान पुलिस के रस्से और बैरिकेडिंग को पार करते हुए दलित प्रेरणा स्थल सेक्टर-95 में सेक्टर-18 के लिए चढ़ने वाले रैंप के पास तक पहुंच गए। फिर यहीं पर किसान सड़क पर बैठ गए। करीब एक घंटा प्राधिकरण व पुलिस अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता हुई। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली की ओर मार्च करते हुए प्रदर्शनकारी किसान दलित प्रेरणा स्थल पर पुलिस बैरिकेड्स पर चढ़े और पुलिस की साथ धक्कामुक्की भी देखने को मिली। किसान इस मांग पर अड़े रहे कि मांगे अभी मानी जाएं या उनको दिल्ली जाने दिया जाए। पुलिस-प्रशासन किसानों को वापस घर भेजने की कोशिश में था। आखिर में किसानों ने 7 दिन का समय दिया। तब तक किसान दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही धरना देंगे। इस दौरान एक्सप्रेस-वे दोनों तरफ से बंद होने से ट्रैफिक शहर के अंदर के रास्तों पर डायवर्ट कर दिया गया।






# दहेज हत्या के मुकदमें वांछित आरोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली देवबन्द पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। कोतवाली देवबंद प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 29 नवम्बर को वादी शाहरूख पुत्र स्व.शब्बीर निवासी ग्राम खामपुर थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर की तहरीर पर आरोपी सउद पुत्र इन्तसार (पति), गुलशाना पत्नी इन्तसार (सास), इन्तसार पुत्र शब्बीर (ससुर), मन्तशा पुत्री इन्तसार (ननद) व हसीब पुत्र इन्तसार (देवर) निवासीगण ग्राम गोपाली थाना देवबन्द के खिलाफ वादी की बहन शादिया पत्नी सउद के साथ घरेलू हिंसा करते हुए दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने व दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर देने की सूचना के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री नागर ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या में वांछित आरोपी पति सउद पुत्र इन्तसार को ग्राम गोपाली से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## कासगंज में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या, खेत में पड़ा मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**आगरा।** कासगंज के थाना सोरोंजी क्षेत्र के गांव मौजमपुर में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। खेत में सुबह के समय लाश पड़ी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

कासगंज के थाना सोरोंजी क्षेत्र के गांव मौजमपुर में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव के बाहर एक खेत में पड़ा मिला है। उसके पास तमंचा भी पड़ा हुआ मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि पुलिस आत्महत्या के एंगल पर भी जांच कर रही है। परिजन ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।

गांव मौजमपुर निवासी प्रमोद कुमार (50) पुत्र राजपाल का शव सोमवार की सुबह गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला। खेत पर काम करने गए ग्रामीणों ने जैसे ही शव देखा उन्होंने शोर मचाया। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, सीओ सिटी आंचल चौहान, थाना सोरोजी प्रभारी जगदीश चंद्र ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रमोद कुमार के सिर में बाएं तरफ कान के ऊपर गोली का निशान था। तमंचा भी वहीं पड़ा हुआ मिला। प्रमोद कुमार के दाएं हाथ के पास ही उसका मोबाइल पड़ा मिला है।

प्रमोद कुमार थाना सोरोंजी का हिस्ट्रीशीटर है। इसके खिलाफ हत्या सहित नौ मुकदमे पंजीकृत हैं। मृतक के परिजन ने प्रमोद कुमार की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि प्रमोद कुमार थाना सोरोंजी का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था।

## किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**सहारनपुर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं समेत भूमि हानि, फसल पेड़ आदि की क्षति पूर्ति व प्रतिकर दिलाये जाने की मांग को लेकर भाकियू रक्षक के बैनर तले किसानों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का हल किए जाने की बात क ही।भारतीय किसान यूनियन रक्षक के जिला अध्यक्ष रविन्द्र सैनी व महानगर अध्यक्ष सुनील राणा के नेतृत्व में सभी किसान एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी मनीष बंसल को ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम जमापुर बेरी मे निर्माणधीन 1,32,000 के.वी. की विद्युत लाईन बनाने को लेकर आ रही किसानो की मुआवजे सम्बन्धित समस्या को विस्तार से बताया। जिस पर जिलाधिकारी ने तुरन्त उप जिलाधिकारी सदर को आदेश दिया कि किसानो की समस्या का तुरन्त समाधान किया जाये। उपजिलाधिकारी ने तुरन्त विधुत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को बुलाकर किसानों की समस्या को सुना और अधिशासी अभियन्ता को आदेशित किया की गांव मे पहुंचकर किसानों की समस्या का समाधान करें।

## एक स्कूल बस पर गिरा जामुन का पेड़, बस चालक घायल

**लखीमपुर खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र में एक स्कूल बस पर जामुन का विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे बस चालक घायल हो गया। बस में तीन बच्चे भी सवार थे। गनीमत रही कि उन्हें चोट नहीं आई। हादसे से बच्चे सहम गए थे। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक एडमाउंटेन पब्लिक स्कूल पलिया की बस निघासन कस्बे और आसपास के बच्चों को लेने आ रही थी। सड़क पर चलती बस पर अचानक बौद्धिया कलां क्रशर के पास जामुन का पेड़ गिर गया, जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बस चालक प्रमोद कुमार निवासी सिसैया घायल हो गया। बस में बम्हनपुर के तीन बच्चे भावना, युवराज और आराध्या सवार थे। गनीमत रही कि तीनों को चोट नहीं आई।

## गन्ने के खेत से बरामद हुई वृद्ध महिला

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के कपासी गांव के बाहर गन्ने के खेत से ग्रामीणों को वृद्ध महिला बरामद हुई। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने महिला से उसका नाम पता पूछा लेकिन महिला ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। गन्ने के खेत में लगभग एक सप्ताह से गन्ना चूसकर कर रही गुजर बसर दिन रात खेत में ही बनाया बसेरा। घर से नाराज होकर चुपचाप गन्ने में रहने की जताई जा रही आशंका।

## गन्ना किसान अचल मिश्र को किया जाएगा सम्मानित

**लखीमपुर खीरी।** दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में आयोजित मिलेनियर फार्मर अवार्ड से प्रगतिशील गन्ना किसान अचल मिश्र को सम्मानित किया जाएगा। तीन दिसंबर को दिल्ली में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। अचल मिश्र को गन्ने की खेती में किए गए नवाचारों को लेकर प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर गन्ने की खेती में अपनी अलग पहचान बनाई है। अचल मिश्रा ने वर्ष 2018 में गन्ने की खेती में सर्वाधिक उत्पादन 3296 कुंतल प्रति हेक्टेयर का रिकार्ड बनाया है। यह एशिया स्तर का रिकार्ड है। उनके चयन पर गन्ना विभाग के अधिकारियों व प्रगतिशील किसानों ने हर्ष जताया है।

## सिंगाही ने गोला की टीम को हराया

**लखीमपुर खीरी।** सिंगाही खुर्द में चल रहे श्री लाल बहादुर शास्त्री फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डा. आईए खान व विशिष्ट अतिथि के रूप में उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह शामिल रहे। पहला मैच बड़ी सिंगाही और नेपाल के बीच हुआ जिसमें 6-1 से नेपाल की टीम विजयी रही। वहीं दूसरा मैच बिलोरी नेपाल और कृष्णानगर के बीच खेला गया जिसमें बिलोरी नेपाल ने 4-0 से जीत हासिल की। तीसरा मैच बड़ी सिंगाही और गोला के बीच खेला गया जिसमें बड़ी सिंगाही ने 2-1 से गोला की टीम को हराया। मैच में मुख्य निर्णायक की भूमिका राजन शर्मा सोनू श्रीवास्तव इमरान लाइन मैन जमील कुरैशी व मुजम्मिल ने निभाई। कमेंट्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह और स्कोरर तरुण शर्मा रहे। इस अवसर पर संजय गुप्ता विजय सिंह अतुल शर्मा प्रमोद कुमार किशन मान पवन आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों का किया कड़ा विरोध

■ भारत सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की मांग की

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट की बैठक में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार, इस्कान को प्रतिबंधित करने व इस्कान प्रचारक चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी का पुरजोर विरोध किया गया और केन्द्र सरकार से बांग्लादेश के कट्टर पंथी हिन्दू विरोधी लोंगो पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई तुरन्त किए जाने की मांग की गयी।




नुमाइश कैम्प स्थित श्री गौ देवी मंदिर गौशाला में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वंदेमातरम मिशन के संस्थापक विजय कान्त चौहान ने कहा कि बांग्लादेश में इन दिनों हिन्दुओं पर अत्याचार और मंदिरों में तोड़-फोड़ की घटनाएं हो रही हैं। बंगलादेश की सरकार ने इस्कान को प्रतिबंधित कर धर्मप्रचारक चिन्मय कृष्णदास को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे भारत में भी आक्रोश है। उन्होंने भारत सरकार से बांग्लादेश की गूंगी बहरी सरकार को उसी की भाषा में जवाब देने, इस्कान को बचाने तथा वहां रह रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा दिलाये जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्म अत्याचार बन्द नही हुए, तो भारत मे गैर कानूनी तरीके से रहने अवैध घुसपैठिये, बांग्लादेशियों, रोहिनगियाओं को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई करने का अभियान चलाया जाएगा। यही नहीं आगामी 8 दिसम्बर को नुमाइश कैम्प भारत माता चौक पर दोषी बांग्लादेशी नेताओ के पुतलों को फांसी देकर चौराहे पर फूंका जाएगा।

## चौ.चरण सिंह की जयंती पर मनाया जायेगा समता समरसता पखवाड़ाः चौ.धीर सिंह



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौ.धीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक दल भूतपूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर 6 से 23 दिसंबर तक समता समरसता पखवाड़ा मनाएगा, जिसमें पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, क्षेत्रीय कमेटी व प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी तथा फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष अपने-अपने गांव देहात में जाकर विचार गोष्ठी आयोजित कर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे।

रालोद के प्रदेश महासचिव चौ.धीरज सिंह ने बताया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने जीवन में जो अनेकों जनहित की नीतियां एवं महत्वपूर्ण कानून सरकार में रहकर के बनाए, उनका प्रचार प्रसार आम जनता के बीच किया जाना है। 23 दिसंबर को जनपद मुख्यालय पर चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आज राष्ट्रीय लोकदल केंद्र व प्रदेश में एनडीए गठबंधन का हिस्सेदार है। केंद्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं एवं प्रदेश में अनिल कुमार कैबिनेट मंत्री है। सरकारी योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, देहात, किसान, मजदूर सहित सभी वर्गों को पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है, जिससे सभी वर्गों का भली भांति विकास हो सकें। उन्होंने बताया कि पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 में मंडल एवं क्षेत्रीय स्तर पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए पार्टी पदाधिकारी अपने-अपने स्तर पर तैयारी में जुट जाए।

# वित्तविहीन स्कूलों की समस्याओं को लेकर शिक्षक गरजे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वित्तविहीन स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव किया और छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि यदि समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो एक सप्ताह के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अशोक मलिक के नेतृत्व में सभी वित्त विहिन स्कूलों के शिक्षक एकत्र होकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों के निस्तारण को लेकर प्रदर्शन किया। डॉ.मलिक ने कहा कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा शिक्षा रूपी मंदिरों का संचालन करना दुश्वार हो गया है। निजी स्कूल प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय लाभ सरकार से नहीं लेते। उन्होंने कहा कि अधिकतर इंटर कॉलेज पैन नंबर का हवाला देकर स्कूलों में छात्रों को प्रवेश से वंचित रखते हैं। इसके अलावा बहुत से शासकीय विद्यालय वाले छात्र का पैन नंबर होने के उपरांत भी टीसी काउंटर साईन की मांग करते हैं, जबकि स्कूल मान्यता प्राप्त यू डाइस पर जेनरेट है, तो जनपद स्तर पर टीसी काउंटर साईन की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए। प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट, जिला अध्यक्ष केपी सिंह, महानगर अध्यक्ष गय्यूर आलम ने कहा कि कक्षा 9 से 12वीं तक छात्रवृत्ति के नियमों में सरलीकरण होना चाहिए। अधिकतर छात्रवृत्ति पोर्टल बंद या तो व्यस्त मिलते है। छात्रों के अभिभावकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं का निस्तारण न किया गया, तो वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालो में संजय राणा, शान इलाही शमशी, मौहम्मद अरशद, जिला महामंत्री हंस कुमार, नरेश वर्मा, प्रकाश पांडे, सेठपाल सिंह, दिनेश रुपड़ी, धनंजय शर्मा, अजय सिंह रावत, मुजाहिद नदीम, मौहम्मद अहमद, मौहम्मद अफनान एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## मीटर रीडर्स को रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की दी जानकारी

**सहारनपुर।** पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत यूपीनेडा के तत्वावधान में विद्युत मीटर रीडर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मीटर रीडर्स को रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की जानकारी प्रदान की गयी।

विकास भवन सभागार में यूपीनेडा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अभियन्ता तथा उपस्थित समस्त अधिकारी व वेण्डर्स का स्वागत करते हुए पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत स्थापित हो रहे रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की जानकारी प्रदान करते हुए स्थापित नेट मीटर के सम्बन्ध में मीटर रीडर्स को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इस दौरान मै.राघव इण्टर प्राईजेज संजय गहलौत ने बिजली के बिलों में सोलर से उत्पादित बिजली का समायोजन हेतु मीटर रीडर्स को मीटर रीडिंग के सम्बन्ध में आयात-निर्यात एवं नेट बिल तैयार करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सहायक अभियन्ता (मीटर) ईडीडी-। ई.कार्तिक गुप्ता ने सिक्योर, एलएनटी व स्मार्ट मीटर आदि कंपनी के नेटमीटर से विद्युत बिल तैयार करने का प्रशिक्षण दिया तथा इम्पैनल्ड वैण्डर्स हर्ष डाबर रितिका इलेक्ट्रॉनिक्स ने पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा का उपयोग भविष्य के लिए उपयुक्त बताया तथा रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाये जाने हेतु बल दिया गया। यूपीपीसीएल मुख्य अभियंता ई.एसके अग्रवाल ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में स्थापित व स्थापित होने वाले रूफटॉप सोलर पावर प्लांट संयंत्रों के विद्युत बिल तैयार करने में मीटर रीडर्स की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है उन्होंने उपभोक्ता के विद्युत बिल सावधानी से तैयार करने के निर्देश दिये तथा संचालित योजना का अपने-अपने क्षेत्र में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे अनुदान कार्यक्रम में स्थानीय लोगो को प्रेरित करने के हेतु भी निर्देश दिये गये।

## डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

### प्राथमिकता पर कराए हर घर नल योजना के कार्यों का प्रमाणीकरण



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामों में कराए गए हर घर नल के कार्यों का प्रमाणीकरण का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापरक ढंग से करने व तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल के कार्यों में तत्परता लाई जाए तथा जो भी कार्य कराए जाएं वह पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराए जाए। उन्होंने योजना अंतर्गत ग्रामों में प्रधान व सचिव से प्राथमिकता पर किए गए कार्यों का प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियंता जल निगम नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जनपद में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल के अंतर्गत 583 राजस्व ग्रामों में कार्य पूर्ण हो गया जिनमें से 248 ग्रामों का सत्यापन संबंधित प्रधान व सचिव द्वारा कर दिया गया है शेष पर कार्य जारी है। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र की विभिन्न अहम मांगों को लेकर समाजसेवी लादेन मसूरी ने की कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि से मुलाकात



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली के समाजसेवी लादेन मंसूरी मुस्ताक मंसूरी ने अपने क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर लखनऊ पहुंचे आपको बताते चलें की सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज गुफरान अली के नेतृत्व में लखनऊ पहुंचे लादेन मंसूरी मुस्ताक मंसूरी ने अपने क्षेत्र की कुछ विभिन्न मांगों को लेकर लखनऊ कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर से प्रदेश कार्यालय पर मिलने पहुंचे कार्यालय पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रार्थना पत्र सोपा इस मौके पर लादेन मंसूरी मुस्ताक मंसूरी एवं जिला अध्यक्ष भारतेंदु सोनकर निधि इमरान मंसूरी मौजूद रहे आपको बता दे के लादेन मसूरी मीरगंज तहसील के गाँव के पैगानगारी निवासी है इनके पिता लईक अहमद मसूरी पूर्व में चार बार लोकसभा और तीन बार विधानसभा का भी चुनाव लड़ चुके हैं। लादेन मसूरी अपने पिता की तरह राजनीति में सक्रिय हैं और यह कई राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। जैसे नैतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष वंचित समाज इंसाफ पार्टी के जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक परिषद के जिला उपाध्यक्ष भारतीय पसमांदा समाज के जिला उपाध्यक्ष भारत परिषद के मंडल अध्यक्ष और कई राजनीतिक पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं बरेली के प्रभावशाली एवं सम्मानित लोगों में लादेन मंसूरी और उनके पिता लईक अहमद मसूरी का नाम आता है उनकी मंसूरी बिरादरी में अभी तक इतने बड़े चुनाव किसी ने नहीं लड़े हैं

वह सभी समाज को साथ लेकर चलते हैं। लोगों के दिलों में उनके लिए एक खास मर्तबा और अपनापन है।

## शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए निगम कर रहा भगीरथ कार्यः महापौर



सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 46 के राघवपुरम में 35 हॉर्स पावर नलकूप के रिबोर और वार्ड 49 के चिलकाना रोड पर 15 हॉर्स पावर के मिनी नलकूप के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इन दोनों नलकूपों का कार्य पूरा होने से करीब 20 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति हो सकेगी।

प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लक्ष्य क्रियान्वित करते हुए नगर निगम नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देशन में महानगर में 31 स्थानों पर मिनी नलकूपों की स्थापना तथा जल निगम द्वारा 10 स्थानों पर 35 हॉर्स पावर के नलकूपों के रिबोर करने का कार्य कर रहा है। अनेक स्थानों पर मिनी नलकूपों की स्थापना के कार्य का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा किया जा चुका है। आज उसी कड़ी में वार्ड 49 के चिलकाना रोड स्थित पुलिस चौकी के निकट 15 हॉर्स पावर के मिनी नलकूप के कार्य का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार, उप सभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद मयंक गर्ग, मनोज प्रजापति, मंसूर बदर, समीर अंसारी, आसिफ अंसारी के अलावा पार्षद प्रतिनिधि जफर अंसारी, इजहार मंसूरी, गुलजेब खां तथा क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दकी और अली मस्जिद के इमाम आदि मौजूद रहे।

वार्ड 46 के राघव पुरम में 35 हॉर्स पावर के नलकूप के रिबोर कार्य का भी महापौर डॉ. अजय कुमार ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम सहारनपुर लगातार शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के अलावा पानी के अपव्यय को रोकने और जल संचय की दिशा में भगीरथ कार्य कर रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद ज्योति अग्रवाल सहित उक्त पार्षदगण तथा क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

## वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सहारनपुर ब्रांच को चार अवार्ड व एक गोल्ड मैडल मिला

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आईएमए यूपी स्टेट की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में डॉ.कलीम अहमद को सैकिंड बेस्ट प्रेसिडेंट अवॉर्ड, डॉ.सीमा अग्रवाल को चैरिटी के लिए डॉ.मंजुला मैमोरियल अवार्ड, अपने मेम्बर्स की सहायता के लिए डॉ.अजय सिंह को डॉ.नईम अवार्ड तथा मेम्बर्स बनाने के लिए डॉ.मनदीप सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान किया साथ ही सहारनपुर ब्रांच को सोशल अवार्ड आओ गांव चले के लिए दिया गया। आईएमए यूपी स्टेट की गाजियाबाद में आहूत वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सहारनपुर ब्रांच को चार अवार्ड और एक गोल्ड मैडल मिला। कॉन्फ्रेंस में डॉ.मनदीप सिंह, डॉ.वीके भार्गव और डॉ.कलीम अहमद ने भाग लिया। कांफ्रेंस में पूरे उत्तर प्रदेश से आये चिकित्सकों ने फायर सेफ्टी को लेकर चर्चा की। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ.शरद अग्रवाल ने सभी चिकित्सकों को कहा कि वह अपने हॉस्पिटल, क्लीनिक और नर्सिंग होम में फायर सेफ्टी को लेकर गंभीर रहे और जो भी उपकरण है उसको लगवाएं, ताकि अगर कोई आग लगने जैसी दुर्घटना होती है तो उसे पर तुरंत काबू पाया जा सकें। सहारनपुर से डॉ.मनदीप सिंह को अध्यक्ष आईएमए एएमएस बनाया गया और डॉक्टर वीके भार्गव को सीडब्लूसी अल्टरनेट का सदस्य बनाया गया। डॉक्टर मनदीप सिंह ने पिछले 2 साल की आईएमए एएमएस की रिपोर्ट पढ़ी। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश को हेड क्वार्टर से आईएमए एएमएस के लिए प्रेसिडेंट अप्रिशिएसन अवार्ड मिला। यह अवार्ड हैदराबाद में मिलना प्रस्तावित है।



# जल शक्ति मंत्री ने पंचानन चौराहे पर किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** उप्र सरकार के जल संसाधन और बाढ़ नियंत्रण मंत्री पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह ने नगर के पंचानन चौराहे पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, आजाद भारत के राजनैतिक परिदृश्य में सरदार पटेल कभी समस्या नहीं बने बल्कि वह हर समस्या का समाधान थे। सही मायनों में अगर देखा जाए तो वह नेता नहीं ऋषि थे जिन्होंने अखंड भारत का सपना देखा और उसे पूरा किया। उन्होंने मोदी और योगी की शान में जमकर कसीदे पढ़े। उन्होंने मंच से विधायक मूलचंद्र की तारीफ की।

नगरपालिका द्वारा पंचानन चौराहे का सुंदरीकरण करा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई थी।पूर्व आईएएस विजय सिंह निरंजन की अध्यक्षता एवं सूबे के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के मुख्य आतिथ्य और माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। जितेंद्र सिंह निरंजन आशू के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं के अलावा पालिका सभासदों और सेवानिवृत्त पटेल समाज के लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंचस्थ अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन प्रदीप धनौरा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि उरई विजय चौधरी, मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, ब्लॉक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन, रानी देवी कोंच, संजीव उपाध्याय, मनोज राजपूत, रामेंद्र सिंह बना, जगदीश तिवारी, हरेंद्र सिंह, उदयन पालीवाल, पुष्पेंद्र सेंगर, रामलखन औदीच्य, अंजू वर्मा, सुनील लोहिया, कढ़ोरे बाबूजी, प्रो. वीरेंद्र सिंह, सत्येंद्र निरंजन शीलू, डॉ. आलोक निरंजन, गौरी चबोर, पुष्पेंद्र फुलैला, विकास पटेल, बब्बूराजा नरी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल अरुण कुमार राय भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इससे पूर्व जलशक्ति मंत्री का मारकंडेयश्वर तिराहे के अलावा करीब दर्जन भर स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

## अन्तर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता सम्पन्न

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर परिसर स्थित एकलव्य स्टेडियम में अन्तर महाविद्यालयीय एथलेटिक पुरूष / महिला प्रतियोगिता 024-2025 का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय अध्यक्ष, खेलकूद परिषद ने पुरस्कार वितरण एवं ट्राफी प्रदान कर की। इस अवसर पर प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि एथलेटिक खेल एक पुरानी खेल विधा है जो विश्व में सबसे अधिक लोकप्रिय है। खेल बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास का माध्यम होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिष्क का वास होता है। प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा खेल को बढ़ावा देने के की तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सकेगा। भारत विश्व का युवा देश है और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सम्भावना प्रबल है। उन्होंने सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। अंको के आधार पर महिला वर्ग में स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर विजेता, पं0 दीनदयाल उपाध्याय पी0 जी0 कालेज सैदपुर, गाजीपुर उपविजेता तथा शहीद स्मारक पी0 जी0 कालेज गाजीपुर तृतीय स्थान पर रही। वहीं पुरूष वर्ग में मो0 हसन पी0 जी0 कालेज जौनपुर विजेता, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर उपविजेता एवं सत्यदेव पी0 जी0 कालेज गाजीपुर तृतीय स्थान पर रहा। अन्तर महाविद्यालयीय एथलेटिक पुरूष / महिला प्रतियोगिता के चौथे दिन 4 गुणे 400 मीटर रिले दौड़ पुरूष वर्ग में पी0 जी0 कालेज गाजीपुर प्रथम, शहीद स्मारक पी0 जी0 कालेज गाजीपुर द्वितीय, पं0 दीनदयाल उपाध्याय पी0 जी0 कालेज सैदपुर, गाजीपुर तृतीय तथा महिला वर्ग में पी0 जी0 कालेज गाजीपुर प्रथम, पं0 दीनदयाल उपाध्याय पी0 जी0 कालेज सैदपुर, गाजीपुर द्वितीय, शहीद स्मारक पी0 जी0 कालेज गाजीपुर तृतीय रही। हाफ मैराथन दौड़ पुरूष वर्ग में सोनू यादव आर0 जे0 डिग्री कालेज प्रथम, वीर कुमार पं0 दीनदयाल उपाध्याय पी0जी0 कालेज सैदपुर, गाजीपुर द्वितीय, अमेरिका यादव पी0 जी0 कालेज, गाजीपुर तृतीय तथा महिला वर्ग में अंशू शहीद स्मारक पी0 जी0 कालेज गाजीपुर प्रथम रही।

## महा शिवपुराण की कथा का आयोजन



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** विगत दिवस एक दिसंबर से महाशिव पुराण की कथा का आयोजन पत्थर मंडी में स्वर्गीय कविंद्रनाथ पांडे की पत्नी शकुंतला देवी पांडे ने ग्यारह दिवसीय कथा का आयोजन करवाया है जो एक महान और दुर्लभ कार्य है। इस आयोजन को सफल बनाने में शकुंतला देवी के दामाद और पुत्रियों का बड़ा योग दान है संदीप त्रपाठी, अतुल अग्निहोत्री, प्रीति त्रपाठी, रीता, संगीता पांडे आई और कुणाल और ठाकुर विनय सिंह आदि लोग उपस्थित रहकर श्रवण कार्य करते है और व्यवस्था देखते है भंडारा 12 तारीख को कच्चा आढ़ती स्कूल में होगा।

## आपदा से निपटने हेतु राजस्वकर्मियों की बैठक सम्पन्न



**सहजनवा अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर - सोमवार को तहसील सहजनवां में आपदा को लेकर तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमे उन्होंने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए किअप्डा मे क्षतिग्रस्त कच्चे,पक्के मकान,पशुशाला की रिपोर्ट 24 घंटे दे।राजस्व कर्मी आपदा से प्रभावित व्यक्ति की फोटो ले।जीपीएस लोकेशन आन कर कैमरा से फोटोग्राफ ले और राहत पोर्टल पर अपलोड करे। राजस्व कर्मी आपदा से क्षतिग्रस्त का पूरा विवरण प्रस्तुत करे। पशु हानि का विवरण दे क्या पशुपालन विभाग पंजीकृत था या नहीं। सभी रिपोर्ट आपदा मोचन निधि गाईडलाइन के मानक के अनुसार हो। इस दौरान आपदा अधिकारी गौतम गुप्ता, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, राजस्व निरीक्षक मोतीलाल,भान प्रसाद, सतीश तिवारी, प्रमोद कुमार,रविंद्र सिंह लेखपाल रत्नेश मणि त्रिपाठी, दुर्विजय यादव, जितेंद्र मिश्र सहित अनेक लेखपाल मौजूद थे।

## निरीक्षण में नदारद चार एएनएम व तीन स्टॉफ नर्स का कटा वेतन

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले में स्वास्थ्य सेवा का हाल जानने के लिए रविवार को सीएमओ और अपर सीएमओ ने कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। तीन स्टाफ नर्स व चार एएनएम अनुपस्थित मिलीं। सभी का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं अर्बन अस्पतालों में टीकाकरण में लापरवाही को लेकर पांच प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है। सुबह दस बजे अपर सीएमओ ने अर्बन अस्पताल कश्मीरिया का निरीक्षण किया तो एएनएम रीता देवी अनुपस्थित मिलीं। इसके बाद सीएमओ और अपर सीएमओ ने अर्बन अस्पताल मुबारकपुर का निरीक्षण किया तो एएनएम रूशीला, तारादेवी व विजय लक्ष्मी के अलावा स्टाफ नर्स जोहा व चांदनी अनुपस्थित मिलीं। मुंडेहरा पीएचसी के निरीक्षण में स्टाफ नर्स कंचन गुप्ता अनुपस्थित मिलीं। इन सभी का एक दिन का वेतन काटते हुए नोटिस जारी किया गया।अस्पतालों के निरीक्षण में टीकाकरण की रिपोर्ट के सर्वे में लापरवाही का मामला सामने आया। सीएमओ ने कार्य में लापरवाही पर सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रिचा पटेल, डॉ. अंबुज पांडेय, डॉ. विजय शंकर, डॉ. प्रतिभा रंजन व डॉ. अरुण कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि जवाब संतोषजनक न रहा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मलिन बस्ती में दस नये अर्बन हॉस्पिटल का होगा संचालन

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शहरी गरीब परिवार को घर के पास इलाज मिल सके इसके लिए जल्द ही अकबरपुर, टांडा व जलालपुर तहसील में 10 नए अर्बन अस्पतालों का संचालन होगा। इनके संचालन के लिए छह भवन का चयन भी कर लिया गया है, शेष भवन के चयन का कार्य तेजी से चल रहा है। दिसंबर में सभी 10 अस्पतालों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत शहरी गरीब परिवार को घर के निकट इलाज समय पर मिल सके इसके लिए बीते माह जिले में 10 नए अर्बन अस्पतालों के संचालन का निर्णय हुआ था। इनके संचालन के लिए मलिन बस्ती के पास किराये के भवन में अस्पताल के संचालन की प्रक्रिया शुरू की गई। कटेहरी उप चुनाव के चलते इनका संचालन नहीं हो सका।

## नकली खाद बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**उरई (जालौन)।** कृषि अधिकारी, एस ओ जी सर्विलांस एवम उरई कोतवाली पुलिस द्वारा नकली खाद के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत मुखविर की सटीक सूचना पर कोंच रोड पर सीक्रेट हार्ट अकादमी स्कूल के सामने बने एक गोदाम से सैकड़ो बोरी नकली खाद बरामद की गई है। गोदाम के अंदर खड़े एक ट्रक से 616 वोरी, दो पिकअप से 57 वोरी एवम नदीगांव में निखिल के गोदाम से 114 वोरी कुल 1001 वोरी नकली खाद बरामद की गई है जो जनपद के भोले भाले किसानों को महंगे दामों में बेची जा रही थी।इसी गोदाम से वोरी सिलने बाली मशीन पैकिंग मशीन, धागा प्रकाश व्यवस्था एक इन्वर्टर , तथा नकली डी ए पी बनाने ने प्रयोग किये जाने बाले रसायन की खाली बोरियां काफी मात्रा में बरामद हुई हैं। इस नकली खाद बनाने के कारोबार एक संगठित गिरोह द्वारा किया जा रहा था। इस संगठित गिरोह के 10 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## मदद करना देने की भावना ही आपको श्रेष्ठ बनाती है: आलोक त्रिपाठी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दूसरों की मदद करना और जरूरतमंद को कुछ देना यह भावना ही आपको औरों से श्रेष्ठ बनती है। जिसके अंदर यह भावना होगी वह समाज व देश के लिए हमेशा कुछ ना कुछ करता रहेगा उक्त बात सोमवार को ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा गीता पल्ली स्थित तुलसी उद्यान में चल रही। बाल योगी संजय जी महाराज की राम कथा में कंबल वितरण के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष व लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने कही। तुलसी उद्यान गीता पल्ली में कल से चल रही श्री राम कथा के आज दूसरे दिन विंध्याचल से आए कथा वाचक बाल योगी संजय जी महाराज की कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे । श्री राम कथा के दूसरे दिन ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान लखनऊ जो पिछले कई वर्षो से इस तरह का आयोजन करता चला आ रहा है आज भी गरीबों को कंबल वितरण किया साथ ही कम्बल लेने आए सभी लोगों का अभिवादन करने के साथ ही सभी को चाय व नाश्ता भी कराया। इस अवसर पर संस्थापक महासचिव डी सी श्रीवास्तव ने कहा कि आज जो लोग भी कम्बल लेने आए हैं यह सब हमारे अतिथि होने के साथ ही सभी सम्मानित है,आज इन सभी को कंबल देकर मैं अपने को धन्य समझ रहा हूं। इस अवसर पर कार्यक्रम में ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान के संस्थापक महासचिव डी सी श्रीवास्तव के साथ ही रमेश चंद्र त्रिपाठी ,राकेश श्रीवास्तव, रामचंद्र गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, प्रोफेसर अनूप मिश्रा, कोमल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के देवापार डुगडुईया में 6 नवंबर को दिन में 10 बजे रास्ते के विवाद में आरोपियों ने लाठी डंडे धारदार हथियार से मार कर घायल कर दिया था। जिसमे इलाज के दौरान सुधीर सिंह की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों के तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को एसओ विशाल उपाध्याय,कास्टेबिल बृजेश यादव,राहुल प्रसाद संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की हत्या का अभियुक्त विनीत मल्ल पुत्र विनोद मल्ल निवासी देवापार डुगडुईया पटखौली चौराहे पर खड़ा है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

## चाय, बिस्किट व बंद का किया गया वितरण



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र द्वारा आज केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर स्थित रैन बसेरा में मरीजों व उनके परिजनों के लिए गर्म चाय व बिस्किट, बंद आदि का वितरण किया गया। सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार ने बताया कि दिसंबर माह में ठंड होने लगी है ऐसे में मरीज के परिजनों को सुबह गर्म चाय एवं बंद बिस्कुट आदि के वितरण की शुरुआत की गई है। ताकि लोगों को ठंड में राहत मिल सके.सर्दी के बढ़ने के साथ ही रेन बसेरा में रहकर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती अपने मरीज का इलाज कर रहे लोगों को गर्म खाने और गर्म कपड़े की भी निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

## जनपद की पहली उच्च गति और उत्कृष्ट आरओआई के साथ सर्वश्रेष्ठ आज़ाद फ्लेक्स प्रिंटिंग मशीन का उद्घाटन



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नगर नजीबाबाद भी अब तरक्की कर रहा है, एक तरफ जहां मॉल, पीटर इंग्लैंड, विशाल मेगा मार्ट, बिगिस्ट, रेड चीफ, ट्रेंड्स आदि शोरूम खुल रहे है, तो वही शहर में नई नई टेक्नॉलॉजी की मशीनें भी लग रही है। इसी क्रम में अब फ्लैक्स प्रिंटिंग की नई टेक्नॉलॉजी वाली मशीन का शुभारंभ हुआ। यह मशीन जिले के पहली मशीन है जो कम समय में बड़ी से बड़ी बेहतर क्वॉलिटी में प्रिंट निकालेगी। नगर के हरिद्वार मार्ग आजाद हॉस्पिटल के निकट आज़ाद फ्लैक्स प्रिंटिंग प्रेस पर नई टेक्नॉलॉजी की मशीन का शुभारंभ हुआ। जिसका उदघाटन रम्पुरा निवासी हाजी अब्दुल गफूर व अब्दुल शकूर उर्फ कलवा और सभासद अच्छन राईन, जिला पंचायत सदस्य मौ.रफी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर अतिथियों ने प्रिंटिंग प्रेस स्वामी हाजी नफीस और मौ.गुफरान को बधाई देते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया के इस बदलते दौर में नजीबाबाद शहर के अंदर नई टेक्नॉलॉजी की मशीन के लगने से नगरवासियों को काफी लाभ होगा, अब हाई स्पीड और अच्छी क्वालिटी में फ्लैक्स प्रिंट मिलेगे। आज़ाद प्रिंटिंग प्रेस के स्वामी मौ.गुफरान ने बताया कि यह फ्लैक्स प्रिंट मशीन नजीबाबाद ही नहीं बल्कि जिले में पहली मशीन है, इस मशीन की खासियत यह है कि कम समय में बड़ी से बड़ी फ्लैक्सी बेहतर क्वॉलिटी में निकलेगी। इस मौके पर फहीम अंसारी, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवधेश, राजू घाघट, शिवम अग्रवाल, नाजिम, समर इलाही, रिजवान इलाही, डॉक्टर फारुक, शहजाद, इंजी. विकास कुमार आर्य, रिहान अंसारी, शाही अराफात, जुनैद, वसीम, फरीद, नौशाद, नफीस, शमीम आदि उपस्थित रहें।

# शिक्षको की समस्यायों का अविलम्ब निस्तारण करें बीएसए : विद्या सागर

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद जालौन का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष विद्या सागर मिश्र के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन से मिला और जनपद में शिक्षक शिक्षकायो की समस्यायो से सम्बंधित 10 बिन्दुओं का एक ज्ञापन दिया।

उन्होंने कहा जनपद की महेवा ब्लॉक के शिक्षको की प्रतिकूल प्रविष्टि की फाइल विगत दो वर्षो से मंडलीय निदेशक कार्यालय, सचिव कार्यालय द्वारा इधर उधर घुमाई जा रही है। जिसके कारण शिक्षकों का आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। प्रतिकूल प्रविष्टि समाप्त करने का अधिकार बीएसए को है, इसलिये अबिलम्ब निस्तारण किया जाये। 16 वर्षो से जिला कार्यालय में जमे अनिल कुमार गुप्ता बाबू को हटाने पर संगठन आपको धन्यबाद ज्ञापित करता है लेकिन उनसे सभी पटल के कार्य समाप्त अभी तक नही किये हैं। अविलम्ब उनको हटाया जाए। बेतन निकालने के लिए जनपद का कार्यालय उस कथित बाबू पर निर्भर है। ये लेखा विभाग की नाकामी समझे या भ्रष्टाचार में लेखाधिकारी की संलिप्तता समझे जो उसको लेखा कार्यालय में सम्बद्ध किया जाता है, उन्होंने कहा कि हर जगह जुर्म के अनुसार दंड दिया जाता है लेकिन आपके कार्यालय में चाहे छोटी गलती हो चाहे बड़ी सभी को दंड समान दिया जा रहा है। छोटी गलती में रामपुरा ब्लॉक के पांच शिक्षक निर्लंबित किये गए यह न्याय के विपरीत है। उनको अबिलम्ब बहाल किया जाए। जनपद में निरीक्षण कर्ताओं द्वारा शिक्षको का शोषण किया जा रहा है। निरीक्षण कर्ता के सामने उपस्थित हो गए शिक्षको का भी बेतन अवरुद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा शिक्षको का अस्थाई बेतन बृद्धि बहाल की जाए। शिक्षको के कई महीनों से प्रार्थना पत्र कार्यालयों में जमा हैं उनके एक दिन की बेतन कटौती के प्रार्थना पत्रों पर विचार कर एक दिन की बेतन कटौती बहाल किये जायें ।कुछ ब्लॉकों में कुछ ए आर पी खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर शिक्षको का शोषण कर रहे ऐसे ए आर पी को चिन्हित कर अबिलम्ब हटाया जाए।संज्ञान में आया है खण्ड शिक्षा अधिकारी कदौरा की आई डी ब्लॉक के दो शिक्षक चला रहे तत्काल इस पर कार्यबाही की जाए नए ए आर पी का शीघ्र चयन किये जाये। प्रतिनिधि मंडल में सर्ब श्री निर्पेन्द्र सिंह बरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेश जिला मंत्री, लालजी पाठक ब्लॉक अध्यक्ष जालौन,अखिलेश ब्यास ब्लॉक मंत्री नदीगांव,जिला संगठन मंत्री अरुण निरजन अमित सिंह सेंगर ब्लॉक उपाध्यक्ष, पवन निरजन ब्लॉक संघर्ष समिति महेवा सन्तोष शुक्ला, अंकित मिश्रा, तरुण चतुर्वेदी,आलोक बाजपेयी, दीपक पटेरिया,अमित शर्मा देबेन्द्र पाल, देबेन्द्र सचान, रामकृष्ण त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह, संदीप कुमार,सुरेश प्रजापति राघवेंद्र सिंह,रूपेंद्र सक्सेना, रामकुमार कौशल सहित दो दर्जन पदाधिकारी, शिक्षक उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग ने औचक निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद श्री जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में दिनांक 02/12/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एंव थाना-कायमगंज पुलिस बल द्वारा संदिग्ध ग्राम-ममापुर में दबिश दी गयी। लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# 22 को हल्लौर में बाबहानी जीवन रक्षा मेडिकल केयर हास्पिटल का सांसद जगदंबिका पाल करेंगे उद्घाटन : डॉ. फखरूल हसन

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में जल्द ही इजाफा होने जा रहा है। हल्लौर में नवनिर्मित बाबहानी जीवन रक्षा हॉस्पिटल का उद्घाटन 22 दिसंबर को डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल के हाथों होगा। इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए अब महंगे निजी अस्पतालों और शहर का रुख नहीं करना पड़ेगा। गरीबों और मजबूरो के लिए कम पैसों में उच्च चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जाएगी। उक्त बातें तहसील के हल्लौर स्थित नवनिर्मित बाबहानी जीवन रक्षा मेडिकल केयर हास्पिटल के सभागार में सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान हास्पिटल के चेयरमैन डाक्टर फखरूल हसन रिजवी ने कहीं। उन्होंने कहा कि ÷मेरा सपना क्षेत्रवासियों की सेवा करना है।÷यहा के लोगो को मूल भूत सुविधाओ का मुहैया कराना है। श्री रिजवी ने कहा कि कोरोना काल में हल्लौर सहित डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के लोगों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में काफी परेशानी हुई थी। इसी को देखते हुए हल्लौर में यह मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाया गया है। अस्पताल में महिला एवं शिशु सहित सामान्य चिकित्सा के साथ-साथ हर तरह की सर्जरी के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।अस्पताल के मेडिकल टीम में अपोलो हॉस्पिटल से आए डॉक्टर गुफरान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के अस्पतालों की आवश्यकता है ताकि लोग गंभीर बीमारियों के समय दर-दर भटकने के बजाय निकट के इस अस्पताल से सेवा ले सकें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर देश के जाने-माने डॉक्टर समाज सेवा के क्रम में यहां पर विजिट करते रहेंगे।डॉक्टर मुशीर ने बताया कि शुरुआती दौर में अस्पताल 24 घंटे आपातकालीन सेवा एवं दस बेड के मरीजों को भर्ती करने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवा महिला एवं शिशु रोग विभाग सामान्य चिकित्सा सभी तरह की सर्जरी कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं इस अस्पताल के शुरू होने से डुमरियागंज क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें दूर के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस दौरान इंजीनियर इरशाद अहमद खान, तशबीब हसन, कसीम रिजवी, वजीहुल हसन, डॉ ग़ज़ाला मुख्तार, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ महात्मा प्रसाद, सोनाली, पूजा, रक्षा कुमारी, यास्मीन बानो, मोहम्मद सलमान, सैफ अली, दानिश रिजवी, वज़ीहुल हसन, असफुल रहमान, कामरान मेहंदी, अकबर मेहंदी, अहमद अब्बास, संजू आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने कंपोजिट विद्यालय झसी में खराब शिक्षा और निर्माण कार्यों में खराब ईटे देखकर नाराजगी जाहिर की



अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह द्वारा पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय झसी विख कमालगंज का निरीक्षण किया गया,विद्यालय में शिक्षा का स्तर खराब पाया गया, बच्चों में गणित के बेसिक ज्ञान का अभाव पाया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई, जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में शिक्षा के स्तर में सुधार करने व प्रतिदिन 30 मिनट सामान्य ज्ञान की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया, विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया, पंखे गंदे पाये गये, पानी की टोटी खराब पाई गई, खिड़कियों पर जाली सही तरीके से नही लगी पाई गई,शौचालय की स्थिति खराब पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा शौचालय में टाइल्स लगवाने के निर्देश दिये गये,जिलाधिकारी द्वारा मिड डे मील में प्रयोग की जा रही खाद्य सामिग्री व मसालों को भी देखा गया,विद्यालय परिसर में हो रहे निर्माण कार्यो में प्रयोग की जा रही ईटों की गुणवत्ता खराब पाई गई,इसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई ,जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को ईटो को बदलने एवं निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने व विद्यालय में पेड़ पौधे लगवाने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी व संवंधित मौजूद रहे।

## 18 से शुरू होगा बुंदेलखंड गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का दूसरा चरण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिला उपाध्यक्ष बुंदेली सेना शिवम चौहान सोनू ने कहा है कि बुंदेलखंड अलग राज्य बनाए जाने की मांग को लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का दूसरा चरण 18 दिसंबर से झांसी जनपद के मोंठ से प्रारंभ करने जा रहा है जो जनपद जालौन के विभिन्न नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होकर 3 जनवरी 2025 को उरई में समाप्त होगी। यह बात उन्होंने नदीगांव रोड स्थित प्रतीक महंत के प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया, अलग बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा यात्रा का पहला चरण बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष और बुंदेलखंड राज्य निर्माण के प्रमुख सूत्रधार राजा बुंदेला के नेतृत्व में अक्टूबर में पूरा हो चुका है ।जो तुवन मंदिर प्रांगण ललितपुर से प्रारंभ होकर ललितपुर व झांसी जनपद के विभिन्न शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरती हुई झांसी नगर में समाप्त हुई थी। राजा बुंदेला के नेतृत्व में चल रही इस पदयात्रा को बुंदेलखंड क्षेत्र में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।

# एनईपी बीए, बीएससी व बीकॉम विषम सेमेस्टर की परीक्षा 03 से




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी बीए, बीएससी व बीकॉम पाठ्यक्रम की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन पालियों में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 03 दिसम्बर से शुरू होगी, जो 24 जनवरी तक चलेगी। कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सात जनपदों में 494 परीक्षा केन्द्र बनाये गए है जिनमें 4 लाख 36 हजार 541 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस स्नातक परीक्षा में 2 लाख 41 हजार 578 छात्राएं व 1 लाख 95 हजार 263 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा तीन पालियों में होगी। वहीं एनईपी एमए, एमएससी, एमकॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 08 जनवरी से दो पालियों में प्रारम्भ होगी। इसमें 101429 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी है। सभी केन्द्रों को शासन की मंशानुरूप परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए विभिन्न जिलों में 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है। इसके अलावा पांच सचलदल नियुक्त किए गए है। विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से भी केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। स्नातक सेमेस्टर प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8 से 10 बजे तक कराई जायेगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा 11:30 से दोपहर 1:30 तक तथा तृतीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 से सायं 4:30 बजे तक चलेगी। नकलविहीन परीक्षा के लिए जिले के डीएम व एसएसपी को भी पत्र के माध्यम से सूचित किया कर दिया गया है।

# किसान समस्याओं का निस्तारण जल्द ना हुआ तो होगा बड़ा आंदोलनः फरीद अहमद

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** विकासखंड में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत मे वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने वीडियो सोहावल अनुपम कुमार वर्मा से वार्तालाप कर सात बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा और बताया कि क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशु और हिंसक सांडों कोर्ट तत्काल पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए, सोहावल क्षेत्र में आने वाले ग्राम सभा में जल निकासी बाधित है जल भराव के कारण डेंगू मलेरिया जैसे रोग से लोग पीड़ित हो रहे हैं तत्काल साफ सफाई करवा कर एंटी लारवा और दवा का छिड़काव कराया जाए,छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनवाया जाए, गांव में बने बंद पड़े शौचालय को चालू कराया जाए, हर ग्राम सभा में कैंप लगाकर पात्र व्यक्तियों का आवास चयन कर गरीबों को आवास दिलवाया जाए,मोय्या कपूरपुर में र.रुङ्ङ. की योजना में शासन द्वारा लगभग 50 लाख रुपए गांव के विकास के लिए आए थे ग्राम प्रधान/ ग्राम पंचायत सेक्रेटरी द्वारा सुचारू से काम नहीं कराए गए जिसकी जांच कराई जाए, पिछली समस्याओं का निस्तारण न होने और जवाब न मिलने पर किसान यूनियन कार्यकर्ता भड़क गए और किसान विरोधी सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने वीडियो सोहावल से कहा की समस्याओं का निस्तारण जल्द ना हुआ तो किसान यूनियन उग्र आंदोलन करेगी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी पंचायत की अध्यक्षता राम अभिलाख यादव ने किया संचालन महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या महिला महासचिव आसमा निशा ने किया पंचायत में प्रमुख रूप से जिला मीडिया राकेश वर्मा, दादा मंगरु राम सत्य साईं बाबा राजू निषाद लाजवती चिंता देवी संगीता आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्दियों में मौसमी बुखार-जुकाम से बचेः डॉ आलोक सिंह

**गोसाईगंज- अयोध्या।** बदलते मौसम के साथ-साथ अब वायरल भी बढ़ने लगा है. ऐसे में निजी हॉस्पिटल व क्लीनिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की लंबी लाइनें देखी जा सकती है। गोसाईगंज नगर के प्रसिद्ध फिजिशियन एस.डी. सिंह मेमोरियल पाली क्लीनिक भीटी रोड गोसाईगंज के डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण गले में खराश और कंपकंपी, खांसी, जुकाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं. ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इन बातों का रखें ध्यान~ एस.डी. सिंह मेमोरियल पाली क्लीनिक के डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि इस समय दिन के समय अधिक व रात के समय न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है।

## पुवायां मंडी में धान खरीद में चल रही है फर्जी अंगूठे की भरमार आवक 2800 कुन्तल कागजो में डेढ़ लाख कुंतल



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ खुली मंच पर भ्रष्टाचार के प्रति जो बात करते हैं, वह धान खरीद में जुमला सिद्ध हो रही है अगर बात शाहजहांपुर की की जाए तो मंडी तिलहर पुवायां रोजा जलालाबाद कोई भी मंडी हो हर जगह फर्जी किसान फर्जी खरीद का जो सिलसिला चल रहा है यह सरकार की छवि को धूमिल कर रहे है साथ ही साथ जो भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बात करते हैं उसके लिए भी चुनौती है। शाहजहांपुर आर एफ सी धान खरीद केन्द्रों पर फर्जी खरीद का जो सिलसिला है वह बड़े स्तर पर चल रहा है इसमें संरक्षण जिला खरीद अधिकारी का माना जाए या फिर जिला विपणन अधिकारी का अगर खरीद के आंकड़ों की बात की जाए तो जब तक किसानों के पास धन रहा तब तक खरीद धीमी गति से चलती रही धान खरीद प्रभारी द्वारा बहाना बाजी से तंग आकर किसानों ने अपने धान औने-पौने दामों में मीलो पर बेच डाले वही 16 नवंबर से मंडी में आवक ना के बराबर हुई वैसे ही जिला प्रशासन ने हर केंद्र पर डबल कांटे लगाकर धान खरीद करने का आदेश कर दिया अब प्रश्न यही उठता है कि जब मंडीओ में आवक नहीं तो डबल कांटे की क्या जरूरत अब आलम यह है कि हर रोज हजारों कुंतल की धान खरीद फर्जी किसानों के अंगूठे लगाकर हो रही है।

# अपने ईमान व अकीदा को बचाने की फ़िक्र करनी चाहिए : मुफ्ती गुलाम जीलानी अज़हरी

*अवधनामा संवाददाता*




**शाहजहाँपुर।** अंजुमन फ़रोग़ ए इस्लाम व ऑल इंडिया जमाअत ए रज़ा ए मुस्तफ़ा की ओर से बीती रात मोहल्ला एमन ज़ई जलाल नगर में एक मीनार मलकों वाली मस्जिद के पास जलसा ईद मीलाद-उल-नबी तहफ्फुज़ ए ईमान कांफ्रेंस का आयोजन किया। जिसकी शुरुआत खलीफा ताज उश-शरिया हाफिज फिरासत उल्ला ख़ां रजवी ने पवित्र क़ुरआन की तिलावत से की। जलसे को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता खलीफा ताज उश-शरिया मुफ्ती गुलाम जीलानी अज़हरी नेपाली ने कहा कि सफल वह नहीं है जिसके पास धन है बल्कि सफल वह है जिसके पास ईमान की दौलत है। आज के इस दौर में हमारे ईमान व अकीदा पर तरह-तरह के हमले हो रहे हैं। हम सभी को अपने ईमान व अकीदा को बचाने की चिंता करनी चाहिए और अपने उलेमा का अदब ओ एहतराम करना चाहिए क्योंकि उलेमा की निकटता ही हमारे ईमान व अकीदा को बचा सकती है। उन्होंने औलिया के आस्ताने पर हाज़िर होने के साथ-साथ नमाज अदा करने पर भी ज़ोर दिया। मुफ़्ती अत्ता मुहम्मद मुशाहिदी पीलीभीत ने कहा कि अहल-ए-सुन्नत के सभी विद्वान इमाम अहमद रज़ा खां मुहद्दिस बरेली को अपना इमाम और पेशवा मानते हैं। उनकी पुस्तकों और फतवे पर अपनी सहमती दी। इमाम अहल-ए-सुन्नत आला हजरत का नाम सुन्नत का प्रतीक बन गया है। पीर ए तरीकत सैयद रिजवान अहमद वाहिदी बिलग्रामी ने कहा कि मोमिन, मोमिन का भाई है। हम सभी को एक-दूसरे के साथ सद्भाव और एकता बनाए रखनी होगी और नबी करीम के प्रति सच्ची मुहब्बत रखनी होगी क्योंकि जिसके दिल में रसूल के लिए इश्क नहीं होगा। उसकी कोई भी इबादत अल्लाह की बारगाह में मकबूल नहीं होगी। हम सभी को शरीयत का पालन करते हुए अपना जीवन गुजारना चाहिए। जलसे को अल्लामा मेहराब हुसैन रजवी ने भी संबोधित किया। इस दौरान शायर फहीम अख्तर बरेली, मुहम्मद जरताब रजा पीलीभीत, हाफिज जीशान रजा अज़हरी ने नातिया कलाम पेश किया। संचालन हाफ़िज़ मुहम्मद इमरान रज़ा कादरी ने किया। अंत में हजरत मुफ्ती आजम हिंद का क़ुल शरीफ हुआ।

# जन-आक्रोश रैली के लिए संघ का जनसंपर्क अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, मंदिरों पर हमले और चटगांव इस्कॉन पुंडरीक धाम के अध्यक्ष स्वामी चिन्मय कृष्णन दास प्रभू जी की अलोकतांत्रिक गिरफ्तारी के विरोध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन, बांग्लादेशी हिंदू रक्षा संघर्ष समिति द्वारा 03 दिसंबर 2024 को एक जन-आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली गुलाब बाड़ी से गांधी पार्क तक अपराह्न 2~00 बजे निकाली जाएगी। रैली को सफल बनाने के लिए संघ द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।अधिवक्ता परिषद अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, समरसता प्रमुख करिअप्पा नगर दिनेश जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही बर्बरता और मंदिरों में तोड़फोड़, हिंदू धार्मिक त्योहारों पर हमले इस्लामी जिहादियों की कायरता का परिचायक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में आतंकवादियों की फांसी रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खोलने वाले लोग आज मौन हैं।

# समिति सचिव चहेतो पर मेहरबान अधिकारी,किसान परेशान



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के अधिकांश साधन सहकारी समिति लिमिटेड पर डीएपी की रैक समय-समय पर पहुंच रही है।मगर समिति के सचिव की मनमानी व अपने चहेतो को खाद देने के चक्कर में गरीब किसान को डीएपी नहीं मिल पा रही है।ऐसे में गेहूं समेत अन्य फसलों का रक्बा घटने से इंकार नहीं किया जा सकता है?। जी हां,ऐसा ही हाल क्षेत्र की साधन सहकारी समिति रामपुर का है।जहां के सचिव के द्वारा अपने चहेतो को डीएपी की अधिक खाद दिलाने के साथ ही रैक पहुंचने से पहले ही सूचना दे दी जाती है।जिसके चलते क्षेत्र के किसानो को खाद से वंचित होना पड़ रहा है।वही महंगे दामों पर बाहर निजी दुकानों से खाद महंगे दामों में खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सूत्रों कि माने तो रामपुर सचिव चहेतो के जरिए खाद ब्लैक में बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे है। क्षेत्रीय किसान डीएपी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।इनकी मनमानी के चलते किसानों को निराश होना पड़ रहा है।क्योंकि अधिकांश किसान आलू,मटर, सरसों,चना आदि की बोआई कर चुके हैं।गेहूं की बोआई के समय समितियों पर खाद ढूंढ़े नहीं मिल रही है।समितियों का चक्कर लगाकर थक चुके।यह किसान निजी दुकानों से डीएपी खाद महंगे दामों पर खरीद कर बोआई कराने पर मजबूर हैं।जरूरतमंद किसान असली-नकली डीएपी की बिना परवाह किए निजी दुकान से महंगे दामों में खरीद कर बोआई कर रहे हैं।उनका आरोप है कि जिला प्रशासन खाद उपलब्धता कराने में विफल है।क्षेत्रीय किसान राम प्रसाद, श्रवण, श्रीचंद्र, हिमांशु, रामशरन, बालक,सुजीत व प्रमोद आदि ने बताया कि रामपुर समिति पर डीएपी रैक आई थी।मगर सचिव रामसिंह की सांठगांठ से अपने चेहतों खाद बांटी गई।उन्हें पहले ही सूचना दे देते हैं।सूत्रों की माने तो चहेतों की बांटी गई खाद ब्लैक में निजी दुकानों पर ही बिकती है।जिसका वह मोटा कमीशन लेते है।रामपुर समिति सचिव रामसिंह के निजी सचिव संजय कुमार के कारनामे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर खाद और धान तौल एक साथ कैसे हैं। उधर, खुशहेटी साधन सहकारी समिति पर धान खरीद हुई थी।यहां खाद की डिमांड लगी हुई है।

## पुलिस अभियान में 5 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों चल रहे न्यायालय में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने अभियान चला कर 5 वारन्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मसौली थाना में पंजीकृत मुकदमों में न्यायलय में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ थाना प्रभारी यशकांत सिंह पुलिस बल के साथ दबिश देकर थाना क्षेत्र के आइमावाजिदपुर निवासी राम समुझ पुत्र स्वर्गीय मधुरा, थाना जहांगीराबाद के ग्राम पिपरौली निवासी सुजीत कुमार पुत्र श्री केशन, थाना सफदरगंज के भवानीपुर मजरे रामपुर निवासी मेराज उर्फ कल्लू पुत्र नसीर, मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हौजपुर मजरे कोटवा निवासी विनीत पुत्र हरिकेश एवं हरिकेश पुत्र जैसी राम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# छूट की लकड़ी के आड़ में प्रतिबंधित आम व नीम पेड़ काटकर ठूंठ गायब



*अवधनामा संवाददाता*

**कोठी बाराबंकी।** सिद्धौर पुलिस चौकी के चंद कदमों दूरी पर क्षेत्रीय वनरक्षक की सांठगांठ से वन माफिया छूट प्रजाति के पेडों आड़ में प्रतिबंधित आम व नीम का एक-एक वृक्ष काटकर लकड़ी उठा ले गए। इसकी शिकायत पर विभागीय अधिकारी जांच बजाए उल्टे ठूठ उखाड़ कर निशान देही मिटाने सलाह दे दी। अब क्षेत्रीय वनरक्षक प्रतिबंधित वृक्ष के ठूठ नहीं होने राग अलाप रहा। लोगों में आक्रोश है। सिद्धौर पुलिस चौकी के चंद कदमों की दूरी पर गैस सिलेंडर वितरण करने वाले स्थान के समीप पुश्तैनी बाग थी। जिसमे अर्रा, चिलवल समेत प्रतिबंधित आम व नीम के पेड़ थे। मगर स्थानीय ठेकेदार छूट पेड़ों कटान आड़ में हरख रेंज के क्षेत्रीय वनरक्षक जगदबिंका उर्फ पप्पू सांठगांठ से प्रतिबंधित प्राचीन नीम व आम के हरा-भरा पेड़ काटकर लकड़ी गायब कर दी गई। इसकी शिकायत पर स्थानीय कर्मचारी कार्रवाई के बजाए इनके ठूंठ उखाड़ कर निशान देही मिटाने की सलाह दे दी। उसने ऐसा कर दिखाया। जिसके गड्ढे मौजूद हैं। क्षेत्रीय वनरक्षक का कहना है कि चार दिन पहले शिकायत मिली थी। साहेबदीन को भेजा गया था। मगर प्रतिबंधित वृक्ष के ठूंठ नहीं मिले थे। उधर, देर शाम सोशल मीडिया पर कटान स्थल के वायरल फोटो व वीडियो से विभागीय अधिकारियों के पसीने छूटने लगे।? वह पुनः जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देने लगे है।

## जंगल से भटक कर गांव के समीप आया तेंदुआ, दहशत

**निचलौल (महराजगंज)।** सोहगीबरवा टाईगर रिजर्व से भटक कर सोमवार की सुबह करीब सात बजे मरचहवा गांव के समीप नदी किनारे चहलकदमी करते हुए एक तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुआ को देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गयी है। ग्रामीणों को आशंका है कि तेंदुआ गन्ने के खेत मे छुपा हो सकता है। इस डर से किसान खेतों की तरफ जाने से कतराने लगे है। ठूठीबारी के टोला मरचहवा निवासी सलमान ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब सात बजे दैनिक क्रिया के लिए नदी के तरफ जा रहा था कि अचानक तेंदुआ दिखाई दिया। जो घोला नदी के पूर्वी छोर पर घूम रहा था जिसे देख सलमान ने शोर मचाया । तक तक आस पास के लोगों जुट गए । ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

# जनपद के 52 परिषदीय विद्यालय हुए हाईटेक

## स्मार्ट क्लास और एस्ट्रोनॉमी रुम से हुआ लैश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा माह अगस्त में एक बेहतरीन पहल करते हुए जनपद के



52 विद्यालयों को 52 अधिकारियों को गोद देकर उनके कायाकल्प हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों को साल के अंत तक विद्यालयों के कायाकल्प का निर्देश दिया गया था। जिलाधिकारी अनुनय झा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि समस्त 52 विद्यालयों को विभागीय प्रावधानों सहित जनसहयोग के माध्यम से न सिर्फ ऑपरेशन कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर पर संतृप्त किया गया, बल्कि अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर नवाचार करते हुए विद्यालयों में पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, ओपन क्लास रूम, एस्ट्रोनॉमी रूम, सीसीटीवी कैमरा, किचन शेड, बुक बैंक जैसी सुविधाएं विद्यालयों में उपलब्ध कराई गई हैं। सभी विद्यालयों दीवारों पर बाला पेंटिंग कराई गई है, ताकि बच्चों को रचनात्मक ढंग से सिखाया जा सके। विद्यालयों में मल्टीपल हैंडवाश, बैठने के लिए बेंच, झूला आदि भी लगवाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों ने अपने निर्देशन में कार्यों को पूर्ण कराया। उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श बनेंगे और पूरे जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण में एक अमूल-चूल परिवर्तन परिलक्षित होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण गुप्ता ने कहा कि समस्त 52 विद्यालयों का कायाकल्प जिलाधिकारी के विशेष पहला और मार्गदर्शन का परिणाम है। विभाग अन्य विद्यालयों को इसी तर्ज पर विकसित करने हेतु क्रमिक प्रयास करेगा। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसपी ने किया कोठीभार थाने का औचक निरीक्षण




**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** बीते रविवार को शाम पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने भ्रमण के दौरान कोठीभार थाने का औचक निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए विशेष निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री मीना ने बैरक, महिला डेस्क, सीसीटीएनएस व परिसर का निरीक्षण किया। वही निर्माणाधीन आवास का भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के कार्यप्रणाली के साथ आगंतुक रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस की सक्रियता बनाए रखने के लिए कस्बे व प्रमुख जगहों पर चेकिंग कराई जाएगी। कस्बा व ग्रामीण इलाकों में थाना प्रभारी व हल्का इंचार्ज भ्रमण करके शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# स्व प्रताप बाबू के योगदान को हमेशा याद रक्खा जायेगाः पीएल पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं साकेत मिष्ठान भण्डार के संस्थापक भाई प्रताप सिंह कांग्रेस पार्टी के समर्पित वरिष्ठ नेता थे। उनके आकस्मिक निधन से पार्टी को गहरी क्षति पहुंची है। उन्होनें कोषाध्यक्ष के रूप में पार्टी को संगठित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम कांग्रेस परिवार के साथ उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हैं और स्वर्गीय प्रताप सिंह के परिवार के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। उक्त बातें पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने अपने ओबरी आवास पर कांग्रेस पार्टी के समर्पित वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह के निधन पर उनके अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव हरख ब्लाक के मानपुर में सम्पन्न होने के पश्चात अपने ओबरी आवास पर आयोजित शोकसभा में शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कही। पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने पूर्व कोषाध्यक्ष स्व0 प्रताप सिंह के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया की, मूल रूप से विकास खण्ड हरख के



ग्राम मानपुर के निवासी प्रताप सिंह की आयु लगभग 82 वर्ष थी उनके तीन पुत्र तथा दो पुत्रियां है। और उनके तीनों बेटे साकेत मिष्ठान भण्डार, साकेत बेकरी तथा साकेत हार्डवेयर की दुकानों के मालिक हैं, स्व0 प्रताप बाबू लम्बे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े थे और वो पार्टी के हर कार्यकर्ता से पारिवारिक रिश्ता बनाकर चलते थे। उनकी कमी मेरी व्यक्तिगत क्षति है उनका योगदान हमेशा याद रक्खा जायेगा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व कोषाध्यक्ष दिवंगत प्रताप सिंह के अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मानपुर में तथा उनकी याद में ओबरी सांसद आवास पर आयोजित शोकसभा में मुख्य रूप से पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, देवेन्द्र प्रताप यादव, केसी श्रीवास्तव, सैय्यद सुहेल अहमद, राम हरख रावत, अजय रावत, गोपी कनौजिया, जसवन्त यादव, सिकन्दर अब्बास रिजवी, रितेश रावत, शशांक तिवारी, जितेन्द्र वर्मा, बाबा सन्तशरण वर्मा, मोहम्मद अकरम, फरीद अहमद, मोहम्मद इजहार सिद्दीकी, कमल भल्ला, शिव बहादुर वर्मा, सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसजनों ने शामिल होकर 2 मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

अवधनामा



# सांसद जगदम्बिका पाल के लोकसभा में प्रश्न पर स्कूलों में खेल कार्यक्रमों से संबंधित दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा में सांसद जगदंबिका पाल द्वारा पूछे गए प्रश्न संख्या 1125 के अंतर्गत स्कूलों में खेल कार्यक्रम के विषय में सोमवार को चर्चा हुई। इस दौरान युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से बताया गया कि शिक्षा मंत्रालय के 'समग्र शिक्षा कार्यक्रम' के तहत, खेल और शारीरिक शिक्षा घटक के अंतर्गत सरकारी स्कूलों को खेल उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। प्राथमिक विद्यालयों के लिए 5000 प्रति वर्ष, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 10,000 प्रति वर्ष, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए 25,000 प्रति वर्ष व वित्तीय वर्ष 2024-25 में, इस खेल अनुदान के लिए 729.25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश के स्कूलों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9529.05 लाख (89.52 करोड़) का खेल अनुदान स्वीकृत किया गया है। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों का राज्यवार विवरण मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है। जानकारी दी कि हालांकि, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, उत्तर प्रदेश से 2023-24 में 1246 छात्र और 2024-25 में अब तक 665 छात्र राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। सांसद जगदंबिका पाल ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और अपने निर्वाचन क्षेत्र में खेल गतिविधियों को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## सफाई कर्मियों व सफाई मित्रों को पालिका प्रशासन की तरफ़ से किया गया सम्मानित







**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 30.11.2024 को स्वच्छ शौचालय अभियान 2024 के अंतर्गत नगर क्षेत्र में निर्मित सामुदायिक /सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और देखरेख करने वाले सफाई कर्मी / सफाई मित्रो को नगर पालिका परिषद टांडा के श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी उपजिलाधिकारी/प्रभारी अधिशाषी अधिकारी द्वार माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। दिनांक 30.11.2024 को स्वच्छता के दृष्टिगत मोहल्ला सिकंदराबाद में गोवंश आश्रय स्थल में गोवंशो बीके संरक्षण सुरक्षा, और मा काशीराम शहरी आवास परिसर वृक्षारोपण स्थल का श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी उपजिलाधिकारी/प्रभारी अधिशाषी अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। नगर पालिका परिषद टांडा के शमशाद जुबैर कर अधीक्षक, रामबाबू गुप्ता राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार गौरव राजस्व निरीक्षक, निशांत पांडे कार्यालय अधीक्षक, जलील अहमद अरशद जमाल अनुरुद्ध कुमार लिपिक आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता नितेश मौर्य अवर अभियंता सिविल शहदेव हरिश्चंद पाठक मेट राम चंद्र मोहम्मद हुसैन मोहम्मद अहमद सुहेल शकील मंशाराम महेंद्र कुमार परवेज अहमद सफाई नायक जयेंद्र कुमार जुल्फेकार अहमद कंप्यूटर आपरेटर, सम्मानित होने वाले सफाई कर्मचारी मो अकरम, मो रईस सद्दाम,परवेज अख्तर,मो. वाशिम, आफताब, मुतीम ,अरशद, श्रीमती शायर बनो, जमीला, नूरजहां, राजिया शायर बनो आदि पालिका के अधिकारी एव कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उपनिबंधक कार्यालय टांडा का किया आकस्मिक निरीक्षण



दानिश मेहदी

**अम्बेडकरनगर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अम्बेडकर नगर डॉ सदानन्द गुप्ता द्वारा कार्यालय उपनिबंधक टाण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपनिबंधक सत्येन्द्र कुमार यादव, निबन्धन लिपिक राजेन्द्र प्रताप सिंह व शरीफुज्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर विशाल तिवारी व परिचर फूलचन्द अपने-अपने कायों को करते पाए गये। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा बैनामा, मुआयना आदि के लिए उपस्थित व्यक्तियों से पूछताछ भी की गयी। पूछताछ के दौरान कार्यालय के प्रति कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुयी, सभी का कार्यालय के प्रति सकरात्मक रूख रहा। अपरजिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा उपनिबंधक टाण्डा को निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ कार्यालय परिसर में पारदर्शी व्यवस्था के तहत कार्य किया जाय एवं जनता के हित के प्रति अपने कार्यों को जिम्मेदारी से निर्वहन किया जाय। साथ ही आई0जी0आर0एस0 या जनता दर्शन आदि से प्राप्त शिकायती प्रार्थनापत्र का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये।

# प्र. डीआईओएस ने कई माध्यमिक स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक विद्यालयों में पठन-पाठन के सुचारू रूप से संचालित होने के साथ ही शिक्षकों, बच्चों और कर्मचारियों की उपस्थिति, विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की हकीकत जानने के लिए प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने कई माध्यमिक स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों के समय से खुलने, सन्निकट बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर बच्चों का कोर्स पूर्ण कराने, साफ-सफाई दुरूस्त रखने, बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया।

प्रभारी डीआइओएस समर बहादुर सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद प्रथम दिन सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, जवाहर लाल स्मारक इंटर कॉलेज नौगढ़, मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, जहां सभी उपस्थित पाए गए। इसके बाद कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षकों और बच्चों के बीच शैक्षणिक संवाद की हकीकत जानी। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए साफ-सफाई, शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति, एमडीएम योजना के तहत गुणवत्ता पूर्ण भोजन, कक्षा नौ में अध्ययनरत बच्चों के लिए चार दिसंबर को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा एवं ओएमआर सीट पर प्रेक्टिस कराने पर जोर दिया। जिविनि ने कहा कि शासन-प्रशासन की मंशा को सार्थक बनाते हुए समय-समय पर मिलने वाले निर्देशों का अनुपालन करने, विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए तत्पर रहना होगा। निरीक्षण के समय जीआईसी नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, जीआईसी पचमोहनी के प्रधानाचार्य करूणाकांत एवं डीसी समग्र शिक्षा माध्यमिक डॉ. भारद्वाज शुक्ल भी साथ रहे।

# मनरेगा मज़दूर की मृत्यु पर श्रम विभाग की ओर से मिलेगा सवा पांच लाख रुपये

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मनरेगा जॉबकार्ड धारकों की कार्यस्थल पर दुर्घटना में मौत होने पर परिजन को श्रम विभाग की ओर से सवा पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। यह सुविधा श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले श्रमिकों को ही मिलेगी। मनरेगा के उन कार्डधारकों को सुविधा का लाभ मिलेगा जिन्होंने कम से कम 90 दिन कार्य किया है। इसके साथ ही दिव्यांगता की स्थिति में एक लाख रुपये सहायता राशि दी जाएगी। जनपद की 899 ग्राम पंचायतों में तीन लाख के करीब मनरेगा कार्डधारक हैं। इनमें से डेढ़ लाख के करीब ही सक्रिय हैं। इसमें से श्रम विभाग में 20 हजार ही पंजीकरण कराया है। ऐसे में विभाग अब अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराने की तैयारी में है, जिससे हादसे के समय उनकी मदद की जा सके। श्रम विभाग के अनुसार श्रमिकों की बीमारी अथवा अन्य किसी कारणों से हुई मौत पर भी सवा दो लाख रुपये की मदद सरकार की ओर से मुहैया कराई जाएगी। ज्यादातर श्रमिक जानकारी के अभाव में श्रम विभाग में अपना पंजीकरण नहीं करा रहे हैं, जबकि इसके लिए न्यूनतम शुल्क रखा गया है। इसके लिए 20 रुपये पंजीकरण और 20 रुपये नवीनीकरण शुल्क निर्धारित है। श्रमिक एक अथवा तीन वर्ष के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना के तहत पढ़ाने की सुविधा भी है। राजबहादुर यादव, डिप्टी कमिश्नर ने कहा मनरेगा के श्रमिकों के साथ ही कोई भी निर्माण श्रमिक किसी भी जनसेवा केंद्र पर जाकर विभाग में अपना पंजीकरण करा सकता है। दुर्घटना होने पर जांच के बाद योजना के तहत मिलने वाले लाभ को दिलाया जाएगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर देवर ने भाभी को पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मटकापार में रविवार को शाम में 4 बजे पुरानी रंजिश को लेकर देवर ने भाभी को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से मटकापार निवासी मीरा पत्नी शैलेंद्र देवर से विवाद चलता है। रविवार शाम 4 बजे के करीब देवर पुरानी बात को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी प्रभाकर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीण खेल लीग का एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मिठवल विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चरथरी में सोमवार को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित खण्ड स्तरीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खण्ड मिठवल के विद्यालयों के लगभग पांच सौ छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता में तीन स्तर के बच्चे प्रतिभाग करते हैं।

प्रथम सब जूनियर जिनकी उम्र सोलह वर्ष से कम हो, द्वितीय जूनियर जिनकी उम्र सोलह से बीस वर्ष हो, एवं तृतीय सीनियर जिनकी उम्र बीस वर्ष से ऊपर हो। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलीटिक्स, कुश्ती, लंबी कूद एवं दौड़ आदि प्रकार के खेल में बच्चे प्रतिभाग करते है। खेल प्रतियोगिता के दौरान सब जूनियर स्तर में कबड्डी में बालकों में चरथरी विजेता एवं भरथना उपविजेता रहा। वहीं बालिकाओं में भी चरथरी विजेता एवं भरथना उपविजेता रहा। इसी के साथ के लंबी कूद में बालकों में चरथरी के अरिहन्त प्रथम स्थान एवं खरिका पांडेय के उमेश द्वितीय स्थान प्राप्त किये। बालिकाओं में चरथरी की सुधा प्रथम एवं चरथरी की रजनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर की लंबी दौड़ में बालकों में राकेश प्रथम एवं बालिकाओं में पुनीता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही जूनियर स्तर के वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालकों में चरथरी गांव विजेता एवं हसवापार उपविजेता रहा। वहीं 100 मीटर की लंबी दौड़ में बालकों में शिवसागर प्रथम एवं बालिकाओं में सपना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुश्री लक्ष्मी वर्मा, खेसरहा क्षेत्र के गंगा प्रसाद प्रजापति, ग्राम प्रधान अवधेश, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चरथरी के प्रधानाचार्य धर्मेद्र कुमार मिश्रा, एवं स्कूल के खेल शिक्षक अतुल एवं मनोज दुबे के साथ तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

## अक्षय धागा प्रोजेक्ट के जरिए हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनेंगी युवतियां

**भानपुर, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्र के युवतियों को हुनरमंद बनाने के लिए रविवार को नगर पंचायत भानपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर खुटेहना में अक्षय धागा निश्शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूशन के अध्यक्ष नितेश शर्मा ने पूजन अर्चन के साथ फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नितेश शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण की इच्छुक माताएं व बहने मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। अक्षय धागा के तहत रेडीमेड गारमेंट और सिलाई कटाई का प्रशिक्षण लेने के बाद आपको किसी के आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। इस निश्शुल्क प्रशिक्षण से आप सभी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का सहारा बनेंगी। कहा कि अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोशियेशन के अक्षय धागा प्रोजेक्ट के माध्यम से अनेक युवतियों हुनरमंद होकर अपने सपने साकार करेंगी।

# वॉलीबॉल खिलाड़ियों को तलाश कर नया प्लेटफार्म प्रदान करने की आवश्यकता: मो. इब्राहीम




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नवोदित वॉलीबॉल खिलाड़ियों को तलाश कर एवं उन्हें तराश कर एक नया प्लेटफार्म प्रदान करने का कार्य जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा किया जाएगा। उक्त विचार उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एवं जिला वॉलीबॉल संघ के महासचिव सचिव मो. इब्राहीम ने जिला वॉलीबॉल संघ की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करते हुए वयक्त की। जिला वॉलीबॉल संघ की बैठक गाँधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में हुई जिसमें वार्षिक कार्य योजना तैयार की गई। जिसको धरातल पर लाने के लिये सर्व सम्मति से निर्णय एवं संकल्प लिया गया। जनपद में वॉलीबॉल खेल को लोकप्रियता दिलाने, युवाओं में वॉलीबॉल खेल के प्रति आकर्षित कराने, रोजगार के प्रति जानकारी देने, ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने, ग्रामीण एवं शहरी अँचलों से नवोदित खिलाड़ियों को खोज कर उन्हें प्रशिक्षण देकर स्पोर्ट्स कॉलेजों हॉस्टल में प्रवेश दिलाने, प्रत्येक ब्लाक में प्रधानों के साथ बैठक करने, स्कूल कॉलेजों के प्रधानचार्य एवं खेल अध्यापकों के साथ बैठक कर वॉलीबॉल खेल के प्रति जागरूकता पैदा कर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनाना है। बैठक मे करम हुसेन इदरीसी, देवेंद्र पाण्डेय, विजय वर्मा, मो0 इब्राहिम, कमालुद्दीन , निजाम अहमद, रत्नेश सिंह, शम्भूनाथ गुप्ता, सगीर अहमद, शकील शाह, डॉक्टर आ0 मोबीन, आ0 हलीम, अलीमुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

## यशोदा एजुकेशनल ऐकडमी में खेल उत्सव का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** बहादुरपुर विकासखंड के यशोदा एजुकेशनल ऐकडमी भेड़वा में तीन दिवसीय खेल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बहादुरपुर शैलेंद्र दुबे व विशिष्ट अतिथि पंडित आनंद मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व खेल ध्वज फहराकर किया। विद्यालय में प्रतिवर्ष होने वाला यह खेल उत्सव तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैलेंद्र दुबे ने कहा कि हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी को खेलना चाहिए। ग्रामीण अंचल में संचालित हो रहे यशोदा एजुकेशनल ऐकैडमी द्वारा मानसिक शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से खेल प्रतिभाओं को उभरने का मौका ऐसे ही आयोजन देते हैं।

# मदरसों के शिक्षकों को शिक्षण की अनुमति देना सरकार की नैतिक और कानूनी ज़िम्मेदारी : मशहूद खां

अवधनामा संवाददाता



**कृष्णानगर, नेपाल।** नेपाल के राष्ट्रीय मदरसा संघ के महासचिव, मौलाना मशहूद ख़ान नेपाली ने नेपाल सरकार से यह अपील की है कि मदरसों में शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को तुरंत टीचिंग परमिट (शिक्षण अनुमति) प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय पहले से ही सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में पीछे है और मदरसों के शिक्षकों को कानूनी मान्यता न मिलने के कारण उनकी समस्याएँ और बढ़ रही हैं।

**मौलाना मशहूद ख़ान का बयान–** मौलाना ने कहा मदरसों के शिक्षक सदियों से धार्मिक और शैक्षिक सेवाएँ दे रहे हैं। लेकिन शिक्षण अनुमति न मिलने के कारण न केवल उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उनकी पेशेवर प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुँच रही है। यह समस्या केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी मुस्लिम समुदाय के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।

**मंत्रिस्तरीय निर्णय पर अमल की मांग–** मौलाना मशहूद ख़ान ने यह भी बताया कि उनकी कोशिशों से 2070/06/12 विक्रम संबत को नेपाल सरकार ने धार्मिक स्कूलों के शिक्षकों को शिक्षण अनुमति जारी करने का सैद्धांतिक निर्णय लिया था। लेकिन यह निर्णय अभी तक काग़ज़ों तक ही सीमित है। हाल ही में हुई टीचर सर्विस कमीशन की बैठक में भी इस मुद्दे पर कोई प्रगति नहीं हुई। उन्होंने इस देरी को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि कानूनी प्रावधानों की कमी के कारण यह फैसला आज तक अधूरा है।

**शिक्षा मंत्री से अपील–** मौलाना मशहूद ख़ान ने नेपाल की शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री विद्या भट्टराई से अपील की कि वह इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल ध्यान दें और मदरसों के शिक्षकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए उचित क़ानून बनाएँ।

उन्होंने इस कदम को मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक प्रगति के लिए अपरिहार्य बताते हुए कहा यह न केवल मुस्लिम समुदाय के लिए लाभदायक होगा, बल्कि नेपाल में धार्मिक सद्भाव और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

**सामूहिक ज़िम्मेदारी–** मौलाना मशहूद ख़ान नेपाली ने इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा मदरसों के शिक्षकों को उनका वाजिब हक दिलाना न केवल सरकार, बल्कि पूरे राष्ट्र की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। यह मुद्दा केवल मुसलमानों का नहीं है, बल्कि यह नेपाल के शिक्षा तंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा से भी जुड़ा हुआ है।

**अन्य नेताओं की प्रतिक्रिया–** इस अवसर पर राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के अध्यक्ष, डॉ. अब्दुल गनी अल-कूफ़ी ने कहा नेपाल में मुस्लिम अल्पसंख्यक समाज अत्यधिक पिछड़ा हुआ है। समस्या क़ानून या संविधान में नहीं है, बल्कि इसे लागू करने वाली संस्थाओं में है। इस अल्पसंख्यक समुदाय को न केवल शिक्षा, बल्कि अन्य सभी क्षेत्रों में भी संविधान के अनुसार प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए ताकि वे देश के विकास में बहुसांस्कृतिक समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर योगदान कर सकें। उन्होंने यह उम्मीद जताई कि शिक्षा मंत्री से यह बैठक मुस्लिम अल्पसंख्यक के शैक्षिक मुद्दों को हल करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगी।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के उपाध्यक्ष, शेख जेश मकी ने कहा मदरसों के शिक्षकों को शिक्षण अनुमति प्रदान करना सरकार की कानूनी और नैतिक ज़िम्मेदारी है। अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए तुरंत कानून बनाना ज़रूरी है। हम इस मुद्दे के समाधान तक अपनी जद्दोजहद जारी रखेंगे।

**शिक्षा मंत्री का बयान–** केंद्रीय शिक्षा मंत्री, विद्या भट्टराई ने कहा मदरसों के शिक्षकों की सेवाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी शिक्षकों को, जिन्हें शिक्षण अनुमति की आवश्यकता है, तुरंत यह अधिकार मिले। हम इस प्रक्रिया में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं ताकि शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हो और सभी समुदायों को समान अवसर मिलें।

## सड़क न बनने से नाराज़ किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

अवधनामा संवाददाता

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले कार्यालय जारी। चौधरी सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में किसान नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर नजीबाबाद पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। कुछ दिन पूर्व पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर धरना दे रहे किसानों को 30 नवंबर का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया गया था, 2 दिसंबर तक कार्य शुरू न होने पर किसानों ने धरना शुरू कर दिया किसानों का आरोप है कि 30 नवंबर को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा आश्वासन देने पर धरना समाप्त कर दिया गया था अभी तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया जिससे भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जैसे ही पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पहुंचना शुरू हुए तो पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारी कार्यालय पर मौजूद नहीं थे जिससे किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

# मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना बेहद जरूरी है : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा

### सीएचसी सिरसिया में आयोजित समीक्षा बैठक में स्वास्थकर्मियों को अधीक्षक ने दिया निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्रान्तर्गत सीएससी सिरसिया में अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा की अगुवाई में एएनएम व पर्यवेक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया की मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना बेहद जरूरी है। मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी एएनएम गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करें। गृहभ्रमण व जांच के दौरान उच्च जोखिम युक्त लक्षण पाए जाने पर तुरंत गर्भवती महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज व चिकित्सीय परामर्श के लिए संदर्भित करें।सीएचसी पर माह के 1, 9, 16 व 24 तारीख में आयोजित होने वाले एचआरपी क्लिनिक दिवस में दी जाने वाली निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सेवा तथा अन्य सेवाओं को दिलवाना सुनिश्चित करें। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव तथा प्रसव के तुरंत बाद विटामिन के, ओपीवी, हेपेटाइटिस बी तथा बीसीजी का टीका बहुत जरूरी है, इसके साथ-साथ 5 साल तक के बच्चों में दी जाने वाली सभी वैक्सीन की खुराक को समयबद्ध रूप से दे। बीएमसी सूर्यदेव सिंह ने एएनएम से पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान तारामती, रेश्मा शर्मा, गुंजन मिश्रा, शालिनी, राहुल, मनोज, राजीव त्रिपाठी, रीना, बीना आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा संभल

**बस्ती।** कांग्रेस पार्टी श्रम प्रकोष्ठ का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को संभल जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम संभल के हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों के मुलाकात करेगी। यह जानकारी कांग्रेस पार्टी श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवानंद पाण्डेय ने दी। उन्होने कहा बस्ती से वे स्वयं और जिलाध्यक्ष अब्दुल समद मंगलवार को संभल रवाना होंगे। संभल पहुंचकर घटना के बारे में विस्तार से जानकारी जुटाई जायेगी और पार्टी नेतृत्व को इससे अवगत कराया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने वृहद गौशाला का किया निरीक्षण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बृहद गौशाला, धनगढ़िया, विकास खण्ड शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 167 गौवंश थे जो क्षमता से बहुत कम था। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। पीने के पानी के उपर शेड नही था शेड बनवाने का निर्देश दिया। सोलर खराब था जिसे बनवाने का निर्देश दिया गया। भूसा रजिस्टर को मांगने पर रजिस्टर केन्द्र पर नही रखा था, बताया गया कि रजिस्टर सचिव के घर पर है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा नेपियन घास को बोने के लिए निर्देश दिया। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ठंड से बचाव के लिए गौवंश हेतु तिरपाल एवं अन्य व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गौवंश के लिए हरा चारा, भूसा, पशुआहार की व्यवस्था होनी चाहिए।



## क्या 1971 का मंजर याद नहीं

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कातिलाना हमले और उनके मंदिरों को तोड़ने, आग लगा देने की घटनाओं पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर संसद के दोनों सदनों में वक्तव्य देंगे। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सामने भी मंत्रालय बांग्लादेश की घटनाओं का खुलासा करेगा। क्या बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात और हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचारों पर भारत सरकार का यह रुख ही पर्याप्त है? क्या प्रधानमंत्री मोदी को वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस से सख्त लहजे में बात नहीं करनी चाहिए? क्या बांग्लादेश को 1971 की याद नहीं दिलानी चाहिए? हम नहीं जानते कि कूटनीति क्या कहती है, लेकिन हम वहां के हिंदुओं के अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं। बांग्ला हिंदू भी बुनियादी तौर पर 'भारतीय' ही हैं। चिंतित सरोकार तो यह है कि यूनुस मौजूदा घटनाओं और हत्याओं को 'हिंदू अत्याचार' मानते ही नहीं! बांग्लादेश की सड़कों पर जो बेखौफ भीड़ दिखाई देती है, हिंदुओं को मारने-काटने के जो नारे बुलंद किए जा रहे हैं, रात में हिंदुओं के घरों में घुसकर सेना और पुलिस जो यातनाएं दे रही हैं, अपहरण-धर्मांतरण किए जा रहे हैं, मंदिरों में देवी-देवताओं की जिस तरह प्रतिमाएं खंडित की जा रही हैं, क्या वे खुद हिंदू ही कर रहे हैं? भारत के हिंदू हों या बांग्लादेश में बसे हिंदू हों, सभी सनातनी संस्कृति के आस्थावान समुदाय हैं। उनके जीवन और धार्मिक स्वतंत्रता की सुरक्षा करना प्रधानमंत्री मोदी का ही समान दायित्व है। यह बांग्लादेश का आंतरिक मामला नहीं है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह का राज्यसभा में दिया यह बयान बिल्कुल गलत है कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की रक्षा करना वहां की सरकार की जिम्मेदारी है। वहां के कट्टरपंथी तो बांग्लादेश को हिंदू-मुक्त करना चाहते हैं।

वे ऐसे ऐलान भी करते रहे हैं। स्थानीय विश्वविद्यालयों से हिंदू प्रोफेसरों को जबरन निकाला जाता रहा है। वहां की सरकार खामोश, कन्नी काट कर बैठी रहेगी, तो क्या भारत सरकार भी तटस्थ बनी रहेगी? शायद बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को याद नहीं है कि 1971 में पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश बनाने में भारत का निर्णायक योगदान था। यदि भारतीय सेना तत्कालीन 'मुक्तिवाहिनी' के आंदोलन के साथ न जुड़ती, तो शायद बांग्लादेश ही न बनता! बेखौफ, बेलगाम घूमती कट्टरपंथी जमात को यह इतिहास पढ़ाया जाना चाहिए। बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को यह भी याद नहीं होगा कि जब 'बांग्लादेश' बन रहा था, तब चारों ओर भुखमरी, गरीबी के ही हालात थे। उस दौर में 'इस्कॉन' ने ही रोजाना लाखों लोगों को भोजन मुहैया कराया था। भारत में भी करीब 12,000 बांग्लादेशियों को हर रोज खाना खिलाया गया था। आज भी बांग्लादेश में 'इस्कॉन' 77 मंदिरों का संचालन कर रहा है और 75,000 से अधिक उसके अनुयायी हैं। तब प्रख्यात सितारवादक पंडित रवि शंकर ने एक अन्य विदेशी संगीतकार के साथ मिल कर न्यूयॉर्क में कंसर्ट किया था, जिससे बांग्लादेश के लिए 100 करोड़ रुपए जुटाए गए थे। क्या बांग्लादेशी उस एहसान की कीमत चुका सकते हैं? क्या उसी 'इस्कॉन' को हिंदू-विरोधी जमात 'आतंकवादी' करार देगी? यह तो संतोष की बात है और उसके लिए अदालत के नीर-क्षीर विवेक का आभार व्यक्त करना चाहिए कि ढाका उच्च न्यायालय ने 'इस्कॉन' पर प्रतिबंध लगाने से इंकार कर दिया और हुकूमत समर्थित याचिका को खारिज कर दिया। बहरहाल, हिंदुओं की सुरक्षा की सबसे अधिक जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है।

## आप बिगबॉस क्यों देखते हैं?



दिलीप पाठक

बिग बॉस कि इतनी लोकप्रियता थी, कि मैंने एक - दो एपिसोड कई साल पहले दो - चार मिनट के लिए देखा था..मुझे भी शुरू में लगा था कि बनावटी दुनिया के लोगों की एक सच्ची जिंदगी की झलकियां होगी लेकिन तब ही भ्रम दूर हो गया. बहुत ही बकवास है और इसे देखने वाले एकदम फालतू जिनके पास सोचने विचारने के लिए कोई काम ही नहीं बचा. मुझे इतना वाहियात लगा था, कि मुझसे झेला नहीं गया. हद्द दर्जे का फूहड़पना किसी भी नॉर्मल इंसान के लिए तो नहीं हो सकता. मेरे लिए वो किसी ट्रॉमा से कम नहीं था. फिर भी कभी - कभार मुझे एक बात आज भी परेशान करती है... ये शो आज भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय शो है! जाहिर है बहुत लोग देखते हैं हैं लेकिन मैं पूछना चाहता हूं आप देखने वाले यह शो क्यों देखते हैं?

इसमे सब कुछ स्क्रिप्टिड होता है, कब कौन क्या बोलेगा. कब किससे कौन भिड़ेगा. बुलिंग, गाली, फूहड़ता, अश्लीलता... प्रतिभागी, एक - दूसरे पर फब्तियाँ कसते हैं, कई तो एक दूसरे को चोट भी पहुंचाते हैं. क्या लड़की - क्या लड़का सारे के सारे एक दूसरे को पीछे छोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए आतुर रहते हैं. यह सब इस शो को स्तरहीन बनाता है। यूं तो शो को घर जैसे बनाया जाता है, वहीं प्रतिभागी सारे के सारे सस्ती लोकप्रियता के भूखे होते हैं. सब के सब प्रतिभागी ऐसे लगते हैं, जैसे अभी-अभी इन्हें मानसिक हस्पताल से यहीं शिफ्ट किया गया है. बिग बॉस में बने रहने के लिए ऊलूल - जलूल हरकतें जिसे देखकर सामान्य बुद्धि का इंसान अचंभित हो जाए कि यह प्रतिभागी इतना क्यों चिल्ला रहा है? ऐसे लगता है जैसे इसकी पूंछ किसी के पैर के नीचे आ गई है..

एक दिन मेरे मोबाइल पर अचानक एक क्लिप चली जिसमें एक प्रतिभागी दूसरे से पूछता है - क्या चल रहा है सर आपकी लाइफ में? दूसरा प्रतिभागी जवाब देता है - ज़िन्दगी में सबकुछ ठीक चल रहा होता तो मैं यहाँ बिग बॉस में थोड़ा ही होता.. मतलब साफ़ है कि प्रतिभागी सस्ती लोकप्रियता के लिए बिग बॉस में आना पसन्द करते हैं. मुझे हैरत होती है इसे नॉर्मल इंसान देख भी कैसे सकता है? बिग बॉस जैसे बकवास शो को देखने वालों को सस्ता नशा दिया जा रहा है.. जो भी इसके दर्शक हैं, उन्हें सचमुच इलाज की ज़रूरत है.

शायद स्क्रिप्टिड होता है सबकुछ तब ही इसके प्रतिभागी अपनी निजी जिन्दगी के चटकारे भी परोसते हैं.. ये सब बातें आसान नहीं होतीं हालांकि बहुतेरे प्रतिभागी सस्ती लोकप्रियता के लिए शो की टीआरपी के लिए बोल तो देते हैं, लेकिन बाद में उनकी निजी ज़िन्दगी प्रभावित होती है. समाज, परिवार की आलोचना झेलनी पड़ती है.. इससे कई पूर्व प्रतिभागी मानसिक समस्याओं से जूझ चुके हैं... क्या बिग बॉस यह सोचता होगा? सीधा ज़वाब है बिल्कुल नहीं! बिग बॉस यह भी कहता है कि हम वही दिखाते हैं जो समाज को अच्छा लगता है. फिर सोचता हूं अब असल ज़िन्दगी में भी तो बहुतेरे लोग ऐसे ही होते हैं, हुड़दंग, फूहड़ता अतिवाद अपनी तरफ़ खींच ले जाता है... जबकि सभ्य बातें बकवास लगती हैं कुछ न कुछ सनसनीखेज़ होते रहना चाहिए. हमारा समाज़ इतना ज्यादा उत्सवधर्मी हैं, कि चटकारे बिना हमारी ज़िन्दगी ही बेरंग महसूस होती है. यही कारण है कि बिग बॉस की लोकप्रियता अपने उरूज़ पर है जो हमारे समाज की हकीक़त को बखूबी बयां करता है।

बिग बॉस का कहना है, कि इसमे प्रतिभागी वही हो सकता है! जिसने समाज को प्रभावित किया हो! सुनकर बहुत हास्यापद लगा. बिगबॉस में आजतक मुझे ऐसा कोई प्रतिभागी नहीं दिखा जिस का समाज पर कोई सकारात्मक प्रभाव रहा हो... मतलब बिगबॉस के प्रतिभागी बनने के लिए फेमस होना जरूरी है.... प्रसिद्धि का कारण जो भी हो....बिग बॉस में मैंने आजतक किसी भी ऐसे प्रतिभागी को नहीं देखा जिसने वैश्विक परिदृश्य में भारत का नाम रोशन किया हो..कुछ अपवाद हो तो कुछ कहा नहीं जा सकता. ऐसे ही भजन गायक अनूप जलोटा एक बार अपनी एक शिष्या के साथ बिग बॉस पहुंचे वहाँ रंग दिया गया कि यह लड़की अनूप जलोटा की प्रेमिका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**निर्माण, परिवहन और सूचना एवं संचार के ईकोसिस्टम में प्रदान की गई सुगमता के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों का पूर्ण समावेशन और समान भागीदारी नितांत आवश्यक है। बाधाएँ न केवल उन लोगों के लिए मौजूद हैं जिन्हें जन्म से या जीवन के शुरुआती दौर में दिव्यांगता है, बल्कि बुजुर्गों के लिए भी, जो सुनने, देखने, गतिशीलता या मैनुअल कौशल में कमी का अनुभव कर सकते हैं, और ये कठिनाइयाँ सुलभ बुनियादी ढाँचे की माँग कर सकती हैं।**

# सुगम्य भारत अभियान : सार्वभौमिक सुगमता कार्यान्वयन

**डॉ अंजली अग्रवाल**

सुगमता एक दिव्यांगों के लिए समावेशी दुनिया के निर्माण में पहली आवश्यकता है। पहुँच सुनिश्चित किए बिना, दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान किए गए अन्य सभी अधिकार अर्थहीन हो जाते हैं। दुनिया को दिव्यांगता-समावेशी बनाने के लिए आवश्यक है : (1) जो अतीत की त्रुटियों को सुधारता है और (2) जो भविष्य की योजना बनाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अतीत की त्रुटियाँ दोहराई नहीं जाती हैं और अतीत की त्रुटियों को सुधारने के लिए, पूर्व में निर्मित दुर्गम वातावरण का नवीनीकरण और पुनर्निर्माण करना और उसे सुलभ बनाना समय की आवश्यकता है।

निर्माण, परिवहन और सूचना एवं संचार के ईकोसिस्टम में प्रदान की गई सुगमता के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों का पूर्ण समावेशन और समान भागीदारी नितांत आवश्यक है। बाधाएँ न केवल उन लोगों के लिए मौजूद हैं जिन्हें जन्म से या जीवन के शुरुआती दौर में दिव्यांगता है, बल्कि बुजुर्गों के लिए भी, जो सुनने, देखने, गतिशीलता या मैनुअल कौशल में कमी का अनुभव कर सकते हैं; और ये कठिनाइयाँ सुलभ बुनियादी ढाँचे की माँग कर सकती हैं।




**उद्देश्य :** सभी नागरिकों, जिसमें बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्ति शामिल हैं, के लिए सार्वभौमिक सुगमता (पहुँच) प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का एक राष्ट्रव्यापी प्रमुख अभियान, सुगम्य भारत अभियान, 3 दिसंबर, 2015 को शुरू किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य भारत की 15 फीसदी आबादी, जिनमें किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता है, द्वारा सामना की जाने वाली अप्राप्यता को दूर करना है। यह तीन क्षेत्रों पर केंद्रित है : निर्मित पर्यावरण में पहुँच, परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र और सूचना और संचार प्रौद्योगिकियाँ (आईसीटी)। यह देश में सार्वभौमिक पहुँच के कार्यान्वयन को 'सुगम्य भारतः सशक्त भारत' के मिशन के साथ अनिवार्य करता है।

**एक्शन :** वर्ष 2016 में, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगता वाले विशेषज्ञों और सुगमता पर काम करने वाले लोगों के साथ एक संचालन समिति का गठन किया और सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से सुगमता कार्यान्वयन के लिए लक्ष्यों और समय-सीमा के साथ एक रणनीति पत्र विकसित किया। विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई के लिए सुलभ नहीं होने वाली साइटों और भवनों की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पोर्टल और ऐप भी विकसित किया गया था। यह अभियान, अधिनियम, 2016 के सुगमता के नियमों दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के अध्याय इन्द्ध, पहुँच और धारा 15, के साथ तालमेल बिठाता है। सुगमता ऑडिट, दिशानिर्देशों का विकास, कोड और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशालाएँ करना अभियान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए की गई कुछ गतिविधियाँ हैं।

**समारोह :** दिनांक 3 दिसंबर, 2024 को अभियान के शुरू होने के 9 वर्षों के बाद, यह दृढ़ता से महसूस किया गया है कि यद्यपि कानून के अनुसार सुगमता अनिवार्य है और अभियान ने जागरूकता बढ़ाई है व हितधारकों और सेवा प्रदाताओं के रवैये को बदल दिया है। हालाँकि, कई अधिकारियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में सुगम्य वातावरण को लागू और सुदृढ़ करना बाकी है। इसके लिए, हम सभी को सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय सुगमता मानकों और सार्वभौमिक डिजाइन के सिद्धांतों को अपनाना, लागू करना, निगरानी करना और लागू करना÷ चाहिए, जिससे सभी को लाभ होता है।

**भविष्य :** इसलिए, सुगम्य भारत अभियान दिव्यांग व्यक्तियों को स्वतंत्र रूप से जीने और जीवन के सभी पहलुओं में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए सार्वभौमिक सुगमता को बढ़ाने और कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनता के लिए खुली/प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं और सेवाओं के लिए दूसरों के साथ समान आधार पर उनकी समान पहुँच भी सुनिश्चित करेगा।

**भागीदारी :** समावेशन और सशक्तिकरण में बाधाओं को दूर करने के लिए सुलभ बुनियादी ढाँचा प्रदान करने में निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों दोनों को भूमिका निभानी है। हम व्यवसायों और कॉर्पोरेट संस्थानों, केंद्र और राज्य सरकार, दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगों की संस्थाओं (ओपीडी), नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ), गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) और अन्य सभी से हमारे सार्वजनिक और निजी भवनों, परिवहन बुनियादी ढाँचे और डिजिटल दुनिया को जल्द से जल्द सुगम बनाने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान करते हैं। यह किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना और अधिकार को वास्तविक बनाना की गारंटी देगा!

# सुगम्य भारत अभियान : नौ वर्षों की प्रगति की झलक और आगे की राह

**अरमान अली**

**मुझे राज्यों के मुख्य सचिवों द्वारा बुलाई गई कई उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लेने की बातें याद हैं। उन बैठकों में विभागों को प्रगति की निगरानी करने और अपने-अपने क्षेत्रों में सुगम्यता उपायों को अपडेट करने का काम सौंपा गया था। इन सत्रों ने सरकार के इरादे की गंभीरता को सुदृढ़ किया और ऐसी परिवर्तनकारी पहल के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। चंडीगढ़ जैसे शहर जो अपनी बेहतर शहरी योजना के लिए जाने जाते हैं और भुवनेश्वर जो अपनी सुलभता पहल के लिए प्रसिद्ध हैं, इस अभियान के प्रेरक उदाहरण के रूप में उभरे कि इस अभियान द्वारा क्या हासिल किया जा सकता है।**

इससे बेहतर संयोग नहीं हो सकता है, जैसे ही हम अति महत्वाकांक्षी सुगम्य भारत अभियान (सुगम्य भारत अभियान) के नौ साल पूरे होने का उत्सव मनाने, विश्लेषण करने और उस पर विचार करने की तैयारी कर रहे हैं, ठीक उसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया जो इसके उद्देश्य को मजबूत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 नवंबर को केंद्र सरकार को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 40 के तहत अनिवार्य नियम बनाने का निर्देश दिया। यह निर्देश जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक स्थान और सेवाएं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों, भारत की समावेशिता की खोज को नया प्रोत्साहन प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2015 में उत्साह और दूरदर्शिता के साथ सुगम्य भारत अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य देशभर में दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित और सुखद/अनुकूल वातावरण तैयार करना है। साथ ही परिवहन प्रणालियों और सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र में पहुंच सुनिश्चित करना है। यह अपनी तरह का पहला राष्ट्रव्यापी प्रयास था, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से टियर 1 शहरों में 50 सबसे महत्वपूर्ण भवनों और टियर 2 शहरों में 25 प्रमुख भवनों को पूर्ण रूप से सुगम्यता के लिए लक्षित किया गया था।

मुझे राज्यों के मुख्य सचिवों द्वारा बुलाई गई कई उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लेने की बातें याद हैं। उन बैठकों में विभागों को प्रगति की निगरानी करने और अपने-अपने क्षेत्रों में सुगम्यता उपायों को अपडेट करने का काम सौंपा गया था। इन सत्रों ने सरकार के इरादे की गंभीरता को सुदृढ़ किया और ऐसी परिवर्तनकारी पहल के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। चंडीगढ़ जैसे शहर जो अपनी बेहतर शहरी योजना के लिए जाने जाते हैं और भुवनेश्वर जो अपनी सुलभता पहल के लिए प्रसिद्ध हैं, इस अभियान के प्रेरक उदाहरण के रूप में उभरे कि इस अभियान द्वारा क्या हासिल किया जा सकता है।



फिर भी अपने अभूतपूर्व दृष्टिकोण के बावजूद इस अभियान को विशेष रूप से राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सुगम्यता राज्य का विषय है, ऐसे में इसके कारण कार्यान्वयन का अधिकांश बोझ राज्यों पर पड़ता है, जिनमें से कई राज्यों को महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सीमित जवाबदेही तंत्र और केंद्र व राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी ने प्रगति को और बाधित किया। अभियान के महत्वाकांक्षी लक्ष्य कई क्षेत्रों में पूरे नहीं हुए जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को फिर से तैयार करना और डिजिटल पहुंच को बढ़ावा देना। समय पर सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से इस मिशन में नई तात्कालिकता आ गई। सिफारिशों को कानूनी अधिदेशों में परिवर्तित करके कोर्ट का निर्णय यह सुनिश्चित करता है कि सुगम्य भारत अभियान को गति खोने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**आगे बढ़ने को लेकर व्यक्तिगत दृष्टिकोण :** अभियान की यात्रा पर विचार करते हुए मेरा मानना है कि सुगम्य भारत 2.0 को स्वच्छ भारत अभियान जैसी सफल पहल के समान एक मिशन-मोड दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इसके दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए मजबूत हितधारक जुड़ाव, स्पष्ट जवाबदेही तंत्र और प्राप्त करने योग्य समयसीमा महत्वपूर्ण हैं। प्रोत्साहन परिवर्तन के प्रमुख संचालक होंगे। उदाहरण के लिए विश्वविद्यालय एनएएसी मान्यता के लिए सुगम्यता को एक मानदंड बना सकते हैं, जबकि उद्योग, स्थानीय सरकार और सार्वजनिक संस्थानों को सार्वभौमिक डिजाइन सिद्धांतों को अपनाने के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है।

अभियान का फोकस भौतिक बुनियादी ढांचे से लेकर उत्पादों, सेवाओं और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तक होना चाहिए। निजी क्षेत्र में सरकारी प्रयासों को पूरा करने की अपार संभावनाएं हैं। कंपनियां अपने कार्यालयों, उत्पादों और सेवाओं में समावेशी डिजाइन सिद्धांतों को अपना सकती हैं, जबकि दिव्यांग लोगों के संगठन (डीपीओ) के साथ साझेदारी दिव्यांग लोगों की जरूरतों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि या जानकारी प्रदान कर सकती है। सुगम्यता को सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यावसायिक रणनीति दोनों के रूप में पहचानना परिवर्तनकारी होगा।

**चिंतन से कार्रवाई तक :** नौ वर्षों के सुगम्य भारत अभियान ने एक मजबूत नींव रखी है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ने का एक स्पष्ट आह्वान है, जिससे सुगम्यता को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गई है। सफलता के लिए हमें हर स्तर पर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को श्रेणीबद्ध तरीके से रणनीति बनानी चाहिए, नागरिक समाज संगठनों को इसे बढ़ावा देना चाहिए, निजी क्षेत्र को नवाचार करना चाहिए और सुगम्यता में निवेश करना चाहिए। साथ ही मीडिया को इन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने पिछले कुछ वर्षों में सुगम्य भारत अभियान को विकसित होते देखा है, मैं इसकी क्षमता के प्रति काफी आशान्वित हूं। कार्यान्वयन, हितधारक गठबंधन और सतत प्रगति पर अधिक ध्यान देने के साथ सुगम्य भारत 2.0 एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन सकता है। एक ऐसे भारत का सपना जहां सुगम्यता केवल एक आदर्श नहीं है बल्कि सभी के लिए एक वास्तविकता है - अगर हम दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ इस क्षण का लाभ उठाते हैं।

# दिव्यांगों की उपेक्षा मानवता पर कलंक

**पूरी दुनिया में एक अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। अधिकांश देशों में हर दस व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग हैं। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं।**

हर वर्ष 3 दिसंबर का दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों को समर्पित है। वर्ष 1976 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा के द्वारा विकलांगजनों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया गया और वर्ष 1981 से अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की विधिवत शुरुआत हुई। साल 2024 में विकलांग दिवस का विषय है, एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना। यह विषय विकलांग व्यक्तियों की भूमिका को मान्यता देता है, जो सभी के लिए एक समावेशी और टिकाऊ दुनिया बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही, यह निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में विकलांग व्यक्तियों की भागीदारी पर भी ज़ोर देता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विकलांगता के मुद्दों की समझ को बढ़ावा देना और विकलांग व्यक्तियों की गरिमा, अधिकारों और कल्याण के लिए समर्थन जुटाना है। यह राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में विकलांग व्यक्तियों के एकीकरण से प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास करता है।



ललित गर्ग

विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने और उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने के लिये एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल सरकारें बल्कि आम जनता में भी विकलांगों के प्रति जागरूकता का माहौल बना है। समाज में उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिये और उनकी सहायता के लिये एक साथ होने की जरूरत है। विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकलांगों को विकलांग नहीं कहकर दिव्यांग कहने का प्रचलन शुरू कर एक नयी सोच को जन्म दिया है। हमें इस बिरादरी को जीवन की मुस्कुराहट देनी है, न कि हेय समझना है। विकलांगता एक ऐसी परिस्थिति है जिससे हम चाह कर भी पीछा नहीं छुड़ा सकते। एक आम आदमी छोटी-छोटी बातों पर झुंझला उठता है तो जरा सोचिये उन बदकिस्मत लोगों का जिनका खुद का शरीर उनका साथ छोड़ देता है, फिर भी जीना कैसे है, कोई इनसे सीखे। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। ऐसे लोगों ने विकलांगता को अभिशाप नहीं, वरदान साबित किया है।



पूरी दुनिया में एक अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। अधिकांश देशों में हर दस व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग हैं। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है? क्या इन लोगों के लिए यह दुनिया नहीं है? इन विकलांगों में सबसे बड़ी बात यही होती है कि ये स्वयं को कभी लाचार नहीं मानते। वे यही चाहते हैं कि उन्हें अक्षम न माना जाए। उनसे सामान्य तरह से व्यवहार किया जाए। पर क्या यह संभव है?

प्रश्न यह भी है कि विकलांग लोगों को बेसहारा और अछूत क्यों समझा जाता है? उनकी भी दो आँखें, दो कान, दो हाथ और दो पैर हैं और अगर इनमें से अगर कोई अंग काम नहीं करता तो इसमें इनकी क्या गलती? यह तो नसीब का खेल है। इंसान तो फिर भी कहलायेंगे, जानवर नहीं। फिर इनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव कहां तक उचित है? किसी के पास पैसे की कमी है, किसी के पास खुशियों की, किसी के पास काम की तो अगर वैसे ही इनके शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक या बौद्धिक विकास में किसी तरह की कमी है तो क्या हुआ है? कमी तो सबमें कुछ-न-कुछ है ही, तो इन्हें अलग नजरों से क्यों देखा जाए? परिपूर्ण यानी सामान्य मनुष्य समाज की यह विडम्बना है कि वे अपंग एवं विकलांग लोगों को हेय की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन विकलांग लोगों से हम मुंह नहीं चुरा सकते क्योंकि आज भी कहीं-न-कहीं हम जैसे इन्हें हीन भावना का शिकार बना रहे हैं, उनकी कमजोरी का मजाक उड़ा कर उन्हें और कमजोर बना रहे हैं। उन्हें दया से देखने के बजाय उनकी मदद करें, आखिर उन्हें भी जीने का पूरा हक है और यह तभी मुमकिन है जब आम आदमी इन्हें आम बनने दें। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

कहते हैं जब सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं तो भगवान एक खिड़की खोल देता है, लेकिन अक्सर हम बंद हुए दरवाजे की ओर इतनी देर तक देखते रह जाते हैं कि खुली हुई खिड़की की ओर हमारी दृष्टि भी नहीं जाती। ऐसी परिस्थिति में जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से असंभव को संभव बना देते हैं, वो अमर हो जाते हैं। दृढ़ संकल्प वह महान शक्ति है जो मानव की आंतरिक शक्तियों को विकसित कर प्रगति पथ पर सफलता की इबारत लिखती है। मनुष्य के मजबूत इरादे दृष्टि दोष, मूक तथा बधिरता को भी परास्त कर देते हैं। अनगिनत लोगों की प्रेरणास्रोत, नारी जाति का गौरव मिस हेलेन केलर शरीर से अपंग थी, पर मन से समर्थ महिला थीं। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने दृष्टिबाधिता, मूक तथा बधिरता को पराजित कर नई प्रेरणा शक्ति को जन्म दिया। सुलिवान उनकी शिक्षिका ही नही, वरन् जीवन संगनी जैसे थीं। उनकी सहायता से ही हेलेन केलर ने टालस्टाय, कार्लमार्क्स, नीत्शे, रविन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी और अरस्तू जैसे विचारकों के साहित्य को पढ़ा। हेलेन केलर ने ब्रेल लिपि में कई पुस्तकों का अनुवाद किया और मौलिक ग्रंथ भी लिखे। उनके द्वारा लिखित आत्मकथा 'मेरी जीवन कहानी' संसार की 50 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

# 25 जिलों के धार्मिक स्थलों की राह होगी आसान, 72 मार्गों का होगा जीर्णोद्धार

अधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्गों का कायाकल्प करने की योजना पर लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू कर दिया है। पर्यटन विभाग की सिफारिश पर लोक निर्माण विभाग ने फिलहाल 72 मार्गों को चौड़ा व नवीनीकरण करने के लिए चिह्नित किया है। इन पर 1482.93 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने धार्मिक स्थलों के मार्गों को दुरुस्त करने के लिए 1750 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।



घरेलू पर्यटकों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश लगातार दो वर्षों से देश में पहले स्थान पर चल रहा है। प्रदेश में पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। इस वर्ष यह संख्या और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन विभाग की भूमिका अहम होगी।

यही वजह है कि मुख्यमंत्री खुद प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने की कोशिश में लगे हैं। इसके लिए ईको-पर्यटन के साथ-साथ सरकार ने प्रदेश में आध्यात्मिक व धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देने की तैयारी शुरू कर दी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अगले वर्ष जनवरी माह में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में भी 40 करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद की जा रही है। सरकार इस मौके को गवाना नहीं चाहती है। इसीलिए महाकुंभ के आयोजन को लेकर भारत सहित अन्य देशों में भी प्रचार किया जा रहा है।

**■ महाकुंभ में 40 करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद, रोडमैप तैयार**

मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्गों को सही करने के लिए पर्यटन विभाग से प्रस्ताव मांगा था। पर्यटन विभाग से मिले प्रस्तावों को लेकर लोक निर्माण विभाग ने फिलहाल 72 मार्गों को चिह्नित किया है। इन्हें धार्मिक मार्गों की योजना के तहत पहले चरण में सही किया जाएगा।

मथुरा के (10), आगरा (01), अयोध्या (02), बाराबंकी (01), सुलतानपुर (01), आजमगढ़ (01), बलिया (04), चित्रकूट (07), बस्ती (04), संत कबीर नगर (03), श्रावस्ती (02), बहराइच (01), गोंडा (03), बलरामपुर (01), महराजगंज (03), जालौन (01), फर्रुखाबाद (05), हरदोई (01), बुंलदशहर (04), बागपत (03), गाजियाबाद (02), मेरठ (03), मीरजापुर (03), रामपुर में (03) व प्रतापगढ़ के (03) धार्मिक मार्ग शामिल हैं। इन्हें चौड़ा करने व इनके नवीनीकरण पर 1482.93 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव विभाग ने तैयार कर शासन को भेजा है। इनमें 24 मार्ग इस प्रकार के हैं, जो लोक निर्माण विभाग की किसी भी योजना में शामिल नहीं थे।

## छात्र को डराकर साइबर ठगों ने ठगे 41 हजार

**प्रयागराज।** साइबर ठगों ने अब एक प्रतियोगी छात्र को निशाना बनाया है। प्रतियोगी छात्र को धमकी दी गई कि उसे मनी लॉड्रिंग और मानव तस्करी में फंसा दिया जाएगा। डराने के बाद बार साइबर शातिरों ने प्रतियोगी छात्र से हजारों रुपये की ठगी कर ली। छात्र ने कर्नलगंज थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंडा के पहड़वा के रहने वाले ऋषभ जायसवाल ने कर्नलगंज थाने की पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि वह प्रयागराज में सलोरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। उसके पास अंजान मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम मनी लान्ड्रिंग एवं मानव तस्करी के केस में शामिल हो। इसका पूरा साक्ष्य है। तुम्हें जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता। छात्र को पुलिस अधिकारी बनकर डराया गया। इसके बाद छात्र के अकाउंट से बारी बारी रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।

# संभल जाने से रोकने पर कांग्रेसियों और पुलिस में हुई झड़प

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे हैं। पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया। कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के अलावा दो गाड़ी पीएसी भी बुलाई गई थी।

संभल जाने से रोकने पर कार्यकर्ताओं और पुलिस में हल्की झड़प भी देखने को मिली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभल जाकर वहां की स्थिति की अपने स्तर पर जांच करेंगे। यह भी खुलासा करेंगे कि पुलिस प्रशासन के लोग किस तरह से गलत जांच रिपोर्ट पेश करते हैं।

**■ अजय राय बोले- प्रतिबंध हटने के बाद जाएंगे**

अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभाल जाकर वहां की स्थिति का अपने स्तर पर जांच करेंगे और यह भी खुलासा करेंगे कि पुलिस प्रशासन के लोग किस तरह से गलत जांच रिपोर्ट पेश करते हैं। कांग्रेस ने इसकी तैयारी पहले से कर ली थी। रविवार की रात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यालय में ही रात बिताई। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से नेता रविवार की शाम को ही लखनऊ पहुंच गए थे, ताकि सभी सोमवार की सुबह एक साथ रवाना हो सकें। संभल जाने के लिए निकलने से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी कार्यालय पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह संभल जाने के लिए निकले। पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया। उधर प्रशासन ने दस दिसंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा के कई नेताओं ने वहां जाने के कोशिश की थी।

## अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाया गया उर्स-ए-पाक

**आजमगढ़।** हर साल कि तरह इस साल भी मोहल्ला दलाल घाट स्थित हजरत मौलाना याकूब रहमतुल्लाह अलैह का 135 वां उर्स ए पाक बड़े ही अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाया गया । इस मौके पर मोहल्ला जालंधरी स्थित स्वरूअंसार अहमद के आवास से चादर व गागर का जुलूस निकाला गया। जो मोहल्ला जालंधरी होते हुए, टेढिया मस्जिद, बाज बहादुर, कोट, होते हुए मोहल्ला दलाल घाट स्थित हजरत मौलाना याकूब रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादर पोशी की गई।आये हुए भक्तों जायरीनों ने मजार पर चादर चढ़ाई फातेहा व दरूद पढ़े और मिष्ठान चढाए गये। उर्से ए पाक के खादिम शकील अहमद ने कहा कि उर्से ए पाक में दूरदराज से यहां लोग आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं पूरी होने पर मिष्ठान अथवा चादर भी चढ़ाते हैं,देर शाम लंगर खाने एवं जल्से का कार्यक्रम के बाद कव्वाली का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चला।

# हमारे देश के विद्वानों की ख्याति देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में है

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मौलाना आज़ाद इन्स्टीट्यूट ऑफह्यूमनिटीज़, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (प्रस्तावित मौलाना आज़ाद रूरल विष्वविद्यालय), महमूदाबाद, सीतापुर के प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें देष के प्रमुख चिकित्सक एवं वैज्ञानिकों को उनके द्वारा अपने अपने क्षेत्र में की गयी सेवाओं के लिए सम्मानित कया गया।

समारोह का प्रारम्भ हिन्दु, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं बौद्व धर्म के धर्मगुरूओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर, किया गया। इसके बाद' सारे जहॉ से अच्छा हिन्दोस्तॉ हमारा', राष्ट्रीय गीत गाया गया। सम्मानित होने वालों में प्रो अब्बास अली मेहदी, कुलपति ऐरा विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रो0 सूर्यकान्त त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, प्रो रवीन्द्र कुमार गर्ग, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी विभाग, किंग जार्ज मेडिकल





यूनिवर्सिटी, लखनऊ एवं डॉ0 मोहम्मद इक्तेदार हुसैन फ़ारूक़ी प्रख्यात वैज्ञानिक हैं जिन्होंने वाणिज्यिक और औषधीय महत्व के पादप उत्पादों पर सहरानीय शोध किया है एवं राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के उपनिदेषक रहे हैं, शामिल हैं। इन सभी ने विज्ञान जगत में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। इनकी ख्याति केवल देष में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। हाल ही में प्रो0 अब्बास अली मेहदी, प्रो0 सूर्यकान्त त्रिपाठी एवं प्रो रवीन्द्र कुमार गर्ग को स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी की दुनिया के टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है जो देशवासियों के लिए बहुत ही गौरव एवं सम्मान की बात हैं।

इस शुभ अवसर पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपीठ के

**■ मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय का कैम्पस कॉलेज बनाया जाये : प्रो ऐनुल हसन**

वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी, डॉ नसीम ज़ैदी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कुलपति प्रो ऐनुल हसन जैसे गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

मौलाना आज़ाद इन्स्टीट्यूट ऑफ ह्यूमनिटीज़, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के संस्थापक सचिव डॉ अम्मार रिज़वी ने सम्मानित किये जाने वाले सभी चिकित्सक एवं वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है कि आज हमारे देश में ऐस भी विद्वान है जिनकी ख्याति न केवल देश में है बल्कि विदेश में भी है। डॉ0 रिज़वी ने कहा कि आज ज्ञान की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति एआर मसूदी जी ने डॉ0 अम्मार रिज़वी द्वारा क्षेत्र में शिक्षा के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा मुझे विश्वास है कि इस संस्था को विश्वविद्यालय बनाने में जो उनका प्रयास है वह बेकार नही जायेगा। प्रो0 ऐनुल हसन ने कहा कि हमारा महमूदाबाद से पुराना रिश्ता है यहा हमारे पिताजी के बड़े भाई रहा करते थे। मुझे यहां आकर बेहद खुशी हो रही है कि पिछले 15 वर्षो से यहां मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद का परीक्षा केन्द्र है। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास होगा कि यहां मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय का कैम्पस कॉलेज बन जाये। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ0 नसीम ज़ैदी ने डॉ0 अम्मार रिज़वी के प्रयासों की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डॉ0 रिज़वी, इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय बनाने का जो प्रयास कर रहे हैं, उन्हें एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्रो0 अब्बास अली मेहदी, प्रो0 सूर्यकान्त त्रिपाठी, प्रो0 रवीन्द्र कुमार गर्ग एवं डॉ0 मोहम्मद इक्तेदार हुसैन फ़ारूक़ी ने डॉ0 अम्मार रिज़वी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि आजकल ऐसे लोग कम मिलते हैं जो विद्वान और ज्ञान का सम्मान करते हैं। इन सभी ने कहा कि डॉ.0 रिज़वी साहब का विश्वविद्यालय बनाने का जो प्रयास है उसमें हम सब अपना पूरा पूरा सहयोग करेंगें। अन्त में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 विभा मिश्रा ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि संस्था शीघ्र ही एक विश्वविद्यालय बन जाये।

## वाह रे निगम! फुटपाथ अतिक्रमण तो हटा न सके, ऊपर से ध्वनि प्रदूषण और थोप दिया

**फिरोजाबाद।** पता नहीं फिरोजाबाद नगर निगम के रखवाले कौन सी किताबें पढ़कर आए हैं जिनके अनुसरण से आमजन को सुविधायें देने के बजाय शहरवासियों पर अतिक्रमण दर अतिक्रमण थोपा जा रहा है। आए दिन कभी कूड़े जलाने की आड़ में तो कभी पटाखे चलाने की आड़ में ध्वनि प्रदूषण के झरोखे भी झेलने पड़ते हैं। लेकिन सीटों पर बैठे साहब को कौन दिखाए और जिनके ऊपर फील्ड में भ्रमण की जिम्मेदारी है वह अपनी सीटों से उठना नहीं चाहते। कभी-कभार उठते भी हैं तो गांधी का वज़न देखने नहीं देता। यही वजह है कि अब अतिक्रमण, प्रदूषण के बाद निगम ने अब ध्वनि प्रदूषण भी शहरवासियों पर थोपना शुरू कर दिया है। जो सुबह-शाम न सिर्फ वाहनचालकों का ध्यान भटकाने में सहायक बन रहा है बल्कि पैदल चलने वालों को हॉर्न की आवाज़ भी सुनने से रोक रहा है। निगम को नगर पालिका से निगम में तब्दील हुए आज 10 वर्ष से अधिक का समय बीत गया लेकिन ग्रह कर, जल कर, जल मूल्य सहित अनेकों कर तो सामने जरूर आए लेकिन निगम जैसी सुविधाएं आज तक देखने को मिलती दिखायी नहीं देती हैं। स्मार्ट शहर के नाम पर स्मार्ट रोड की पब्लिक सिटी तो खूब की गयी लेकिन आज तक स्मार्ट रोड के मानक के अनुरूप नियमों का पालन करना तो बहुत दूर उल्टा तथाकथित स्मार्ट रोड बनाम एस0एन0 रोड की चौड़ायी और कम कर दी। निगम एवं सम्बन्धित विभाग की लापरवाहियों का नतीजा है कि आज बिना पार्किंग के चलने वाले बड़े-बड़े संस्थानों के कारण पूरा शहर जाम का दंश झेलते देखा जा सकता है। चलने के नाम पर रोड पर ही फुटपाथ बना दिए गए जिस पर पैदल यात्री तो चल नहीं पा रहे हैं अतिक्रमण जरूर खूब फल-फूलते नज़र आ रहे हैं। उपरोक्त तमाम अतिक्रमण से शहर की जनता पहले ही दो-चार होती आ रही थी अब ऊपर से जगह-जगह विज्ञापन, मेले आदि के धन्धों के नाम पर लाउडस्पीकरों को लगवाकर वायु प्रदूषण का अतिक्रमण और थोप दिया है। जो चलते राहगीरों को ध्यान भटकाने में भरपूर कारगर साबित हो रहा है जिसके चलते लोग न सिर्फ वाहनों की टक्कर के शिकार होते नज़र आ रहे हैं बल्कि लाउडस्पीकरों पर नज़र जाने के चक्कर में आपस में भिड़ते भी नज़र आ रहे हैं।

# दक्षिणांचल व पूर्वांचल के पीपीपी मॉडल का एआरआर में नहीं किया जिक्र

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की तरफ से गुपचुप तरीके से 30 नवंबर को देर रात्रि वर्ष 2023-24 का ट्रू-अप व वर्ष 2025-26 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) यानी बिजली दर का मसौदा विद्युत नियामक आयोग में सौंप दिया गया है जहां प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से लगभग 1 लाख 16हजार करोड की वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल की गई है वहीं वर्ष 2025 -26 के लिए बिजली कंपनियों के छोर पर लगभग 1 लाख 60 हजार मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता बताई गई है कुल बिजली खरीद की लागत लगभग 92 हजार से लेकर 95 हजार करोड के बीच है वही बिजली कंपनियों की तरफ से आरडीएसएस की वितरण हानियां 13.25 प्रतिसत को ही आधार

**■ बिजली दरों में 15 से 20 प्रतिसत बढोतरी आयोग से कराने की तैयारी**

माना गया है वही सभी बिजली कंपनियों का जो गैप यानी कुल घाटा वर्ष 2025 -26 के लिए आकलित किया गया है वह लगभग 12800 से 13000 करोड के बीच है पावर कारपोरेशन ने बडी चालाकी से बिजली दर का प्रस्ताव तो नहीं दिया लेकिन घाटे की भरपाई विद्युत नियामक आयोग पर छोड दिया है यानी कि यदि घाटे के एवज में विद्युत नियामक आयोग फैसला लेगा तो लगभग 15 से 20 प्रतिसत दरों में बढोतरी होगी। पावर कॉरपोरेशन की मंशा यदि साफ थी तो उसे वार्षिक राजस्व आवश्यकता में नो टेरिफ होईक लिखना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया क्योंकि वह चोर दरवाजे दरों में बढोतरी चाहता है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियों व पावर कारपोरेशन ने बहुत चालाकी से वर्ष 2025-26 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता में प्रदेश के उपभोक्ताओं का जो बिजली कंपनियों पर लगभग 33122 करोड सर प्लस निकल रहा था उसके। ,एवज में बिजली दरों में कमी का कोई भी प्रस्ताव नहीं दिया बल्कि सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह है कि प्रदेश के 42 जनपद वाले दक्षिणांचल व पूर्वांचल का जो निजीकरण रूपी पीपीपी मॉडल का फैसला लिया गया है उसके बारे में भी वार्षिक राजस्व आवश्यकता ए0आर0आर में कोई भी जिक्र नहीं किया गया है जो या सिद्ध करता है कि प्रदेश की बिजली कंपनियां नियामक आयोग को अंधेरे में रखकर तीर चला रही है।

## निजीकरण रोक कर आरक्षण पर हो रहे कुठाराघात को किया जाए समाप्त



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की तरफ से सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगे जाने के क्रम में आरक्षण बचाओ विभाग बचाओ अभियान के तहत आज दूसरे दिन पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में 9 सदसीय प्रतिनिधमंडल ने आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके आवाज पर मुलाकात की और एक ज्ञापन सौपते हुए उन्हें अवगत कराया कि वर्तमान में दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को ट्रिपल पी मॉडल के तहत निजी क्षेत्र में दिए जाने की तैयारी है जिससे प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्गो सहित आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग का आरक्षण स्वत समाप्त हो जाएगा संगठन ने कहा पहले पदोन्नतियों में आरक्षण छीना गया और अब नौकरियों में आरक्षण छीनने की तैयारी है प्रदेश के 42 जनपदों यानी कि आधे उत्तर प्रदेश में आने वाले समय में उजाले के विभाग में आरक्षण खत्म हो जाएगा जो अपने आप में चिंता का विषय है ऐसे में माननीय उपमुख्यमंत्री जी आप अपने स्तर से हस्तक्षेप कर निजीकरण को रोकने का कष्ट करें और साथ ही आरक्षण पर हो रहे कुठाराघात को रोकने हेतु उचित कदम उठाएं।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि में देहरी पूजन कर शौर्य दिवस मनायेगी आर्य महासभा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा आगामी छह दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर देहरी पूजन कर कई हिन्दूवादी संगठनों के साथ शौर्य दिवस मनायेगी। आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकार-वार्ता को सम्बोधित करते हुये बताया कि हजारों की संख्या में पहुंच रहे पार्टी कार्यकर्ता यमुना जी का जल लेकर छह दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि की देहरी पर जल अर्पण कर पूजन करेंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। देश के विभिन्न हिस्सों मथुरा के लिये कार्यकर्ताओं का पहुंचना षुरू हो चुका है और अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के पदाधिकारियां और कार्यकर्ताओं का दल लखनऊ से पांच दिसम्बर को सैकड़ों की संख्या में रवाना होगा। श्री त्रिवेदी ने बताया कि शान्तिपूर्ण ढंग से देहरी पूजन कार्यक्रम की सफलता के लिये मथुरा जिला इकाई



**■ छह दिसम्बर को कई हिन्दूवादी संगठन मथुरा पहुंचेगें देहरी पूजन कार्यक्रम में**

की अध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। इस मौके पर योगी सरकार भरोसा जताते हुये त्रिवेदी ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि में हो रहे देहरी पूजन कार्यक्रम को कराने में जिला प्रशासन का सहयोग रहेगा। संभल मामले में पत्रकारों के सवालों के जवाब में अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि देश में मुगल आंक्रान्ताओं ने हिन्दू धार्मिक स्थलों को तोड़कर मस्जिदों का निर्माण कराया, जिसमें संभल का हरी मन्दिर नहीं बल्कि अयोध्या का रामजन्म भूमि पर राम मन्दिर, श्री कृष्ण जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ, भोजशाला, लखनऊ स्थित लक्ष्मण टीला सहित हजारों ऐसे कई मन्दिर शामिल है। श्री त्रिवेदी ने न्यायिक रास्ते से मन्दिरों को मुक्त कराने की लड़ाई लड़ रहे अधिवक्ता पिता-पुत्र श्री हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन के रास्ते पर चलते हुये अधिवक्ता समाज के अन्य हिन्दूवादी नेताओं को भी मुगल आंक्रान्ताओं के शिकार हुये हिन्दू धार्मिक मन्दिरों को मुक्त कराने के लिये आगे आये।

## दावत में जा रहे पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के छरिबना पुरवा खास गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की मौत हो गई। हादसे में नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरवा खास के पूर्व प्रधान रईस अहमद (65) अपनी पत्नी अंजुमन (60) और नातिन इल्मा के साथ बाइक पर सवार होकर इलाके के सड़वा गांव में आयोजित दावत में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे गांव के पास ही रामपुर मार्ग पर छरिबना मजरे में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। नातिन दूर जा गिरी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल लड़की को अस्पताल भेजवाया।

# टीएमयू में ईडी अक्षत जैन ने किया पेंटिंग प्रदर्शनी-परम्परा का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में कॉलेज ऑफ फाइन आर्टस के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव की यूनिवर्सिटी में फर्स्ट एकल प्रदर्शनी- परम्परा का एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने बतौर मुख्य अतिथि फीटा काटकर शुभारम्भ किया। इंडोर स्टेडियम के द्वितीय तल पर फाइन आर्टस कॉलेज में तीन दिनी प्रदर्शनी में लुप्त होती वाश पेंटिंग एवं वाटर कलर तकनीक के 41 चित्रों का डिसप्ले किया गया है। इनमें 25 वाश पेंटिंग और 16 वाटर कलर पेंटिंग हैं। कला प्रेमियों के अवलोकनार्थ यह आर्ट गैलरी प्रातः 09 बजे से 04 बजे तक खुली रहेगी। इस सुअवसर पर कॉलेज के प्राचार्य श्री रविन्द्र देव आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। यूनिवर्सिटी में इस समय कॉलेज ऑफ

**■ देव के चित्रों में जीवंतता की झलक : एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर**



फाइन आर्टस की ओर से बीएफए और एमएफए के संग-संग पीएचडी की डिग्री भी फाइन आर्टस में प्रदान की जा रही है। प्रदर्शनी देखने वालों में श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. अमित कंसल, डॉ. वैभव रस्तोगी आदि भी शामिल रहे।

एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने वाश पेंटिंग एवं वाटर कलर तकनीक के चित्रों को न केवल निहारते रहे, बल्कि प्रदर्शनी के सीनियर चित्रकार श्री देव से भी कुछ सवाल करके इस कला के प्रति अपडेट हुए। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री जैन बोले, श्री देव के चित्रों में जीवंतता की झलक है। कहा, यह हम सबकी जिम्मेदारी है, कि हम वाश पेंटिंग कला को जीवित रखें। कला प्रदर्शनी में लुप्त हुई वाश पेंटिंग के 25 चित्रों का चित्रांकन हैं, जिसमें शिव तपस्या के संग-संग साधु-संतों आदि का चित्रण शामिल है। साथ ही 16 वाटर कलर पेंटिंग लैंडस्केप, कम्पोजिशन और पशु-पक्षियों पर आधारित हैं। प्रदर्शनी में स्त्री चित्रण मुख्य आकर्षण का केन्द्र हैं, जिसमें नारी के विभिन्न रूपों को पेपर पर उभारा गया है। प्रदर्शनी का उदेश्य स्टुडेंट्स और फैकल्टीज़ को वाश पेंटिंग और वाटर कलर पेंटिंग के प्रति प्रेरित करना है। यह प्रदर्शनी कला जगत में काम करने वालों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।

# आंख फोड़कर प्राइवेट पार्ट काट कर की हात्या

### हरदोई में हुए हत्याकांड से पूरा प्रदेश सन्न, अवैध संबंधों की तरफ इशारा

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पचदेवरा क्षेत्र में लापता युवक की बेरहमी से हत्या की गई थी। सिर पर दो वार किए गए थे, इसके बाद कपड़े की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई थी। बाई आंख फोड़कर प्राइवेट पार्ट को काटा गया था। बायां अंडकोष गायब भी गायब मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका राज खुला है।

हत्या अवैध संबंधों की तरफ इशारा कर रही है। अज्ञात के विरुद्ध हत्या की एफआइआर दर्ज की गई है। वहीं पुलिस की परिवारिक लोगों की तरफ की निगाहें हैं। पुलिस जल्द राजफाश करने का दावा कर रही है। पचदेवरा के ग्राम अनंगपुर के अजय सिंह परिवारिक रिश्ते के चाचा कमलेश के घर में रहते है। दो दिन से लापता थे, गुरुवार की दोपहर अजय का शव पड़ोस के बंद घर के



बरामदे में पड़ा मिला था। सिर पर चोट के निशान थे। परिवारीजन ने अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। घटना के बाद से अजय के पिता रामनरेश चुप्पी साधे हैं।

वहीं गांव में अवैध संबंधों के चलते हत्या किए जाने की चर्चाएं हैं। पुलिस ने अजय के पिता रामनरेश की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या की एफआइआर दर्ज की। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम हाउस के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार अजय के सिर के बाएं तरफ व पीछे चोट का निशान मिला है। बाई आंख फूटी और प्राइवेट पार्ट कटा मिला है। इसके अलावा बायां अंडकोष गायब था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि अजय से हमलावरों को किसी बात की ऐसी खुन्नस थी कि गुस्से में उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। शव मिलने की रात में ही हत्या की गई थी। इससे पहले अजय को गायब रखा गया था। पुलिस ने अजय के परिवारिक चाचा कमलेश को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी सोनपाल गंगवार बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जांच की

**■ पारिवारिक चाची के पास मिला अजय का मोबाइल**

जा रही है, कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द राजफाश किया जाएगा। परिवारीजन के अनुसार, अजय अपने पास दो मोबाइल रखते थे। एक एंड्राइड, दूसरा कीपैड था।

कीपैड मोबाइल शव के पास पड़ा मिला था। जबकि अजय के एंड्राइड मोबाइल को पुलिस ने परिवारिक रिश्ते की चाची के पास से बरामद किया है। मोबाइल से पुलिस जल्द राजफाश कर सकती है।

अजय की हत्या एक व्यक्ति नहीं कर सकता है। अजय की हत्या में कई लोग शामिल रहे, पुलिस हत्यारोपितों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। फिलहाल अजय की हत्या उसके करीबियों ने ही अवैध संबंधों की खुन्नस में की गई है। पुलिस यही मानकर जांच कर रही है।

# भारतीय मुद्रा परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन मथुरा में कल से

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ (संस्कृति विभाग) द्वारा भारतीय मुद्रा परिषद का 106 वां वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी व मुद्रा प्रदर्शनी का तीन दिवसीय आयोजन 03 से 05 दिसम्बर के मध्य मथुरा के पांचजन्य प्रेक्षागृह डैम्पियर नगर में होगा। वार्षिक सम्मेलन व मुद्रा प्रदर्शनी का शुभारंभ 03 दिसम्बर को पूर्वाह्न 09 बजे पांचजन्य प्रेक्षागृह में होगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह हैं। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी होंगे। वार्षिक सम्मेलन स्थल पर प्रेक्षागृह परिसर में प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इस प्रदर्शनी में लोग प्राचीन समय के सिक्कों की जानकारी ले सकेंगे। सम्मेलन में भाग लेने देश के अनेक पुरातत्वविद मथुरा आ रहे हैं। वार्षिक सम्मेलन के मध्य में बाहर से आ रहे प्रतिनिधिगण मथुरा के राजकीय संग्रहालय, वृंदावन के वृंदावन शोध संस्थान और कुसुम सरोवर आदि स्थलों का शैक्षिक भ्रमण भी करेंगे। उप्र राज्य पुरातत्व निदेशालय की निदेशक श्रीमती रेनू द्विवेदी ने स्कूली बच्चों के अलावा इतिहास व पुरातत्व में रुचि रखने वाले लोगों से वार्षिक सम्मेलन में तीनों दिन भाग लेने का आह्वान किया है। अधिवेशन का समन्वय व संयोजन प्रभारी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डा राजीव त्रिवेदी कर रहे हैं। परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में ऑस्ट्रेलिया के विद्वान प्रो. आरमंड बोपेराची, भारतीय विरासत संस्थान के उप कुलपति प्रोफेसर बी आर मणि, भारत कला भवन वाराणसी के डॉ बी डी सिंह, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद के डॉ इकराम उल हक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ मुकेश कुमार सिंह, डा पंकज शर्मा, बसंत कन्या महाविद्यालय काशी हिंदू विश्वविद्यालय की डॉ संवेदना सिंह, पटना विश्वविद्यालय की डॉ नवीन कुमार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह, जौनपुर विश्वविद्यालय के संदीप सिंह, शिवांश तिवारी, पीयूष मित्र के अतिरिक्त लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी अपना शोध प्रस्तुत प्रस्तुत करेंगे।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



- प्रशांति विद्या मंदिर स्कूल में हुई बैठक में आठ प्रस्ताव पास
- ललित लोकवाणी ने दी एल्डर लाइन नंबर 14567 की जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक प्रशांति विद्या मंदिर गांधीनगर पुरानी सूचना केंद्र के पास गन्धर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित समिति के पदाधिकारीयो एवं सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने-अपने सुझाव रखे गए। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिनमें ललितपुर नगर के मोहल्लों मे हुए अतिक्रमण पर प्रशासन ध्यान दें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर ना तो वहां पर एंबुलेंस आ सकती है, ना ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच सकती है। इस बिंदु पर पर विस्तार से विचार किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को पुराने नगर पालिका का हाल बैठक मनोरंजन कार्यक्रमों को प्रदान किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा रेलवे की सुविधा पुन~ लागू की जाएं, नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, स्वास्थ्य हेतु वरिष्ठ नागरिकों को डॉक्टर एवं दवा का अलग काउंटर बनाकर दवाए उपलब्ध कराई जाए, लावारिस जानवरों की समस्याओं से वरिष्ठ जनों को सुरक्षित किया जाए। ध्यान आकर्षण प्रस्ताव एक तिथि पर दिसंबर में निर्धारित कर प्रशासन से मिलने की सहमति बनी। पोस्ट ऑफिस एवं बैंक में वरिष्ठजनों को बैठने की अलग से व्यवस्था की जाए एवं पैसे निकासी आदि में सुरक्षा दी जावे। प्रशांति विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित बैठक में सामुदायिक रेडियो ललित लोकवाणी 90.4 एफएम ललितपुर द्वारा हमारे बुजुर्ग हमारा अभियान के अंतर्गत बुजुर्गों की समस्याओं को सुना गया एवं उनका प्रसारण रेडियो एफएम पर किया गया। संचालन महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रताप नारायण दीक्षित, अनिल कुमार रावत, कैलाश चंद्र, जगदीश पाराशर, अशोक स्वर्णकार, गंधर्व सिंह, आत्माराम रिछारिया, महेश प्रसाद, गिरजाशंकर दुबे, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, अनुराग शरण श्रीवास्तव, लक्ष्मी प्रसाद राजपूत, प्रकाश नारायण देवलिया एड., विपिन बिहारी सक्सेना एड., राजाराम गोस्वामी, मनजीत सिंह सलूजा, रामप्रसाद रिछारिया, संतोष कुमार शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, रमेश पाठक रविंद्र, अजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी आदि सभी उपस्थित रहे।

# खेल प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम (हरदोई)** किशोरावस्था बच्चों को फिट रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के दुर्गागंज के अति प्राचीन शक्तिपीठ माँ दुर्गा मंदिर प्रांगण के निकट विशाल मैदान पर स्वास्थ्य के लिए जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को देश की राजधानी दिल्ली के फिटनेस कोच आकाश श्रीवास्तव जो वर्तमान में यूपी के नोएडा में बच्चों के भविष्य को सवारनें में दिन रात जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने बिलग्राम तहसील क्षेत्र के दुर्गागंज गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया। कार्यक्रम की शुरुआत 02 दिसम्बर सोमवार सुबह हुई जिसमें मुख्य अतिथि राजीव दीक्षित व विशिष्ट अतिथि ब्रह्म स्वरूप द्विवेदी व प्रदीप तिवारी ने प्रतियोगिता में शामिल विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरण किए। कार्यक्रम की शुरुआत निशांत शुक्ला व सैफ अली जाफ़री ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर की। प्रतियोगिता में क्रमशः 12 वर्ष से कम आयुः 400 मीटर दौड़ व 16 वर्ष से कम आयुः 1000 मीटर दौड़ जबकि ओपन श्रेणीः 3000 मीटर दौड़ निर्धारित की गई थी। विजयी घोषित हुए 4 से 8 स्थान तक के प्रतिभागियों को टी-शर्ट प्रदान करने के साथ ही सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट्स मुख्य अतिथि द्वारा दिए गए। वहीं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी, उपहार, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में 500 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, फिट इंडिया,आशा एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एंड हेल्थ एकेडमी व खेलो इंडिया के माध्यम से आयोजन समिति के टीम सदस्यों के साथ हज़ारों लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# यू.पी. जर्नलिस्टस एसोसिएशन सदर तहसील का गठन

- ललितपुर तहसील संरक्षक बने कन्हैया लाल विश्वकर्मा
- अध्यक्ष बने धर्मसिंह कुशवाहा, महामंत्री बने



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर मुख्यालय अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। संगठन की बैठक शिखरचंद्र जैन की अध्यक्षता एवं सुरेश प्रकाश कोंते व सुरेंद्र पस्तोर के मुख्य आतिथ्य में आयोजन की गई। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में सभी ने अपना परिचय देते हुए संगठन को एक मजबूत और सक्रिय सदस्यों को संगठन मैं शामिल करने का निर्णय लिया। यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कहा कि उपजा एक राष्ट्रीय संगठन है, जिसकी समस्त प्रदेश और जिलों में इकाइयां गठित है। जिला में यह संगठन एक विशाल वट वृक्ष की तरह मजबूत और सक्रिय संगठन होगा जो पत्रकारों के हित की हमेशा लड़ाई लड़ता रहेगा। इसी क्रम में सुरेश प्रकाश कोंते ने पत्रकारों को संगठित रहने की बात कही। इसी क्रम में सुरेंद्र पस्तोर ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीडन् नहीं सहा जाएगा। पत्रकारों पर आई विपत्ति का सामना हम सब संगठित रहकर करेंगे। अजय तोमर ने ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार साथियों से जुडने का आह्वान किया। वही शिखर चंद्र जैन ने पत्रकारों के मान सम्मान की बात कही उपजा संगठन में हम सभी पत्रकारों को जुडना चाहिए। ललितपुर तहसील इकाई के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें सर्वसम्मति से ललितपुर तहसील संरक्षक कन्हैयालाल विश्वकर्मा, अध्यक्ष धर्मसिंह कुशवाहा, महामंत्री पद पर चंदन अहिरवार, उपाध्यक्ष पद पर सुधीर मिश्रा, मंत्री पद पर द्वारका प्रसाद रैकवार का चयन किया गया। जिला कार्यकारिणी सहित समस्त पत्रकारों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान सुरेश प्रकाश कोंते, जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र पस्तोर गुडडू, महामंत्री मनोज कुमार तिवारी, महामंत्री अजय प्रताप तोमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिखर चंद्र जैन, मंत्री रामरतन राय, धर्मसिंह कुशवाहा, वृंदावन कुशवाहा, कमलेश विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, सुधीर मिश्रा बंटी, चंदनसिंह अहिरवार, द्वारका प्रसाद रैकवार, इंद्रपाल सूर्यवंशी, सौरभ सोनी, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, लल्लूराम शर्मा, गोपाल सोनी आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने व आभार जितेंद्र यादव ने जताया।

# जहॉ दुआ मॉगने पर बच्चे बोलने लगते है

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** संभल से दस कि मी की दूरी संभल मुरादाबाद मार्ग स्थित सैयद शाह जमालुदीन दादा मखदूम साहब की दरगाह में मजार के करामातो से यहॉ आ कर दुआ मांगने वालो को शिफा मिलती है बताया जाता है कि दादा मखदूम साहब ने सिरसी को बसाया था सिरसी के करीब एक गॉव का नाम भी मखदूम पुर है इसलिए सिरसी का नाम सिरसी मखदूम पुर से भी जाना जाता है किसी समय में यहॉ के रेलवे स्टेशन का नाम सिरसी मखदूमपुर है हल्कि अब सिरसी रेलवे स्टेशन तो है लेकिन वो अब खण्ड़र हो चुका है दादा मखदूम साहब का सालाना उर्स हुजूम के रूप मे मनाया जाता है।

दादा मखदूम साहब की दरगाह मे स्थित मजार में सॉप और बिच्छू नही काटता है जिनके बच्चे बोलने से महरूम हो जाते है वो यहॉ आ कर दुआ मांगने पर बच्चे बोलने लग जाते है यही कारण है कि दादा मखदूम साहब के मजार पर मुरादे पुरी होने पर जीब का नजराना चढाया जाता है मुरादे मॉगने वाले लोगों की दादा मखदूम साहब की दरगाह मे अकीदतमन्दो का मजमॉ लगा रहता है दादा मखदूम साहब का सालाना उर्स हुजूम का आयोजन किया जाता है लेकिन इस साल संभल मे हुई हिंसा के कारण उर्स मे मेला नही लगाया गया था अकिदतमन्दो ने दादा मखदूम साहब के मजार मे जा कर नजरो नियाज की और अमनो अमान के लिए दुआ की।

# संक्षिप्त समाचार

## बागेश्वर सरकार की पदयात्रा के समर्थन में हज़ारों लोगों की भीड़ रही शामिल




**बिलग्राम (हरदोई)** हिंदू धर्म में अनगिनत साधु-संत हैं जिनके लाखों भक्त शिष्य भी हैं। मौजूदा समय में तो कई बाबा ऐसे हैं जो सोशल मीडिया पर भी छाए रहते हैं। इन्हीं में से एक हैं बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। वे कथा वचन करते हैं और राम भक्त हैं। उनकी कथा सुनने के लिए भारी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। मौजूदा समय में बागेश्वर धाम बाबा पदयात्रा को लेकर चर्चा में हैं। वे सनातन हिंदू पदयात्रा में हैं और इस यात्रा में उनके साथ कई सारे लोग जुड़ रहे हैं। इसी पदयात्रा में जनपद हरदोई के बिलग्राम नगर में रविवार को सनातन धर्म की आन बान शान कहे जा रहे बागेश्वर सरकार धीरेंद्र कृष्ण के समर्थन में निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और नारे लगाए। जिसमें ब्लॉक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह,आकाश तिवारी, कौशलेंद्र सिंह गुड्डा,दीपा विश्वास,आरती गुप्ता, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह,नगर अध्यक्ष हरिनाम कुशवाहा, अमित विश्वास, आराध्य मिश्रा सुधांशु कश्यप, हरिशचंद्र राठौर भी हुए शामिल यात्रा के संयोजक अम्बेश तिवारी, सार्थक मिश्रा, शैलेंद्र राठौर, गोविन्द द्विवेदी रहे। यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं के साथ हज़ारों की संख्या में पुरूष शामिल हुए। यह यात्रा बिलग्राम नगर के ब्लॉक परिसर से जलालपुर स्थित पांडे बाबा मंदिर तक गई।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा होगी नकल विहीन

**मथुरा।** इंटर और हाईस्कूल की परीक्षाओं को नकलविहीन कराने के लिए यूपी बोर्ड की तैयारियां तेज चल रही हैं। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों व उत्तरपुस्तिकाओं की रात में भी सुरक्षित तरीके से रखवाली की जा सके इसके लिए डीआईओएस ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को एचडी नाइट विजन कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। जिले में परीक्षा के लिए 120 केंद्र प्रस्तावित हैं। जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडियेट के 71,404 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को नकल विहीन सकुशल संपन्न कराने को लेकर बोर्ड अपनी तैयारी में जुटा है। केंद्र से परीक्षा पत्रों में किसी प्रकार की गड़बड़ी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सभी परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाओं की 24 घंटे निगरानी के लिए एचडी नाइट विजन कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस रविंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षा व स्ट्रांग रूम की रिकॉर्डिंग छह माह तक सुरक्षित रखनी होगी। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे की जो डीवीआर लगेगी उसमें 30 दिन की रिकॉर्डिंग की क्षमता होनी चाहिए। परीक्षा के बाद रिकॉर्डिंग की सीडी तैयार कराकर छह माह तक सुरक्षित रखनी होगी। जरूरत पड़ने पर इस उपलब्ध कराना होगा। कैमरे ऐसे स्थान पर लगाए जाएंगे जहां से स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार को खोलने की पूरी गतिविधि कैद हो। इसके साथ ही अंदर की गतिविधि कैद करने के लिए भी कैमरा लगेगा।

## सम्भल रवाना हो सकता है भारतीय चमार महासभा का प्रतिनिधि मण्डल

**सुल्तानपुर।** सम्भल हिंसा और गाजियाबाद में हुई दलित हत्या प्रकरण में पीड़ित परिवार से मिलने और दर्द बाटने को भारतीय चमार महासभा के प्रतिनिधि मण्डल मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे संगठन के जिला कार्यालय से रवाना हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार इस प्रतिनिधि मण्डल में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा चमार सहित दर्जनों लोग शामिल हो सकते है।

## ट्रक ने घोड़े को मारी टक्कर ,घोड़े का पैर टूटा

**बिवाँर(हमीरपुर)** रविवार शाम लगभग चार बजे लोदीपुर-निवादा स्थित अभिनवप्रज्ञा महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार ट्रक ने शादी की बुकिंग में जा रहे घोड़ा को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें घोड़ा के दाहिने तरफ के दोनों पैरों की खुरी कट गई।घोड़ा के मालिक बाँधुर खुर्द निवासी रोहित ने थाना बिवाँर में तहरीर दी है।बताया कि उसके घोड़ा की कीमत लगभग एक लाख है जो अब पूरी तरह से बेकार ही गया है।पीड़ित घोड़ा को समारोहों में नचाकर अपनी जीविका चलाता था जो अब बेरोजगार हो गया है।वहीं थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रक को थाना परिसर में खड़ा करा लिया गया है ,दोनों पक्ष आपस में बातचीत कर रहे हैं।

## हैंडपंप में पानी भरने गई युवती के साथ की छेड़खानी

**बिवाँर(हमीरपुर)** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने ही गाँव के युवक अनिल पुत्र गंगाचरण के खिलाफ थाना बिवाँर में छेड़खानी करने और होने वाली ससुराल में फोन कर शादी तुड़वाने की कोशिश करने की तहरीर दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अक्सर राह चलते उसपर अश्लील छींटाकशी करता है और गन्दे इशारे करता है ,विरोध करने पर गालीगलौज करता है।बताया कि बीते शुक्रवार के दिन जब वह हैंडपंप पर पानी भरने गई तो आरोपी ने आकर उसके साथ बदसलूकी की और हाँथ पकड़कर खींचने की कोशिश की।आरोप लगाया कि विरोध कटने पर गालीगलौज की ,जान से मारने की धमकी देते हुए रिश्ता तुड़वाने की धमकी देकर भाग गया।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 296 ,74 ,352 ,351(2) का मुकदमा दर्ज किया गया है ,आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# कोरोना काल में अनाथ हुई बच्चियों को मिला इंसाफ

अवधनामा संवाददाता


**संभल।** चंदौसी निवासिनी कुमारी अवंती अग्रवाल व कुमारी प्रगति अग्रवाल के पिता स्वर्गीय अनुज अग्रवाल ने अपने जीवन काल में अपना व अपनी पत्नी स्वर्गीय सपना अग्रवाल के नाम से वर्ष 2017 में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी की एक बीमा पॉलिसी अपने परिवार की स्वास्थ्य के सुरक्षा हेतु क्रय की थी जिसमें परिवादीगण एवं उसके माता-पिता सम्मिलित थे कोरोना महामारी बीमारी में परिवादीगण की मां श्रीमती सपना कोरोना से ग्रस्त हो गई जिनका इलाज मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में कराया गया जहां उनके इलाज पर कुल 297379रु की धनराशि खर्च की गई और उसकी मांग इंश्योरेंस कंपनी से की गई तो इंश्योरेंस कंपनी बहाना बनाकर टालती रही इलाज के दौरान ही श्रीमती सपना का 19 मई 2021 को स्वर्गवास हो गया उनके स्वर्गवास होने के उपरांत पिताजी को हार्ट अटैक पड़ा और 15 दिन बाद उनकी भी मृत्यु हो गई दोनों बच्चिया असहाय हो गई किसी भी तरफ से कोई मदद ना मिल पाने के कारण दोनों बच्चियों अपनी मां के इलाज पर व्यय की गई धनराशि प्राप्त करने के संबंध में विपक्षी के कार्यालय के चक्कर लगाने लगी सफलता न मिलने पर उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया और एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में आयोजित किया जहां आयोग द्वारा विपक्षी को नोटिस जारी कर अपना उत्तर देने के लिए कहा गया तो विपक्षी उपस्थित आया और इलाज में की गई धनराशि को बहाना बनाकर देने से इनकार करते रहे और यह भी कहा कि 2 वर्ष से अधिक का समय हो गया है जिस कारण अब उन्हें धनराशि दिया जाना संभव नहीं है इस पर परवादिगण के अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने आयोग को अवगत कराया कि जब तक धनराशि दिए जाने से इनकार नहीं किया जा सकता तब तक हमारा क्षेत्र अधिकार मुकदमा दायर करने का बना रहता है इस पर आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों ने दोनों की बहस को सुना और सुनकर अपना निर्णय परिवादीगण के पक्ष में देते हुए कहा कि परवादिगण का परिवाद स्वीकार किया जाता है विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादीगण की मां श्रीमती सपना के इलाज पर व्यय की गई।

## पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोचे तीन बदमाश

**मथुरा।** पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर बैटरी चोरी करने वाले तीन बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया है कि रविवार देर रात रिफाइनरी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाश ऑटो में सवार होकर चोरी किए गए माल को ठिकाने लगाने के लिए जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और बाद रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर ली। तीनों बदमाशों ने घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिसके चलते दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और घायल हो गए। पकड़े गए बदमाश कपूर उर्फ कपूरा निवासी फिरोजाबाद, समीर पुत्र कल्लू और राहुल पुत्र बासदेव खंदारी आगरा रहने वाले हैं। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ऑटो, दो अवैध तमंचा चार जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस, पांच बैटरी व वायर, नौ हजार की नकदी बरामद की है।

# जिला अस्पताल के हाल खराब

- बंदर और आवारा कुत्तों से मरीज और तीमारदार परेशान



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला अस्पताल प्रशासन की अनदेखी से वार्डों में कुत्ते, बंदर घुसकर केवल आराम ही नहीं फरमा रहे हैं, बल्कि मरीजों का खाना भी ले जा रहे हैं। वार्डों में भर्ती छोटे बच्चों के लिए यह खतरा बने हैं। वार्डों से मरीजों का टेबल से खाना ले जाते कुत्ते का वीडियो वायरल हो रहा है। जिला अस्पताल का इमरजेंसी एवं सर्जिकल वार्ड का प्रवेश द्वार खुला रहने के कारण कुत्ते और बंदर घुस जाते हैं। वार्ड के पीछे के गेट से भी जानवर घुस आते हैं। कुत्ते बच्चा वार्ड, पुरुष और महिला वार्ड में बेड के बराबर रखी टेबल से मरीजों का खाना, फल और उनकी पॉलिथीन एवं कैरी बैग में रखा सामान भी ले जाते हैं। वार्डों में जानवरों से सुरक्षा के इंतजाम न होने के कारण अक्सर कुत्ते मुंह में सामान दबाकर बच्चा वार्ड में घूमते नजर आते हैं। वार्ड के गेट पर बंदर बने रहते हैं, जिससे मरीजों के लिए खाने और पीने का सामान लेकर वार्ड में आने वाले तीमारदारों से सामान उनके हाथों से छीनकर ले जाते हैं। इतना ही नहीं पॉलिथीन में तीमारदारों द्वारा दवाएं लाने पर खाने की चीज समझकर बंदर छीनकर ले जाते हैं। बच्चा वार्ड में कुत्ते और बंदरों के डर के कारण लोग अपने बच्चों को बेड पर छोड़कर एक पल के लिए भी सामान लेने या पानी एवं अन्य जरूरत का सामान लेने बाहर नहीं जा सकते। इनसे छोटे बच्चों को जान का भी खतरा बना है। वार्डों में तैनात स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर लंबे समय से जानवरों के उत्पात की अनदेखी कर रहे हैं। हाल ही का वार्ड से मरीज की टेबल से कुत्ते द्वारा खाना ले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। भला आप ही बताइए क्या अब जिला अस्पताल मै कार्यरत डॉक्टर मरीजों के इलाज के साथ कुत्ते बंदरो को भगाने का काम भी करें ये कार्य तो मरीजों के साथ आने वाले तीमारदार भी अपने अपने सामान की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी निभा सकते है एक एक मरीज के साथ दिन भर कई कई तीमारदार मौजूद रहते है। इस वीडियो के वायरल करने से जिला अस्पताल की छवि को धूमिल करने की साजिश मात्र लगता है फिर भी,वार्डों में कुत्ते व बंदरों के न आने देने के लिए कर्मचारियों, पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं। उनके संज्ञान में अभी वायरल वीडियो नहीं आया है। यदि वार्ड में मरीजों का खाना कुत्ते ले जा रहे हैं तो जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल हाई-वे पर बेकाबू ट्रक ने बस को मारी टक्कर

- तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल, मची चीख-पुकार
- सीओ सिटी व एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर किया मुआयना
- तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल, दो की हालत गंभीर



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सोमवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित औद्योगिक आस्थान चन्देरा के सामने बने कट से बस को मोड़ते समय तेज गति से भाग रहे ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बस सवार करीब तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गयीं। घटना होते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गयी। सूचना मिलने के बाद क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय व उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला, तो वहीं स्थानीय पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो सवारियों की हालत गंभीर बतायी जा रही है, जिन्हें तत्काल झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है। राय बस सर्विस की बस संख्या यू.पी.93 सी.टी. 9055 सुबह 6.30 बजे ललितपुर बस स्टेण्ड से करीब 40 सवारियां लेकर टीकमगढ़ होते हुये मऊरानीपुर के लिए निकली थी। यह बस पुराना शाही रोड से हाई-वे पर पहुंच कर सागर की ओर जाने वाले मार्ग पर पहुंचने के लिए मुड़ रही थी। इसी बीच तेज गति से भाग रहे ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस एक तरफ से पलट गयी और बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गयी। बस के चालक मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत थाना जतारा के ग्राम हरपुरा निवासी रमेश प्रजापति के अलावा करीब 34 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गयीं। इस दुर्घटना में ललितपुर के मोहल्ला खिरकापुरा निवासी सुनील पुत्र एराज कुशवाहा (30), महरौनी निवासी मुकेश पुत्र रौशन (45), सिविल लाइन ललितपुर निवासी अभिषेक कटारे पुत्र जगदीश नारायण कटारे (30), झांसी के चाणक्यपुरम निवासी पंकज जैन पुत्र बाबूलाल (51), महरौनी निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र बसोरे (55), रायबरेली जनपद की ऊंचाहार निवासी उपमा श्रीवास्तव पत्नी राकेश कुमार (49), इटावा जनपद निवासी संजीव पुत्र जगदीश प्रसाद (44), महरौनी के टेनगा निवासी राजाराम पुत्र धनीराम (25), चौकी दिगवार निवासी ज्ञानबाई पत्नी शिवराज (50), महरौनी के ग्राम दिगवार निवासी सोना पत्नी मुकुन्द (45), महरौनी के कोरवास निवासी श्रीमती सुगर पत्नी कमतू (60), कोरवास निवासी ममता पत्नी रामदास (40), ग्राम गुढ़ा-बुजुर्ग निवासी रजनी पत्नी बलराम (30), टेनगा गांव निवासी हरकुंवर पत्नी रमेश (56), झांसी के पठौरिया निवासी पंकज जैन पुत्र बाबूलाल, सतवांसा मड़ावरा निवासी प्रकाश पुत्र पजन लाल, मैनपुरी जिले के कस्बा निवासी सतेन्द्र पुत्र रामभरोसे (32), ललितपुर के आजादपुरा निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र हुकुमचंद्र (58), जिला छतरपुर के थाना बमरौल ग्राम दलीपुर टपरियन निवासी नन्दू पाल पुत्र धन्नू पाल (48), दलीपुर निवासी भागवती पत्नी नन्दू पाल (34) के अलावा अन्य लोग घायल बताये गये हैं। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल घायलों का उपचार शुरू कर दिया। कई लोगों को अंधरूनी चोटें आयीं हैं, जिनकी जांच अस्पताल में की जा रही है।

# बढ़ती नफरत व प्रतिशोध समाज व राष्ट्र के लिए घातक

- राजा महेंद्र प्रताप के 138 वें जन्म दिवस अनुयाईयों ने किया दीपदान व पुष्पांजलि अर्पित
- गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए विचार

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन( मथुरा)।** देश वासियों में धर्म और जाति के नाम पर बढ़ती नफरत और दूरियां,प्रतिशोध और उकसावे बाजी का माहौल राष्ट्र और जनता की एकता के लिए घातक है। यह विचार रविवार को राजा महेन्द्र प्रताप के 138 वें जन्म दिवस पर यमुना किनारे केशी घाट पर स्थित प्रेम महा विद्यालय के प्रांगण में विभिन्न वक्ताओं ने प्रकट किये। इस अवसर पर लोगों ने दीपदान किया। अखिल भारतीय साम्प्रदायिकता विरोधी समिति और स्वतंत्रता सेनानी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता संघर्ष के नायक राजा महेंद्रप्रताप सिंह के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता वयोवृद्ध गांधी वादी बाबू रमेश चंद्र गर्ग ने की। संयोजन वैद्य मनोज गौड़ ने किया। इस असवर पर सभी अतिथियों व लोगों ने राजा महेन्द्र प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अ.भा. साम्प्रदायिकता विरोधी समिति के का. शिव दत्त चतुर्वेदी ने श्री वृंदावन प्रेम संदेश नामक प्रस्ताव पेश किया। जिसमेंआध्यात्मिक जगत से ब्रज में शांति सदभाव बनाये रखने और विभाजनकारी मुद्दों को समर्थन ना देने की उनसे अपील की। वरिष्ठ पत्रकार चंद्रप्रकाश सिकरवार, का. मधुवन दत्त चतुर्वेदी ,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पाठक, अशोक चतुर्वेदी कर्मवीर, प्रधानाचार्य प्रेम महाविद्यालय प्रधानाचार्य देव प्रकाश, बीएम मेहता, विवेक दत्त मथुरिया, टिकेंद्र शाद, प्रधानाचार्य मनवीर सिंह, का. दिगंबर सिंह, कैलाश वर्मा, रमेश पंडित, कीर्ति कुमार कौशिक,कुश कुमार सिंह, डॉ. देवेंद्र गुलशन, जगवीर सिंह, संजय पाठक, लता सिंह चौहान, डॉ. रमा चतुर्वेदी दिनेश बिंदल, कौमी एकता,प्रेम और शांति बनाये रखने पर जोर दिया।

## कर्नाटक के तुमकुरु में भीषण सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराई बस



**तुमकुरु।** कर्नाटक के तुमकुरु में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तुमकुरु के सिरा तालुक में चिक्कनहल्ली फ्लाईओवर पर एक बस डिवाइडर से टकरा गई, इस वजह से तीन महिलाओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 यात्रियों को लेकर बस बेंगलुरु की ओर जा रही थी जब सुबह करीब साढ़े चार बजे यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।मृतकों की पहचान शेफाली सिंह, उर्वी और प्रियंका के रूप में हुई है। बस सन राइजर ट्रैवल्स की थी, जो गोवा से बेंगलुरु आ रही थी, तभी नेशनल हाईवे-48 पर यह हादसा हुआ। इससे पहले कर्नाटक के हावेरी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ था। यहां ब्यादगी तालुक में तड़के एक मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि पीड़ित शिवमोगा के रहने वाले थे और देवी यल्लम्मा के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने फिर मामले की छानबीन की।

## संसद में विपक्ष का जोरदार हंगामा, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल के लिए स्थगित

**संशोधन**

**केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 में संशोधन के लिए आज राज्यसभा में एक विधेयक पेश करेंगे।**



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज छठा दिन है। संसद की कार्यवाही शुरू होते ही, दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा शुरू हो गया। इस वजह से लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल पाई और कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही भी कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। बता दें कि विदेश मंत्री एस जयशंकर आज लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन में भाषण देने वाले थे। कहा गया था कि जयशंकर सोमवार यानी आज लोकसभा में 12.10 बजे भारत-चीन संबंधों पर बयान देंगे। साथ ही विदेश मंत्री बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं। लेकिन विपक्ष ने संसद में अडाणी मुद्दे पर हंगामे किया, जिस वजह से कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं कांग्रेस अडानी समूह से जुड़े मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। कांग्रेस नेता मणिक्कम टैगोर ने लोकसभा महासचिव को पत्र लिखकर अडाणी के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोपों की तुरंत जांच की आवश्यकता पर स्थगन प्रस्ताव दिया है। सरकार ने आज लोकसभा में चर्चा के लिए तीन विधेयक भी सूचीबद्ध किए हैं। एक प्रमुख बैंकिंग कानूनों में संशोधन के लिए, एक रेलवे अधिनियम में संशोधन के लिए, और एक कोस्टल शिपिंग विधेयक पेश करने के लिए। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 में संशोधन के लिए आज राज्यसभा में एक विधेयक पेश करेंगे। इसके अलावा सचिवालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और पंकज चौधरी के भी प्रमुख मुद्दों पर बयान देने की उम्मीद है। इसके अलावा किसानों के मुद्दे पर सदन में हंगामा हो सकता है। दरअसल संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान आज दिल्ली कूच कर रहे हैं। संसद की कार्यवाही से पहले संसद भवन में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के चैंबर में इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद हुए। संसद का शीतकालीन सत्र, 25 नवंबर को शुरू हुआ, 20 दिसंबर को समाप्त होगा। संभल, मणिपुर में हिंसा और अन्य मुद्दों पर चर्चा की विपक्ष की मांगों के कारण सदन में हंगामा हुआ। इस वजह से सदन की कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया था।

## साइक्लोन फेंगल का कहर, तमिलनाडु में हुई लैंडस्लाइड; तीन बच्चों सहित 7 लोग मलबे में फंसे



**तिरुवन्नामलाई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच तिरुवन्नामलाई में मिट्टी धंसने के बाद सात लोग मलबे में फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ कर्मी हाइड्रोलिक लिफ्टों की मदद से बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के बाद प्रसिद्ध अन्नामलाईयार पहाड़ी की निचली ढलान पर स्थित घरों पर एक बड़ा पत्थर गिर गया। इसमें लगभग 7 लोगों के फंसे होने की आशंका है। इसमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। जिला कलेक्टर डी भास्कर पांडियन और पुलिस अधीक्षक एम सुधाकर ने रविवार शाम को कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि शहर में भारी बारिश होने के बावजूद अधिकारियों की ओर से बचाव अभियान जारी है। वहीं, अग्निशमन और बचाव सेवाओं के एक अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी की निचली ढलान पर स्थित झोपड़ियों पर एक बड़ा पत्थर गिर गया है। भारी बारिश के बीच बचाव कार्य जारी है। घरों से 5 से 7 लोगों के फंसे होने की आशंका है। अंधेरा और बारिश के कारण स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के कर्मी भी बचाव अभियान में शामिल होंगे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु और पुडुचेरी के उत्तरी तटीय क्षेत्रों पर चक्रवाती तूफान फेंगल का अवशेष दबाव पिछले छह घंटों के दौरान 7 किमी/घंटा की गति से पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ रहा है और 1 दिसंबर (रविवार) को रात 11¬30 बजे केंद्रित हो गया था।

## भारतीय बस पर हमला, बांग्लादेश ने इस्कॉन के दर्जनों सदस्यों को भारत आने से रोका

**ढाका।** वैध यात्रा दस्तावेज के साथ भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे इस्कॉन के दर्जनों सदस्यों को रविवार को बांग्लादेश के अधिकारियों ने बेनापोल सीमा से वापस भेज दिया। बेनापोल आव्रजन पुलिस के प्रभारी अधिकारी इम्तियाज अहसानुल कादिर भुइयां ने कहा कि हमने पुलिस की विशेष शाखा से परामर्श किया और उच्च अधिकारियों से निर्देश मिले कि उन्हें सीमा पार करने की अनुमति न दी जाए। भुइयां ने बताया कि इस्कॉन के सदस्यों के पास वैध पासपोर्ट और वीजा थे, लेकिन उनके पास यात्रा के लिए आवश्यक सरकारी अनुमति नहीं थी। विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं समेत 54 सदस्य शनिवार रात और रविवार सुबह जांच चौकी पर पहुंचे।

## मतदान केंद्र पर वोटरों की संख्या बढ़ाने का मामला




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ इंदु प्रकाश सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका में अगस्त 2024 में चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देश को चुनौती दी गई है। चुनाव आयोग ने निर्देश में देशभर में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की बात कही थी। याचिका में कहा गया है कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मतदाताओं की संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने से मतदान केंद्र पर लंबी कतारें और लंबे इंतजार से मतदाता वोट डालने से परहेज करेंगे। हालांकि, पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग चाहता है कि अधिक से अधिक लोग मतदान करें और इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के इस्तेमाल से मतपत्रों की तुलना में इसमें कम समय लगता है।

## जमानत मिली और अगले ही दिन मंत्री बन गए, सेंथिल बालाजी केस में सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**पद**

**कोर्ट ने इस मामले पर हैरानी जताई है कि बेल मिलने के तुरंत बाद तमिलनाडु सरकार में वी. सेंथिल बालाजी को मंत्री पद मिल गया।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सेंथिल बालाजी का जमानत आदेश वापस लेने की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले पर हैरानी जताई है कि बेल मिलने के तुरंत बाद तमिलनाडु सरकार में वी. सेंथिल बालाजी को मंत्री पद मिल गया। कोर्ट ने चिंता व्यक्त की है कि कहीं गवाह किसी दबाव में ने आ जाएं। बता दें कि सेंथिल बालाजी को 26 सितंबर को मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट आज 26 सितंबर के फैसले को वापस लेने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कोर्ट से वह फैसला वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें सेंथिल बालाजी को इस आधार पर जमानत दी गई कि अगर वह मंत्री बनाए गए तो गवाह दबाव में आ सकते हैं। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा, हम जमानत देते हैं और अगले दिन आप जाते हैं और मंत्री बन जाते हैं, कोई भी इस धारणा के तहत बंध जाएगा कि अब वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में आपकी स्थिति के कारण गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है? जस्टिस अभय ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच यचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने आज फैसला लेने से इनकार कर दिया और मामले को 13 दिसंबर तक के लिए लिस्ट कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह फैसला वापस नहीं लेगा क्योंकि जिस कानून के तहत सेंथिल बालाजी को बेल दी गई, उसका और लोगों को भी फायदा मिला है।

## 13 घंटे तक कुवैत एयरपोर्ट पर फंसे रहे 60 भारतीय, यात्रियों ने सुनाई आपबीती

**नई दिल्ली।** गल्फ एयर की उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण 60 भारतीय रविवार को कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 13 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। गल्फ एयर का यह विमान मुंबई से मैनचेस्टर जा रहा था। तकनीकी समस्या के बाद उड़ान को कुवैत की ओर डायवर्ट किया गया।

यात्रियों ने इंटरनेट मीडिया पर अपनी परेशानियां बयां की, जिसके बाद कुवैत में भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी हवाईअड्डे पर फंसे भारतीय यात्रियों की मदद की। भारतीय दूतावास के अधिकारी जल्द से जल्द वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने के लिए एयरलाइन के साथ बातचीत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया जिसमें गल्फ एयर के यात्री एयरपोर्ट अधिकारियों से बहस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें परेशान किया गया और एयरलाइन द्वारा केवल यूरोपीय संघ, यूके और यूएस के यात्रियों को ही आवास दिया गया। उन्होंने भारतीय, पाकिस्तानी और अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के पासपोर्ट रखने वालों के खिलाफ पक्षपात और उत्पीड़न का आरोप लगाया।

आरजू सिंह नामक एक यात्री ने एनडीटीवी को बताया कि उन्होंने कम से कम लाउंज एक्सेस के लिए कहा, लेकिन एयरपोर्ट अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया। अधिकारियों ने कहा कि यदि आप भारतीय और पाकिस्तानी पासपोर्ट धारक नहीं हैं, और ट्रांजिट वीजा के लिए पात्र हैं, तभी हम आपको बाहर होटल में रख सकते हैं।

यात्री ने जब पूछा कि हमारे बारे में क्या, जो लोग पात्र नहीं हैं? उन्होंने कहा कि हम आपसे संपर्क करेंगे। आरजू ने कहा कि हम लगभग दो घंटे तक उनके पीछे भागते रहे, उसके बाद ही हमें लाउंज में जाने का मौका मिला। हमने कंबल मांगे, हमने खाना मांगा। उन्होंने नहीं दिया। पहले चार घंटों तक किसी ने हमें पानी भी नहीं दिया।

## ट्रंप की धमकी के बाद बदले ट्रूडो के सुर, बोले- सीमा पर सुरक्षा को करेंगे और अधिक मजबूत



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शुक्रवार रात को अचानक अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने पहुंचे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक यह मुलाकात फ्लोरिडा में ट्रंप के घर मार-ए-लागो में नहीं बल्कि उनके प्राइवेट क्लब में हुई। आमतौर पर जब भी कोई नेता या सेलिब्रेटी ट्रंप से मिलने फ्लोरिडा जाते हैं तो वह उनके घर मार-ए-लागो जाते हैं। पाम बीच पर बने क्लब में ट्रंप-ट्रूडो ने साथ में डिनर किया। ट्रूडो के साथ कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर डोमिनिक लेब्लांक समेत और भी कई लोग थे। ट्रूडो की इस यात्रा के बारे में पहले कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। ट्रूडो की इस यात्रा पर ना ही ट्रंप की टीम ने कोई जवाब दिया है और ना ही ट्रूडो के कार्यालय ने कोई जानकारी दी है। ट्रूडो की यह विजिट उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों की सूची में शामिल नहीं थी। वहीं, अब कनाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से वादा किया है कि कनाडा लंबे समय से असुरक्षित संयुक्त सीमा पर नियंत्रण को और कड़ा करेगा। ट्रूडो शुक्रवार को फ्लोरिडा गए और ट्रंप के साथ रात्रि भोज किया। वहीं, ट्रंप ने वादा किया है कि यदि ओटावा प्रवासियों और नशीली दवाओं को सीमा पार करने से नहीं रोकता है तो वे कनाडाई आयात पर शुल्क लगा देंगे। कनाडा सभी वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात का 75त्न हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका को भेजता है और टैरिफ से अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होगा। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक, जो ट्रूडो और ट्रंप के साथ मुख्य टेबल पर बैठे थे, ने कहा कि दोनों लोगों ने कनाडा द्वारा शुरू किए जाने वाले अतिरिक्त सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन को बताया कि हम उदाहरण के लिए अतिरिक्त ड्रोन, अतिरिक्त पुलिस हेलीकॉप्टर खरीदने पर विचार कर रहे हैं, हम कर्मियों को पुनः तैनात करने जा रहे हैं।

## हाउती विद्रोहियों का दावा- इजरायल पर हाइपरसोनिक मिसाइल से किया हमला

**सना।** यमन के हाउती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला कर इजरायल के मध्य में स्थित महत्वपूर्ण स्थल को निशाना बनाया है। जबकि इजरायली सेना ने कहा है कि यमन से आ रही मिसाइल को देश की सीमा के बाहर ही नष्ट कर दिया गया है। हाउती विद्रोही गाजा के हमास लड़ाकों के समर्थन में 2023 से इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन के हमले कर रहे हैं। इतना ही नहीं हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर से जहाजों का आवागमन भी बाधित कर रखा है। इस बीच गाजा में इजरायली सेना के ताजा हमलों में 15 लोग मारे गए हैं।

## गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान फैंस के बीच हुई झड़प, 100 से ज्यादा लोगों की मौत

**शव**

**मुर्दाघर भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि करीब 100 लोग मारे गए हैं, स्थानीय अस्पताल और मुर्दाघर में शव भरे पड़े हैं।**



**कोनाक्री (गिनी)।** गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एन%जेरेकोर में एक फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान झड़प में दर्जनों लोग मारे गए। इस घटना की जानकारी अस्पताल सूत्रों ने एएफपी को रविवार को दी।

एक डॉक्टर ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, अस्पताल में जहां तक ??नजर जाती है, शव कतारों में पड़े हैं। अन्य लोग गलियारे में फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि करीब 100 लोग मारे गए हैं, स्थानीय अस्पताल और मुर्दाघर में शव भरे पड़े हैं। एक अन्य डॉक्टर ने कहा कि दर्जनों लोग मरे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में मैच के बाहर सड़क पर अराजकता का दृश्य और जमीन पर बड़ी संख्या में शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसकी पुष्टि एएफपी तत्काल नहीं कर सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने एन जेरेकोर पुलिस स्टेशन में भी तोड़फोड़ की और आग लगा दी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने एएफपी को बताया, यह सब रेफरी के विवादित फैसले से शुरू हुआ। फिर प्रशंसकों ने मैदान पर हमला कर दिया। उन्होंने सुरक्षा कारणों से अपना नाम गुप्त रखने की मांग की। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह मैच गिनी के जुंटा नेता मामादी डौम्बौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट का हिस्सा था, जिन्होंने 2021 में तख्तापलट करके सत्ता हथिया ली थी और खुद को राष्ट्रपति बना लिया था। डौम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को अपदस्थ करके बलपूर्वक सत्ता पर कब्जा कर लिया, जिन्होंने तत्कालीन कर्नल को एक कुलीन बल का प्रभारी बनाया था, जिसका काम राज्य के प्रमुख को ऐसे तख्तापलट से बचाना था। अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते उन्होंने 2024 के अंत तक सत्ता वापस नागरिक सरकार को सौंपने का वादा किया था, लेकिन अब उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे ऐसा नहीं करेंगे। सैन्य नेता ने जनवरी में खुद को असाधारण तरीके से लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत किया और पिछले महीने उन्होंने खुद को सेना के जनरल के पद पर पदोन्नत किया। डौम्बौया ने असहमति पर चल रही कार्रवाई की अध्यक्षता की है, जिसमें कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया।

## पद छोड़ने से पहले बाइडन ने बेटे हंटर को किया माफ

**बयान**

**राष्ट्रपति बाइडन ने बयान जारी कर कहा कि आज, मैंने बेटे हंटर को माफी दे दी है।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति का पद छोड़ने से पहले बाइडन ने एक बड़ा फैसला लिया है। जो बाइडन ने रविवार रात बेटे हंटर को माफ कर दिया, जिससे उन्हें संभावित जेल की सजा से राहत मिल गई। इस फैसले से बाइडन ने और अपने परिवार के सदस्यों के लाभ के लिए राष्ट्रपति पद की शक्तियों का उपयोग नहीं करने के अपने पिछले वादे को उलट दिया राष्ट्रपति बाइडन ने बयान जारी कर कहा कि आज, मैंने बेटे हंटर को माफी दे दी है। जब से मैंने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला है, मैंने कहा है कि न्याय विभाग के फैसलों में दखल नहीं दूंगा और मैंने अपना ये वादा निभाया भी है। बाइडन ने आगे कहा, अपने पूरे करियर में मैंने एक सरल सिद्धांत का पालन किया है। बस अमेरिकी लोगों को सच बताएं। वे न्यायप्रिय होंगे। मैं न्याय प्रणाली में विश्वास करता हूं, और सच्चाई यही है। मैं यह भी मानता हूं कि राजनीति के कारण ये प्रक्रिया ज्यादा लंबा खींच गई। एक बार जब मैंने इस पिछले हफ्ते ये फैसला ले लिया था, तो अब इसे और देरी करने का कोई फायदा नहीं था। मुझे लगता है कि अमेरिकी समझेंगे कि एक पिता और राष्ट्रपति ने यह फैसला क्यों लिया। बाइडन ने आगे कहा, जिस दिन से मैंने पदभार संभाला था, मैंने कहा था कि मैं न्याय विभाग के निर्णय लेने में हस्तक्षेप नहीं करूंगा, और मैंने अपनी बात रखी, भले ही मैंने अपने बेटे पर चुनिंदा और गलत तरीके से मुकदमा चलाते देखा है। बता दें कि हंटर को इस साल की शुरुआत में संघीय बंदूक और कर के आरोपों में दोषी ठहराया गया था और जल्द ही डेलन, कैलिफोर्निया में पेश किया जाने वाला था, जहां उन्हें लंबी जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता था। हंटर को 2018 में जून में डेलावेयर फेडरल कोर्ट में बंदूक खरीदने के मामले में दोषी ठहराया गया था। आरोप था कि हंटर ने अवैध रूप से नशीली दवाओं का इस्तेमाल नहीं करने का झूठ बोला था। जून में, बाइडन ने स्पष्ट रूप से अपने बेटे के लिए माफी या सजा कम करने से साफ तौर पर मना कर दिया था। बता दें कि जब उनके बेटे को डेलवेयर बंदूक मामले में मुकदमे का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने कहा था वह जूरी के फैसले का पालन करेंगे और अपने बेटे हंटर को कभी माफ नहीं करेंगे।

## बिजली सौदे पर बांग्लादेश सरकार अदाणी से कर सकती है बात, नए सौदे की शर्तों पर होगी चर्चा




**ढाका।** बांग्लादेश अदाणी पावर के साथ बिजली की आपूर्ति को लेकर नए सिरे से बातचीत करना चाहता है। वैसे शेख हसीना सरकार द्वारा 25 वर्ष के लिए किए विद्युत आपूर्ति समझौते की हाईकोर्ट के आदेश पर जांच भी हो रही है। बांग्लादेश में एक वकील ने अदाणी पावर के साथ हुए विद्युत आपूर्ति सौदे को रद किए जाने की याचिका हाईकोर्ट में दायर की है। कोर्ट ने इस याचिका के आधार पर पिछले हफ्ते विशेषज्ञों की समिति सौदे की जांच के लिए गठित की है। इस जांच के फरवरी तक पूरा होने के आसार हैं, उसी के बाद कोर्ट आदेश पारित करेगा। विद्युत आपूर्ति समझौता 2017 में अदाणी समूह और शेख हसीना की सरकार के बीच हुआ था। पांच अगस्त को हसीना सरकार के हटने के बाद इस सौदे को लेकर सवाल उठने लगे और उसमें भ्रष्टाचार होने के आरोप लगने लगे। बांग्लादेश सरकार में बिजली और ऊर्जा मामलों के सलाहकार मुहम्मद फजुल कबीर खान ने कहा, विद्युत आपूर्ति समझौते की शर्तों को लेकर सरकार अदाणी समूह के साथ बात कर सकती है। समझौते में जिस तरह से भ्रष्टाचार होने और रिश्वत दिए जाने के आरोप लगे हैं, उनके चलते नया सौदा होना जरूरी है। लेकिन यह कोर्ट के आदेश पर हो रही जांच के बाद ही संभव है। कबीर खान ने कहा, भारत में अदाणी के बिजलीघर को करों में छूट मिलने का बांग्लादेश को कोई लाभ नहीं हुआ जबकि खरीदार के तौर पर उसे भी फायदा होना चाहिए था। बांग्लादेश को मिलने वाली बिजली सस्ती होनी चाहिए। अदाणी समूह ने बांग्लादेश सरकार की ओर से आए बयान पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

## रूसी और सीरियाई विमानों द्वारा विद्रोही क्षेत्रों पर हुई बमबारी तेज, 25 लोगों की मौत

**अम्मान।** सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। रूस ने इस संघर्ष में असद सरकार का समर्थन किया है, जिससे अलेप्पो की स्थिति और भी खराब हो गई है। विद्रोहियों के नेतृत्व में एक बड़े हमले में 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम (॥ञ्जस्) और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। ॥ञ्जस् ने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। वहीं, सीरियाई विपक्ष द्वारा संचालित बचाव सेवा व्हाइट हेल्मेट्स ने सोमवार को बताया कि सीरियाई सरकार और रूस द्वारा किए गए हवाई हमलों में उत्तर-पश्चिमी सीरिया में कम से कम 25 लोग मारे गए हैं। सैन्य सूत्रों ने बताया कि रूसी



और सीरियाई जेट विमानों ने रविवार को उत्तरी सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले शहर इदलिब पर हमला किया। सेना ने यह भी कहा कि उसने कई शहरों पर फिर से कब्ज़ा कर लिया है, जिन पर विद्रोहियों ने हाल के दिनों में कब्ज़ा कर लिया था। निवासियों ने बताया कि एक हमला इदलिब के केंद्र में एक भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्र में हुआ, जो तुर्की सीमा के पास विद्रोही क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर है, जहाँ लगभग चार मिलियन लोग अस्थायी तंबुओं और घरों में रहते हैं। घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मियों के अनुसार, कम से कम सात लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। सीरियाई सेना और उसके सहयोगी रूस का कहना है कि वे विद्रोही समूहों के ठिकानों को निशाना बनाते हैं और नागरिकों पर हमला करने से इनकार करते हैं। व्हाइट हेल्मेट्स के अनुसार, रविवार को इदलिब और उसके आसपास तथा अलेप्पो के पास विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में हवाई हमलों में मारे गए लोगों में दस बच्चे भी शामिल हैं। समूह ने एक्स पर एक बयान में कहा कि 27 नवंबर से अब तक सीरियाई और रूसी हमलों में मरने वालों की कुल संख्या 56 हो गई है, जिसमें 20 बच्चे शामिल हैं। विद्रोही तुर्की समर्थित मुख्यधारा के धर्मनिरपेक्ष सशस्त्र समूहों का गठबंधन हैं, साथ ही हयात तहरीर अल-शाम, एक इस्लामी समूह है जिसे अमेरिका, रूस, तुर्की और अन्य राज्यों द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

# मुठभेड़ में 09 अन्तर्जनपदीय चोरों का गिरोह गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (नेवढ़िया)** स्थानीय थाना की पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में 09 अन्तर्जनपदीय चोरों का गिरोह गिरफ्तार, मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक अभियुक्त घायल, अभियुक्तों के कब्जे से 01 देशी तमंचा .315 बोर तथा 02 खोखा कारतूस व तरती बाजार में साई ज्वैलर्स में चोरी से सम्बन्धित माल करीब 10 कि.ग्रा. चाँदी के आभूषण (अनुमानीत कीमत लगभग 8,25000/- रुपये) व चोरी करने के उपकरण 01 रम्मा ,04 लकड़ी का मुठिया लगा हुआ सूजानुमा पेंचकस ,02 रेती ,01 प्लास्टिक की मुठिया लगी पेंचकस बरामद। डॉ. अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ जौनपुर के पर्यवेक्षण में सोमवार को थानाध्यक्ष नेवढिया अमित कुमार पाण्डेय मय हमराह रात्रि गस्त व देख भाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था ड्यूटी व तलाश वाछिंत अपराधी तिलंगा मोड पर मौजूद थे कि उसी दौरान चौकी प्रभारी उ.नि. सुग्रीव प्रसाद गुप्ता मय हमराह मिले। उसी समय जरिये मुखबीरी एक सूचना प्राप्त हुई जिसके आधार पर प्रा. विद्यालय बेनीपुर उक्त पुलिस टीम पहुची तो आम के पेड़ के नीचे 05 व्यक्ति धूम्रपान करते हुये चोरी की योजना बना रहे थे, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे जिसपर पुलिस टीम द्वारा उन्हें रुकने के लिए चेतावनी दी गयी तो एक बदमाश कालू ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जवाबी कार्यवाही में आत्मरक्षार्थ पुलिस बल द्वारा बदमाश के पैर में लक्ष्य करके फायर किया गया। जिसमें बदमाश कालू घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा, जिसे जीवन रक्षा हेतु मौके से चिकित्सालय भेजा गया उसके अन्य 04 साथी बदमाशो को भी घेराबन्दी कर पकड लिया गया। पकडे गये अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके घर की 03 महिलाओं के पास से तरती बाजार में दिनांक 23/24 नवंम्बर 2024 को हुई साई ज्वैलर्स में चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत मु.अ.सं. 188/2024 धारा 331(4)/305 BNS से सम्बन्धित चाँदी के जेवरात बरामद हुए तथा चोरी के माल को खरीदने वाले स्वर्णकार को भी चोरी गये शेष माल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/ बरामदगीक के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एसके साहू, डीएसए 'ए' और विष्णु भगवान स्कूल को पूरे अंक

अवधनामा संवाददाता



हसी सिंह खुशी सिंह अनुष्का यादव

**प्रयागराज।** एसके साहू क्लब और डीएसए 'ए' ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इसमें प्रयाग गर्ल्स क्लब की हसी सिंह (107 रन, 132 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और खुशी सिंह (98 नाबाद, 112 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) ने पहले विकेट के लिए 226 रन की साझेदारी की। एक अन्य मुकाबले में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को भी पूरे अंक प्रदान किये गये। डीएवी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में प्रयाग गर्ल्स क्लब ने 40 ओवर में एक विकेट पर 227 रन (हसी सिंह 107, खुशी सिंह 98 नाबाद) बनाये। जवाब में एसके साहू गर्ल्स क्लब ने 39.4 ओवर में 9 विकेट पर 228 रन (अनुष्का यादव 62, शालिनी सिंह 44, कात्यायनी पाठक 37, राधा पांडेय 3/29) बना लिए। मैच में मोहम्मद आरिफ व हितेश श्रीवास्तव अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर डीएसए क्लब 'ए' ने 40 ओवर में 202 रन (कार्तिकेय तिवारी 63, जैद 30, मोहित 28, मानस भारती 25 नाबाद, अनुराग राने 2/26, आदित्य राय, कीर्तिमान पांडेय व उत्कर्ष सिंह एक-एक विकेट) बनाकर राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन 'बी' को 40 ओवर में 148 रन (आदित्य राय 31, युग पांडेय 30, उत्कर्ष सिंह 28, मानस भारती 2/14, शौर्य पांडेय 2/18, कार्तिकेय तिवारी 1/33) पर सीमित किया। मैच में शिशिर मल्होत्रा व राहुल सिंह अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर पहले खेलते हुए 12 ओवर में 55 रन रन बनाये थे तभी हनुमानगंज एएस क्लब के कोच ने मैच नहीं खेल रहे खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करना चाहा, अंपायरों ने इसके लिए विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के कप्तान की सहमति मांगी लेकिन उन्होंने सहमति नहीं दी। इसके बाद हनुमानगंज एएस क्लब ने मैच को आगे खेलने से मना कर दिया। मैच का निर्णय विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के पक्ष में करते हुए उसे दो अंक दे दिये गये। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शेख अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जौनपुर (रामपुर )** रविवार की भोर में युवक की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन रामपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने भदोही के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में जाते समय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुम्भापुर भगवानपुर गांव निवासी ऋषि पांडे उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र जगदीश पांडे अपने घर पर सोया था। पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक अनबन की बात सामने आ रही थी रविवार की भोर लगभग 4ः00 बजे युवक अचानक चिल्लाने लगा , परिजन आवाज सुनकर जाग गए तो देखा कि ऋषि दर्द से तड़प रहा था ।ग्रामीणों की सहायता से रामपुर एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने भदोही के लिए रेफर कर दिया, रास्ते में ही ले जाते समय युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार युवक का शरीर काला पड़ गया था ,चर्चा है की युवक कुछ दिनों से दिमागी रूप से बीमार चल रहा था , उसने कुछ विषाक्त पदार्थ खा लिया था। मौके पर पहुंचे जमालापुर चौकी प्रभारी सुरेश सिंह ने पंचनामा कर परिजनों को शव सौंप दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला ने बताया कि युवक की मौत बीमारी से हुई थी , जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिक्रमण को लेकर डीएम सख्त, खुद पैदल चल लिया वस्तुस्थिति का जायजा



**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शहर की यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए सोमवार की दोपहर ढाई बजे बस डिपो से चित्तू पाण्डेय चौराहा तक पैदल भ्रमण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शहर की यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बस डिपो से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए चित्तू पाण्डेय चौराहा तक पैदल भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बलिया सुभाष कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर को सड़क किनारे तथा रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे हुए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि को सड़क चौड़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को फल एवं सब्जी की रेहड़ियों को शिफ्ट कराने के भी निर्देश दिए।

### गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को पांच वर्ष का कारावास

**बलिया।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार की शाम दोषी को पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दोषी का नाम शुभनारायन तिवारी पुत्र सरजू तिवारी उर्फ सूरूज तिवारी निवासी गोपालपुर बैरिया है।

बता दें कि दोषी के खिलाफ बैरिया थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के उपरांत दोषी को पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में निःशुल्क डेंटल कैंप आयोजित



**टूंडला।** नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, फिरोजाबाद में रविवार को निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आवश्यक परामर्श प्रदान करना था। कैंप में विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों डॉ.सर्वेश बंसल तथा डॉ.गुंजन बंसल की टीम ने छात्रों तथा फिरोजाबाद टूंडला तथा आस पास से आए लगभग 200 लोगों के दांतों की जांच की और उन्हें सही दंत स्वच्छता बनाए रखने के टिप्स दिए। साथ ही, दंत संबंधित समस्याओं को रोकने के लिए जरूरी जानकारी और निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया।विद्यालय की प्रधनाचार्या रति शर्मा तथा मैनेजर शिवम ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभिभावकों ने भी इस प्रयास की सराहना की और विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

### चोरी के माल सहित तीन युवक गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना पुलिस ने तीन दिन पूर्व एल एंड टी कंपनी से चोरी हुए माल सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। दो दिन पूर्व भारी मात्रा में चोरी का सामान भी पुलिस ने बरामद किया है थाने क्षेत्र के अंतर्गत एल एंड टी नमामि गंगे प्रोडक्ट पर निर्माण का काम कर रही है। जिसमें दो दिन पूर्व एक बड़ी चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट कंपनी मैनेजर द्वारा थाने में तहरीर दी गई। तहरीर के बाद पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए एक टीम को गठित किया। टीम को रात आठ बजे चोरी के सामान सहित तीन युवकों को एचपी पेट्रोल पंप के सामने हाइवे उसयिनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान चोरों के पास से 864 पीतल की टोंटी बरामद की। गिरफ्तार आरोपी विनय यादव पुत्र रामावतार सत्य प्रकाश पुत्र मुंशीलाल जेपी यादव पुत्र सतीश चंद्र निवासी सलेमपुर नगलाखार थाना टूंडला है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से चारों को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अंजीश कुमार, उपनिरीक्षक राकेश कुमार गिरी, अंकित यादव कांस्टेबल मोहम्मद आरिफ गौरव रावत, हरिश्चंद्र, हरि ओम थे।बहुत जरूरी है-

### मंडल अध्यक्षों का चुनाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर कार्यशाला संपन्न हुए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चुनाव अधिकारी डा जयपाल सिंह व्यस्त मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी डा जयपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी है पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने पार्टी ने पूरे देश में सदस्यता अभियान के तहत घर घर जाकर लोगो को भाजपा का सदस्य बनाया। सक्रिय सदस्यता अभी 5 नवंबर तक होगी सभी बूथों का चुनाव चल रहा है जब पचास प्रतिशत बूथ गठित हो जाएंगे तो मंडल अध्यक्षों का चुनाव 10 से पन्द्रह दिसम्बर तक होना है। जिसको लेकर के आज कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जयनाथ सिंह, ध्रुव सिंह, धनश्याम पटेल, माहेश्वरी कांत पाण्डेय, प्रेम प्रकाश राय, मंजू सरोज, शिवनाथ सिंह, तीजा राम, दिवाकर सिंह राम दर्शन यादव, यशवंत सिंह, विनोद उपाध्याय, पवन सिंह मुन्ना, नन्हकू राम सरोज, हरिवंश मिश्रा, पूनम सिंह, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पिकअप व बाइक सवार की टक्कर एक की मौत दो धायल

**आजमगढ़।** जनपद के फूलपुर कोतवाली के असपतपुर खोजापुर मोड़ के पास सोमवार की दोपहर करीब 1.30 बजे पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गयी। जबकि एक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को फूलपुर अस्पताल भेजवाया। बाइक सवार हेलमेट नहीं पहना था। हेलमेट पहने रहता तो बाइक सवार की जान शायद बच जाती। घटना के बाद पिकअप मौके से फरार हो गया। फूलपुर कोतवाली के गोबरहा गांव निवासी सौरभ 20 वर्ष पुत्र सुनील और प्रिंस उर्फ चौतू 20 वर्ष पुत्र कैलाश बाइक से भोर मऊ की तरफसे जा रहे थे। दोनों बाइक सवार जैसे ही अस्पतपुर खोजापुर मोड़ पर पहुंचे है, तभी पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गए। दोनों बाइक सवार युवकों को अस्पताल फूलपुर लाया गया। अस्पताल ले आने पर सौरभ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल प्रिंस को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया। सौरभ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक सौरभ के पास दो भाई और दो बहन हैं।

### कज राजभर को राज्यमंत्री अनिल राजभर ने दीं श्राद्धाजलिं

**जौनपुर।** जौनपुर जिले में बनारस की शिवपुर विधानसभा से विधायक व उत्तर प्रदेश में श्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर त्रिलोचन महादेव बाजार ग्राम (रेहटी) में स्थित स्वर्गीय पंकज राजभर के घर पहुचे, जिनकी निर्मम हत्या विगत 26 नवंबर की रात्रि में कर दी गई थी, मंत्री ने सर्वप्रथम पंकज राजभर के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और कानूनी मदद के लिए आश्वस्त किया साथ ही साथ आर्थिक मदद कर परिवारजनो को इस बुरे वक्त में सात्वना देते हुए भविष्य में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद एसओ जलालपुर व सीओ केराकत से पूरी घटना क्रम का संज्ञान लिया साथ ही साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

### कार्यालय क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, जलालपुर का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कार्यालय क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, जलालपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में पोर्टल पर धान क्रय के संबंध में जानकारी ली जिसपर धान क्रय केन्द्र प्रभारी अर्पिता अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि अभी तक केन्द्र पर लगभग 4285 कु0 किसानों से धान क्रय किया गया है और 2700 कुंतल धान डिस्पैच कर दिया गया है। समीप स्थित धान क्रय केंद्र लालपुर, महिमापुर के निरीक्षण के दौरान मौके पर किसान गिरजा शंकर का लगभग 125 कु0 और किसान हुबराज का लगभग 80 कुंतल धान क्रय किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि केन्द्र पर अवशेष धान को सम्बन्धित मिलर को प्रेषण करना सुनिश्चित करें एवं केन्द्र पर लघु/मध्यम वर्ग के किसानों को खरीद में प्राथमिकता दी जाये तथा आवक के अनुरूप प्रतिदिन खरीद करना सुनिश्चित करें। इस दौरान केन्द्र पर बैनर प्रदर्शित मिला बोरे पर्याप्त संख्या में उपलब्ध मिले।

### चोरों ने सीसी कैमरे से लैस दुकान को बनाया निशाना

**जौनपुर (सुरेरी)** क्षेत्र के अड़ियार गांव निवासी विजय विश्वकर्मा की हनुमानगंज बाजार वेल्डिंग की दुकान है विजय अपनी दुकान बंद कर देर शाम घर चले जाते थे। प्रतिदिन की भांति रविवार की शाम को भी विजय अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सोमवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान की शटर का ताला टूटा देख हतप्रभ रह गया व दुकान में लगे सीसी कैमरे की फुटेज को खांगला तो देखा कि चोरों का चोरी करते विडिओ फुटेज कमरे में कैद हो चुका था। पीड़ित की माने तो लगभग पंद्रह हजार रूपये का सामान चोर चुरा ले गये। वहीं पीड़ित ने सोमवार की सुबह सुरेरी थाने पहुंचकर चोरी की लिखित सूचना दी। सुचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेरी सुनील कुमार वर्मा ने बताया हजार, दो हजार रूपये की चोरी हुई है जांच की जा रही हैं।

# प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ के लिए नगर निगम ने तेज किया अभियान



- मुख्यमंत्री के ग्रीन महाकुम्भ अभियान का हिस्सा है नगर निगम का प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज अभियान
- 12-12 सदस्यों की 2 जागरूकता और इन्फोर्समेंट टीमें चला रहीं है अभियान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व के सबसे बड़े सम्मेलनों में से एक है। सीएम योगी महाकुम्भ को दिव्य भव्य के साथ ग्रीन महाकुम्भ के तौर पर विकसित करने के निर्देश दिये हैं। सीएम योगी महाकुम्भ के वैश्विक सम्मेलन से प्लास्टिक मुक्त, ग्रीन महाकुम्भ का संदेश पूरे विश्व में फैलाना चाहते हैं। उन्होंने महाकुम्भ को पूरी तरह पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक से मुक्त रखने का संकल्प लिया है। इस दिशा में नगर निगम प्रयागराज भी नगर आयुक्त सीएम गर्ग के निर्देशन में पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रहा है। नगर निगम की टीमें इंफोर्समेंट व्हीकल के साथ शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वालों पर इंफोर्समेंट की कार्यवाही भी की जा रही है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक महाकुम्भ 2025 को स्वच्छ महाकुम्भ, ग्रीन महाकुम्भ बनाने का प्रयास किया जा रहा। इस दिशा में जहां एक ओर मेला प्राधिकरण मेला क्षेत्र को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने की कवायद कर रहा है तो वहीं नगर निगम प्रयागराज भी पूरे शहर को प्लास्टिक फ्री रखने का अभियान चला रहा है। नगर आयुक्त सीएम गर्ग के मार्गदर्शन और निर्देशन में पूरे शहर में 12-12 सदस्यों की 2 टीमें और 6 इन्फोर्समेंट व्हीकल के साथ स्वच्छ प्रयागराज, प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का अभियान चला रही है। उनके निर्देशों के मुताबिक पूरे शहर को 3 नोड और 8 जोन में बांटा गया है। दोनों टीमें पूरे शहर में प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज का जागरूकता अभियान चला रही हैं। साथ ही सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, गंदगी फैलने वालों और नगर निगम के निर्देशों का उल्लघंन करने वाले दुकानदारों के साथ इन्फॉर्मेंट की कार्रवाही भी की जा रही है। चेतावनी के बाद भी नियमों का उल्लघंन करने वालों से जब्ती और चलान वसूली भी की जा रही है।

### जागरूकता के साथ इन्फोर्समेंट की भी की जा रही है कार्यवाही

**प्रयागराज।** नगर निगम विशेष तौर पर महाकुम्भ के दौरान पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखना चाहता है। ताकि महाकुम्भ से स्वच्छ, हरित पर्यावरण का संदेश विश्व पटल तक पहुंचे। नगर निगम प्रयागराज के नागरिकों और दुकानदारों से पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित कर रहा है। प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर कुल्हड़, दोनें, पत्तल व कपड़े और जूट के थैलों के प्रयोग को प्रोत्साहित कर रहा है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के साथ सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसके लिये नगर निगम की जागरूकता और इंफोर्समेंट टीम में 2 ट्रक, एक जेसीबी के साथ 4 गार्ड, 10 गैंगमैन, एक नोडल आरई के साथ अभियान चला रही हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद भी ली जा रही है। प्रयागराज नगर निगम सीएम योगी के स्वच्छ महाकुम्भ और ग्रीन महाकुम्भ के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### हिमांशु ने गंगा डिग्री कॉलेज को जिताया

**प्रयागराज।** गंगा डिग्री कॉलेज ने आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज को पांच विकेट से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में हिमांशु पटेल की अचूक गेंदबाजी (6-0-20-4) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर खेले गए मैच में आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज ने 30 ओवर में 135 रन (रुद्र प्रताप 43, साहिल कुमार 34, हिमांशु पटेल 4/20, आकाश सिंह 2/27) बनाये। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 27 ओवर में 5 विकेट पर 139 रन (सुधांशु 43, आयुष यादव 28 नाबाद, आकाश सिंह 23, अवनीश सिंह 2/39, अमन खान, उज्ज्वल शर्मा, साहिल कुमार एक-एक विकेट) बना लिए।

# वकीलों की हड़ताल 11वें दिन भी जारी, लौट रहे सैकड़ों वादकारी

अवधनामा संवाददाता

- अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की हत्या के विरोध में वकीलों ने काम काज ठप किया

**प्रयागराज।** वकील अखिलेश शुक्ला उर्फ गुड्डू की हत्या के खिलाफ वकीलों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को 11 वें दिन भी वकीलों की हड़ताल जारी रही। कचहरी परिसर जमा वकीलों ने आमसभा कर पुलिस, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने शाम को बैठक कर आगे फैसला लेने का ऐलान किया है। फिलहाल वकीलों की हड़ताल की वजह से कामकाज पूरी तरह ठप है। सैकड़ों केसों की सुनवाई लटकी है। हजारों वादकारी रोज आकर वापस लौट रहे हैं। वकील अपनी मांगों पर अड़े हैं। अपनी मांगों पर अड़े वकील लगातार न्यायिक कार्य से लगातार विरत चल रहे हैं। वकीलों ने कचहरी परिसर के ही टेंट लगाकर कई दिनों तक आमसभा की। अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला हत्याकांड में अब तक की गई प्रशासनिक कार्यकार से असंतुष्ट वकीलों के तेवर तीखे हो गए हैं। वकीलों का कहना है कि जब तक सभी मांगे पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि गिरफ्तारी तत्काल नहीं की गई तो आंदोलन की दिशा और दशा बदलने को मजबूर होना पड़ेगा। वकीलों ने निर्णय लिया है कि अब सड़क पर आम सभा शुरू होगी। वकीलों ने मांग किया है कि परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रूपये, शस्त्र लाइसेंस, सरकारी नौकरी दी जाए। हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। हमलावरों के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं। उन्हे ठेकेदारी में ब्लैक लिस्टेड किया जाए।

# एड्स दिवस पर छात्र छात्राओं आम जन को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शासन के निर्देशानुसार विश्व एड्स दिवस पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत वेदांता नर्सिंग के छात्र छात्राओं द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दृष्टि से रैली, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी, पीपीटी प्रजेंटेशन और नाटक मंचन के माध्यम से जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं ने सर्वप्रथम लच्छीरामपुर स्थित वेदांता हॉस्पिटल से रैली निकाली जो बिलरिया की चुंगी, हर्रा की चुंगी होते हुए जिला अस्पताल पहुंची जहां छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को जागरूक किया है। जिसके बाद वेदांता नर्सिंग के प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ अशोक कुमार ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया है। आए हुए अतिथियों का संस्था के चेयरमैन डॉ शिशिर जयसवाल, डायरेक्टर विशाल जयसवाल और मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक जयसवाल और रित्विक जयसवाल ने स्मृति चिन्ह व साल भेंटकर सम्मानित किया है। अतिथियों द्वारा नर्सिंग के छात्र छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। साथ छात्राओं द्वारा नाटक मंचन के शानदार प्रस्तुति की सराहना की गई। जागरूकता कार्यक्रम में शामिल वेदांता नर्सिंग के लगभग 50 छात्र छात्राओं को सीएमओ, डीटीओ डॉ सुरेंद्र सिंह और दिशा से विजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। डायरेक्टर विशाल जयसवाल ने कहा का हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा वेदांता स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडीकल साइंस को मेंटर ए का दर्जा दिया गया। और हर बार की तरह इस बार भी हमारे विद्यालय ने एड्स जागरूकता कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लिया है। समाज सेवा हो या जागरूकता वेदांता इस तरह को गतिविधियों के लिए तत्पर रहता है।

# स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्लास्टिक मुक्त कुम्भ हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के सुरक्षित, स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त आयोजन हेतु जागरूकता अभियान के अर्न्तगत माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा के.पी. ग्राउण्ड में आयोजित स्कूटी एवं बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी ने रवाना किया। इस अवसर पर जनपद प्रयागराज के माध्यमिक विद्यालयों के दो हजार से अधिक शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्काउट गाइड, बेसिक शिक्षा के शिक्षक/शिक्षिकाएं अपनी-अपनी स्कूटी/बाईक के साथ सम्मिलित हुये। पी.एन. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने जिलाधिकारी एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि प्रयागराज में यह विश्व स्तरीय आयोजन हम सब के लिए गौरव का विषय है। महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने के प्रति कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं समुद्र मन्थन की थीम पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गयी। रैली को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने स्वच्छता शपथ दिलाते हुये कहा कि अध्यात्म और अध्यापक एक दूसरे के पूरक है। शिक्षक समाज में आकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। एम आर शेरवानी इंटर कॉलेज के कला शिक्षक इरशाद अहमद ने जिलाधिकारी प्रयागराज का एक सुंदर व्यक्ति चित्र बनाया जिसे कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा जिलाधिकारी को उन्हें सप्रेम भेंट किया। रैली के.पी. ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर मेडिकल चौराहा, हनुमान मन्दिर चौराहा, पत्थर गिरजा चौराहा, एकलव्य चौराहा, ऐ.जी. आफिस चौराहा, चौधरी चुन्नी लाल चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, हेलीकाप्टर चौराहा, हिन्दू हास्टल चौराहा, इण्डियन प्रेस चौराहा, महर्षि भरद्वाज चौराहा से जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज होते हुये के.पी. इण्टर कालेज मैदान में समाप्त हुयी। कार्यक्रम में एल. बी. मौर्य सह जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉ. बी. एस. यादव, खेल सचिव बृजेश श्रीवास्तव सहित जनपद के राजकीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। समापन के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये रैली में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए सभी की सराहना की।

### भाजपाईयो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दी जन्मदिन की बधाई

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को उनके 64 वें जन्म दिवस पर महापौर कैंप कार्यालय कीडगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी, भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने उनके तस्वीर पर तिलक लगाते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की बधाई दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री के रूप में नड्डा जी का योगदान अतुलनीय है। उनकी कर्मठता और समर्पण ने पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है मेरा नाम पासपोर्ट में TOHID KHAN अंकित है। जिसे हमने अब TAUHEED KHAN पुत्र शमीम खान ,निवासी 364 जुम्मन पुरवा, थौरा आंशिक तहसील बिसवां सीतापुर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# ईवीएम ने भारत में निर्मित स्थानीय स्टोरेज समाधान के लिए रैम और एसएसडी का अनावरण किया

**लखनऊ।** हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, कंप्यूटिंग और मोबिलिटी उत्पादों के मुंबई में अग्रणी विक्रेता और आईटी स्टोरेज सॉल्यूशंस में अग्रणी ईवीएम ब्रांड ने एसएसडी, रैम और अन्य अत्याधुनिक समाधानों के लिए भारत के पहले मेड-इन-इंडिया स्टोरेज उत्पादों के लॉन्च की गर्व के साथ घोषणा की है। यह लॉन्च ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर है, क्योंकि ईवीएम स्थानीय रूप से विकसित और निर्मित मेड इन इंडिया स्टोरेज समाधान पेश करने वाला पहला

**गर्व**

> अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के समान गुणवत्ता के साथ भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले स्टोरेज समाधान पेश करने पर गर्व है।



भारतीय ब्रांड बन गया है।ईवीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक कुणाल हुंडिया ने कहा कि यह एक उत्पाद लॉन्च से कहीं अधिक है, वैश्विक तकनीक क्षेत्र में भारत की क्षमता की घोषणा करना। ईवीएम आने वाले समय में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए स्थानीय रूप से निर्मित स्टोरेज समाधानों को पेश करके इस गति को बनाने की योजना बना रहा है। ईवीएम इंडिया के सीईओ विशाल हुंडिया ने कहा कि ईवीएम का हमेशा से भारतीय उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने का उद्देश्य रहा है। ये मेड-इन-इंडिया स्टोरेज समाधान इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारतीय नवाचार क्या हासिल कर सकते हैं। एक भारतीय ब्रांड के रूप में, हमें अन्य अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के समान गुणवत्ता के साथ भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले स्टोरेज समाधान पेश करने पर गर्व है। यह एक बदलाव लाने के बारे में है। हमारी एक खरीदो दस दो पहल के माध्यम से, हम एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करते हुए बचपन के कैंसर के खिलाफ लड़ाई में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस करते हैं।

# जीएसटी परिषद की ओर से प्रीमियम पर कर घटाने से स्वास्थ्य व जीवन बीमा की लागत कम होगी, बोलीं वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद यदि स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर जीएसटी दरों में कटौती की सिफारिश करती है तो पॉलिसीधारक के लिए बीमा की लागत कम होने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने 9 सितंबर की अपनी बैठक में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी से संबंधित मुद्दों पर समग्र रूप से विचार करने के लिए मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) के गठन की सिफारिश की थी।

उन्होंने कहा, ÷जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दरों की समीक्षा का मामला जीओएम के समक्ष लंबित है। यदि जीएसटी परिषद की ओर से जीएसटी दर में कमी की सिफारिश की जाती है, तो जीएसटी कम होने से पॉलिसी धारक के लिए बीमा की लागत में कमी आने की उम्मीद है।÷

सीतारमण ने यह बात उस सवाल के जवाब में कहा कि क्या स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में कटौती स्वास्थ्य सेवा को अधिक न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक कदम होगा? यह पूछे जाने पर कि सरकार यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि बीमा कंपनियां प्रीमियम बढ़ाकर उपभोक्ताओं को अपने पास रखने के बजाय जीएसटी में किसी भी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएंगीं, सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण से बीमा की लागत कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा, चूंकि जीएसटी दरें बीमा प्रीमियम पर अलग से लागू होती हैं, इसलिए यदि जीएसटी दर कम की जाती है तो इससे पॉलिसीधारक को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है, खासकर प्रतिस्पर्धी बाजार में, जहां कई बीमा कंपनियां हैं। उन्होंने कहा कि इससे बीमा की लागत एक सीमा तक कम हो जाएगी। वर्तमान में जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है।

सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की बैठक 21 दिसंबर को होने वाली है, जिसमें राज्य सरकारों के मंत्री भी शामिल होंगे। इस बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी घटाने के लिए मंत्री समूह की रिपोर्ट पर चर्चा होने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र और राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य सेवा और जीवन बीमा पॉलिसियों से 16,398 करोड़ रुपये जीएसटी एकत्र किया था। इसमें जीवन बीमा से 8,135 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य बीमा से 8,263 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया गया था। इसके



अलावा, पिछले वित्त वर्ष में जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर पुनर्बीमा से जीएसटी मद में 2,045 करोड़ रुपये जुटाए गए, जिसमें जीवन पर पुनर्बीमा से संग्रह किए गए 561 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य सेवा का राजस्व 1,484 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# जीप बनाने वाली कंपनी के सीईओ ने दिया इस्तीफा, तीखी आलोचना के बाद लेना पड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** क्रिसलर, जीप, फिएट और प्यूजो सहित नामी-गिरामी

**विचार**

> स्टेलांटिस के वरिष्ठ स्वतंत्र निदेशक हेनरी डी कैस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि टैवरेस और स्टेलांटिस के निदेशक मंडल के विचार अलग-अलग थे

ब्रांडों की कार बनाने वाली कंपनी स्टेलांटिस के सीईओ कार्लोस टैवारेस ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने रविवार को बताया कि कार्लोस ने बोर्ड के साथ मतभेदों, निराशाजनक बिक्री और सीईओ पद से हटाने की मांग उठने के



बाद पद छोड़ने का फैसला किया।

स्टेलेंटिस की बिक्री में भारी गिरावट, डीलरों के पास बिना बिके वाहनों की अधिकता, कई संयंत्रों में छंटनी, और यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स यूनियन (जो इसके अमेरिकी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है) से इस्तीफे की मांग के बाद कार्लोस टैवारेस ने पद छोड़ा है । इसके अलावे, अमेरिकी डीलरों की एक परिषद की ओर से भी उनके कार्यकाल की तीखी आलोचना की गई थी। स्टेलांटिस के वरिष्ठ स्वतंत्र निदेशक हेनरी डी कैस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि टैवरेस और स्टेलांटिस के निदेशक मंडल के विचार अलग-अलग थे, जिसके कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।

66 वर्षीय पुर्तगाली व्यवसायी टैवरेस, फ्रांसीसी ऑटोमेकर पीएसए ग्रुप, प्यूज़ो के निर्माता और यूरोपीय-अमेरिकी ऑटोमेकर फिएट-क्रिसलर को नए नाम वाले स्टेलांटिस में विलय करने वाले सौदे के केंद्र में थे। यह टोयोटा, फॉक्सवैगन समूह और हुंडई मोटर समूह के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी ऑटोमेकर कंपनी है। जनवरी 2021 में संपन्न हुए उस सौदे से पहले वे पीएसए ग्रुप के अध्यक्ष थे। इस साल की शुरुआत में, यह घोषणा की गई थी कि टैवरेस 2026 की शुरुआत में अपने अनुबंध के अंत में सेवानिवृत्त होंगे।

# सेबी ने रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट पर कसा शिकंजा, बैंक-डीमैट खाते जब्त करने का आदेश



**नई दिल्ली।** सेबी ने रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 26 करोड़ रुपये की बकाया राशि वसूलने के लिए उसके बैंक, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को जब्त करने का आदेश दिया है। यह कदम रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड की ओर से अवैध फंड डायवर्जन के संबंध में नवंबर में जारी किए गए नोटिस के बाद उठाया गया है।

इससे पहले, बाजार नियामक ने 14 नवंबर को रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जिसे अब आरबीईपी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को एक नोटिस भेजा था और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के मामले में धन के अवैध डायवर्जन से संबंधित आरोपों पर इकाई को 15 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था।

# फोनपे ने डेंगू और मलेरिया के लिए किफायती बीमा प्लान लॉन्च किया

**लखनऊ।** आज फोनपे ने अपने प्लैटफॉर्म पर मात्र ?59 वार्षिक की दर से शुरू होने वाले नए डेंगू और मलेरिया इंश्योरेंस प्लान के लॉन्च की घोषणा की। यह किफायती हेल्थ कवरेज प्लान, वेक्टर और वायु जनित बीमारियों से होने वाले मेडिकल खर्चों के लिए साल भर का ?1 लाख तक का कवरेज प्रदान करता है। यह इंश्योरेंस कवर यह भी सुनिश्चित करता है कि खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों के यूजर, पूरे साल ऐसी बीमारियों के कारण होने वाले अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों से वित्तीय रूप से सुरक्षित रहें।यह प्लान फोनपे यूजर को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, जापानी एन्सेफलाइटिस, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू, टाइफाइड, पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस और मेनिनजाइटिस सहित 10+ वेक्टर-जनित और वायु-जनित बीमारियों के खिलाफ व्यापक कवरेज प्रदान करती है। इसके लॉन्च पर, फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के ष्टश्वह्र, विशाल गुप्ता जी, ने कहा कि- ÷फोनपे में, हम सभी के लिए बीमा को आसान और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रोडक्ट का लॉन्च हमारे यूजर के लिए पूरे वर्ष व्यापक कवरेज प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस बीमा के जरिए हमारा उद्देश्य है कि हम अपने यूजर को उनके स्वास्थ्य से जुड़ी किसी समस्या का सामना करने के लिए आर्थिक रूप से सशक्त बनाना। हम चाहते हैं कि अपनी डिजिटल क्षमता के जरिए बीमा सुविधाओं से अछूते भारतीयों तक यह सुविधा पहुँचें और लाखों भारतीय अपने स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं से मुक्त हो सकें।

## क्रिप्टो जागरूकता के लिए कॉइनस्विच ने 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया बिटकॉइन व्हाइटपेपर

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, कॉइनस्विच, ने बिटकॉइन व्हाइटपेपर का अनुवाद 10 क्षेत्रीय भाषाओं में करके क्रिप्टो ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की पहल की है। इस कदम का उद्देश्य लोगों को उनकी मातृभाषा में बिटकॉइन के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराना और उन्हें सशक्त बनाना है।इस पहल पर बात करते हुए, कॉइनस्विच के बिज़नेस हेड, बालाजी श्रीहरि ने कहा, बिटकॉइन व्हाइटपेपर क्रिप्टो क्रांति की नींव है। इसे क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराकर, हमारा लक्ष्य जागरूकता बढ़ाना, उपयोगकर्ताओं को ज्ञान से सशक्त बनाना और क्रिप्टो से जुड़े मिथकों को दूर करना है। यह पहल भारत को क्रिप्टो-रेडी बनाने की हमारी सतत कोशिश का हिस्सा है, ताकि भाषा व्यापक स्वीकृति में बाधा न बने।

# सरकार ने पेट्रोल-डीजल निर्यात पर अप्रत्याशित कर हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने कई महीनों के विचार-विमर्श के बाद सोमवार को एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ), कच्चे तेल के उत्पादों, पेट्रोल और डीजल उत्पादों पर लगने वाले अप्रत्याशित कर को खत्म कर दिया। यह कदम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार के इस कदम से तेल निर्यात करने वाली रिलायंस और ओएनजीसी जैसी कंपनियों को राहत मिलेगी। इस फैसले से उनके सकल रिफाइनिंग मार्जिन में बढ़ोतरी हो सकती है। विंडफॉल टैक्स घरेलू कच्चे तेल उत्पादन पर एक विशेष कर है, जिसे जुलाई 2022 में वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बाद उत्पादकों की अप्रत्याशित लाभ से राजस्व प्राप्त करने के लिए पेश किया गया था।

सरकार के फैसले के बाद सोमवार को दोपहर 1.04 बजे रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर हरे निशान में 1,300.05 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा, सरकार ने पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर सड़क और बुनियादी ढांचा उपकर (आरआईसी) भी वापस ले लिया है। इस संबंध में संसद में एक अधिसूचना भी रखी गई है।

सितंबर में, भारत सरकार ने अगस्त में कच्चे तेल पर 1,850 रुपये प्रति टन से विंडफॉल टैक्स को खत्म करने की घोषणा की थी। डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स को भी समाप्त कर दिया गया था।

रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत और क्रेमलिन पर पश्चिम के प्रतिबंधों के दौरान, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण तेल कंपनियों को अभूतपूर्व लाभ हुआ। इन मुनाफों ने एक ऐसा माहौल बनाया जहां तेल कंपनियों ने बड़ा, एकमुश्त मुनाफा कमाया। इन असाधारण मुनाफों को देखते हुए, सरकार ने घरेलू कच्चा तेल उत्पादकों और निर्यातकों पर विंडफॉल टैक्स लगाने का फैसला किया था।

# कचरे से मूल्य के निर्माण पर 9वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** आइए एक हरित और टिकाऊ विकसित भारत की आकांक्षा करें। लक्ष्य शून्य कचरा हासिल करना और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन सुनिश्चित करना है। हमें प्रसंस्करण, रीसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद डिजाइन में विशेषज्ञता वाले ऐसे कुशल कार्यबल बनाने की आवश्यकता है। कचरे से मूल्य निर्माण पर सीआईआई के 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा, ÷हमें कचरे से मूल्य के सिद्धांत के माध्यम से प्रतिकूलता को अवसर में बदलने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा, कचरे से मूल्य पर सीआईआई के 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने संबोधन में, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि जब हम विकसित भारत पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हमें हरित और टिकाऊ भारत पर भी ध्यान देने की जरूरत है। एक सर्कुलर इकनॉमी का लक्ष्य उत्पाद डिजाइन से लेकर जीवन के अंत तक प्रबंधन तक हर चरण में रिसाइक्लिंग, पुनः उपयोग और कचरे को कम करने पर ध्यान केंद्रित करके कचरे को कम करना है। लक्ष्य शून्य कचरा प्राप्त करना और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन सुनिश्चित करना है। हमें ऐसे कुशल कार्यबल तैयार करने की जरूरत है जो प्रसंस्करण, रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी व पर्यावरण अनुकूल उत्पाद डिजाइन में मदद करे। उन्होंने कचरे को बोझ नहीं बल्कि संसाधन मानने की भी अपील की। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, निर्माण और विध्वंस कचरा प्रबंधन नियम, बैटरी कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम, राख उपयोग अधिसूचना, मोटर वाहन पंजीकरण और स्क्रैप नीति आदि सहित कचरे से मूल्य से संबंधित कई सरकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि प्रभावी कचरा प्रबंधन आर्थिक लचीलेपन, पर्यावरण स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उद्घाटन सत्र में अपने संदेश में, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कचरे से मूल्य के सिद्धांतों के माध्यम से प्रतिकूलता को अवसर में बदलने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार शहरों और राज्यों के तेजी से विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल और नीतियां अपना रही है। शहरों को स्मार्ट सिटी में बदलने के लिए कचरा स्क्रैप एक महत्वपूर्ण माध्यम है और सीआईआई द्वारा विकसित नेशनल सर्कुलर फ्रेमवर्क इस दिशा में एक कदम है। उद्घाटन सत्र में सभा को संबोधित करते हुए, भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव (आईएसडी) श्री बलदेव पुरुषार्थ ने कहा कि भारत वैश्विक सहयोग और अभिनव पहल के माध्यम से एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था को प्राप्त करने और प्लास्टिक कचरे को संबोधित करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। उन्होंने बच्चों, उन लोगों द्वारा पहचाने जाने वाले बेकार से मूल्यवान समाधानों को पहचानने के लिए एक प्रणाली की जरूरत पर जोर दिया, जिनके पास औपचारिक डिग्री, अनुभव या ज्ञान नहीं है। सरकार, उद्योग और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से, हम भारत को सतत विकास पहल में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन वेस्ट टू वर्थ टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन, री सस्टेनेबिलिटी के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री मसूद मलिक ने कहा कि अकेले नवीकरणीय ऊर्जा हमारे शुद्ध शून्य लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकती है, क्योंकि हमारे कार्बन फुटप्रिंट का 40त्न से अधिक सामग्री जैसे स्टील, कांच, लकड़ी, कंक्रीट और प्लास्टिक में अंतर्निहित है। इस अंतर को पाटने के लिए, हमें नवीन रिसाइक्लिंग और संसाधन रिकवरी प्रथाओं के माध्यम से इन सामग्रियों को डीकार्बोनाइजिंग करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे कचरे को टिकाऊ भविष्य के लिए मूल्यवान इनपुट में परिवर्तित किया जा सके।

# वाराणसी में सिंजेंटा की पहली ढ्ढ-ष्टरुश्वह्र परियोजना का उद्घाटन किया

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों को सशक्त बनाने के दृष्टिकोण के साथ कदम मिलाते हुए, वाराणसी के बरौरा हाट बाजार को सिंजेंटा इंडिया की I-CLEAN पहल के तहत विकसित किया गया। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस नए रूप से तैयार किए गए बाजार का उद्घाटन किया। यह बाजार ग्रामीण परिवर्तन का एक मॉडल बनेगा, जहां किसानों, विक्रेताओं और स्थानीय समुदाय के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।माननीय मंत्री ने सिंजेंटा को उसकी अनोखी पहल के लिए बधाई दी, और कहा कि यह उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगी।बरौरा हाट प्रोजेक्ट I-CLEAN का उत्तर प्रदेश में पहला कदम है, जिसे कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और एनजीओ हरितिका के सहयोग से पूरा किया गया है । इस परियोजना के तहत 8 नए शेड बनाए गए हैं, जिनमें उठे हुए प्लेटफॉर्म, शौचालय, सोलर लाइटिंग, बोरवेल, और फर्श की मरम्मत शामिल है। 18 पुरानी दुकानों को भी फिर से बनाया गया है। ये बदलाव जलभराव, सफाई और सुरक्षा जैसी समस्याओं का समाधान करेंगे, खासकर महिलाओं के लिए।

महिलाओं के लिए अलग शौचालय ब्लॉक की सुविधा और बेहतर सुरक्षा के कारण यह बाजार महिला विक्रेताओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बना है।सिंजेंटा इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और कंट्री हेड श्री सुशील कुमार ने कहा, हम खुश हैं कि बरौरा हाट एक आर्थिक गतिविधि के केंद्र के रूप में उभर रहा है। आवश्यक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा देकर, हम ग्रामीण समुदायों, खासकर किसानों, को विकास और समृद्धि के अवसर देना चाहते हैं।

# पैग़ाम 2024 नुक्कड़ नाटक का सफलतापूर्वक समापन



**लखनऊ।** लखनऊ के लोहिया पार्क एमफी थिएटर में वी यंगस्टर्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक श्रृंखला प्रतियोगिता पैग़ाम 2024 पैग़ाम ज़िंदगी का सफल समापन हुआ। पैग़ाम के प्री राउंड में लखनऊ के सिटी लॉ कॉलेज, फिल्म इंस्टीट्यूट ऑफ इमेट्स, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस, गोयल इंस्टीट्यूट, अवध वेलफेयर सोसाइटी(उद्घोष), जी.सी.आर.जी, एल.पी.सी.पी.एस, लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज, बीबीडी, एलयू एवं अन्य विश्वविद्यालयों के 400 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

पैग़ाम 2024 की थीम इस वर्ष ÷ज़िंदगी में ज़िंदगी से ज्यादा जरूरी कुछ भी नहीं है÷। इस थीम के जरिए युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देश में हर साल 4.21% (60 लाख) से अधिक आत्महत्याओं को रोकने व उनके कारणों पर प्रकाश डाला एवं लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। पैग़ाम 2024 के प्री राउंड में सलेक्टेड 10 टीमों को शहर के प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार वरुण टमटा और आनंद असवाल ने चार दिनों तक वर्कशॉप के जरिए निखारा। जिसके बाद उन 10 टीमों ने 10 अलग-अलग स्कूलों में परफॉर्म किया और वहां से चुनी गई तीन टीमें फाइनल तक पहुंची। इस बार के नुक्कड़ नाटक में 1090 वूमेन हेल्पलाइन की महिलाओं और नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लाइंड (नैब) के दृष्टिबाधित बच्चों ने भी नुक्कड़ का प्रदर्शन किया। जिसे देखना बेहद ही विहंगम था। ÷पैग़ाम ज़िंदगी का÷ विषय पर आधारित अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से यह संदेश दिया कि ज़िंदगी अमूल्य है और आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। आज हुए नुक्कड़ प्रतियोगिता के प्रथम प्रस्तुति आईटी गर्ल्स कॉलेज, द्वितीय प्रस्तुति में सिटी लॉ कॉलेज एवं तृतीय प्रस्तुति में एलपीसीपीएस ने ज़िंदगी में ज़िंदगी से ज्यादा जरूरी नहीं की थीम को अपने नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें पहले स्थान पर एलपीसीपीएस, द्वितीय स्थान पर सिटी लॉ कॉलेज और तृतीय स्थान पर आईटी गर्ल्स कॉलेज रही। वहीं कार्यक्रम में मौजूद जजेस श्री अजीत सिंह, श्री दिवाकर सिंह, श्रीमती दिव्या भारद्वाज, श्री नवल कान्त सिन्हा एवं श्रीमती डॉ दीप्ति सिंह और दर्शकों ने अपनी तालियों के माध्यम से इनकी प्रस्तुतियों को खूब सराहा।

# अयोध्या की यात्रा, राम लला के दर्शन से प्रेरित हुए आंध्र प्रदेश के युवा




**प्रयागराज।** स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, विजयवाड़ा से 44 विद्यार्थियों के दल ने शनिवार को अयोध्या का दौरा किया, ये विद्यार्थी एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा संगम के तहत इस यात्रा पर गए।विद्यार्थियों के इस दल की मेजबानी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद ने अपने झालवा परिसर में की। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दिव्य परिसर में आकर इस दल ने गौरवान्वित अनुभव किया।मंगलवार को झालवा परिसर में गर्मजोशी भरे स्वागत के बाद विद्यार्थी दल को आनंद भवन, इलाहाबाद संग्रहालय व चंद्रशेखर आज़ाद पार्क ले जाया गया। इसके बाद 28 नवंबर को वाराणसी की यात्रा हुई जहां विद्यार्थियों ने भारतीय विरासत की पहचान के तौर पर प्रसिद्ध सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन किए जैसे सारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर। एनटीपीसी मेजा और संगम के दौरे तथा महा कुम्भ मेला अधिकारियों से बातचीत के साथ चौथे दिन का समापन हुआ। वापसी से पहले अंतिम दिन को अयोध्या की यात्रा के लिए तय रखा गया जिसमें 30 नवंबर को रामलला के दर्शन करना भी शामिल था।

शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला यह कार्यक्रम देश भर के विद्यार्थियों और युवा पेशेवरों को पांच व्यापक क्षेत्रों में अपना ज्ञान एवं अनुभव बढ़ाने की सुगमता देता है: पर्यटन, परम्परा, प्रगति, परस्पर सम्पर्क और प्रौद्योगिकी।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड ने निवेश शिक्षा पहल डायवर्सिफाई स्मार्टली को लॉन्च किया: हाइब्रिड फंड्स के फायदे

जीवन में, हमें अक्सर दो चरम सीमाओं के बीच चुनना होता है। इसी तरह, निवेश के मामले में किसी को अक्सर उन परिसंपत्ति वर्गों के बीच चयन करने की दुविधा का सामना करना पड़ता है, जिसमें जोखिम के साथ रिटर्न वाले उच्च जोखिम वाली इक्विटी, कम जोखिम वाले डेट और महंगाई के खिलाफ बचाव वाले विकल्प के तौर पर कमोडिटी (सोना, चांदी आदि) के खिलाफ हेज शामिल है। लेकिन क्या हो अगर आप ग्रोथ और स्थिरता के बीच संतुलन बनाकर दोनों का लाभ उठाया जाए? इसके लिए हाइब्रिड फंड को चुनें, जो एक बहुमुखी निवेश विकल्प है और यह एक सिंगल फंड में जोखिम और रिटर्न दोनों को संतुलित करता है।

हाइब्रिड फंड्स क्या हैं?

हाइब्रिड फंड म्यूचुअल फंड स्कीम्स हैं, जो परिसंपत्ति आवंटन और ग्रोथ के लिए इक्विटी (स्टॉक), डेट उपकरणों (बॉन्ड, डिबेंचर, जमा प्रमाणपत्र) और/या सोना, चांदी आदि जैसी जिंसों में निवेश करती हैं। ये फंड विभिन्न जोखिम जरूरतों को पूरा करते हैं और नए निवेश करने वाले व अनुभवी निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त एक विविध और लचीला निवेश विकल्प मुहैया कराते हैं।

हाइब्रिड फंड में निवेश करने के 4 कारण?

हाइब्रिड फंड कई लाभ के साथ आते हैं-

संतुलित जोखिम-रिटर्न- इक्विटी, डेट और/या कमोडिटी को मिलाकर, ये फंड विविध इक्विटी फंडों की तुलना में कम जोखिम के साथ स्थिर रिटर्न देते हैं।

विविधीकरण- निवेशकों को अलग-अलग निवेशों को प्रबंधित करने की आवश्यकता नहीं होती है और न ही उन्हें प्रत्येक परिसंपत्ति वर्ग की अलग-अलग कर देनदारी के बारे में चिंता करने की जरूरत होती है।

परिसंपत्ति वर्गों के बीच बदलाव- पेशेवर फंड मैनेजर रिटर्न को बेहतर करते हुए बाजार की स्थितियों के आधार पर परिसंपत्ति वर्गों के बीच पोर्टफोलियो को बदलते रहते हैं।

निवेश के लिहाज से आसान- व्यवस्थित और विविध ये फंड समझने में आसान हैं और सभी प्रकार के निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं।

**हाइब्रिड फंड के प्रकार**

हाइब्रिड फंडों को परिसंपत्ति आवंटन के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। वे इक्विटी-आधारित हो सकते हैं, जिनमें डेट और मनी मार्केट उपकरणों की तुलना में इक्विटी में उच्च आवंटन (कम से कम 65%) होता है। या ये डेट-प्रमुखता वाले हो सकते हैं, जिसमें डेट उपकरणों में उच्च आवंटन (60-75%) होता है या उनके पास सोने और/या चांदी को शामिल करने के लिए दो से अधिक परिसंपत्तियों के लिए आवंटन हो सकता है।

# एथेनॉल फैक्ट्री के जमीन पर कब्जा दिलाने गई प्रशासन व किसानों में झड़प, 13 किसानों पर केस


प्रशासन व किसानों में झड़प


किसानों को खदेड़ती पुलिस

- कब्जे का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा
- तीन महिला समेत सात किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया


किसान को उठाकर ले जाती प्रशासन

### 176 किसानों की 19 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की गई थी

यह है मामला चीनी मिल द्वारा ढाढ़ा के टोला हरपुर में एथेनाल फैक्ट्री लगाने के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2008 में 176 किसानों की 19.804 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया था। 88 किसानों ने मुआवजा लेकर अपनी 5.32 हेक्टेयर भूमि चीनी मिल को दे दी थी। 86 किसानों ने हाई कोर्ट इलाहाबाद में याचिका दाखिल कर अपनी 14.481 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग की। तीन माह पूर्व हाई कोर्ट ने मिल प्रशासन के पक्ष में आदेश करते हुए याचिका खारिज कर दी। इसके बाद प्रशासन की ओर से गांव में दो बार शिविर लगाकर किसानों से वार्ता कर अधिग्रहित भूमि पर से कब्जा छोड़ने तथा भूमि के बदले सर्किल रेट के चार गुणा मुआवजा लेने की अपील पर किसान नहीं माने।

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** ढाढ़ा चीनी मिल की एथेनाल फैक्ट्री के लिए अधिग्रहित भूमि पर कब्जा दिलाने गई पुलिस व प्रशासन की टीम से किसानों की झड़प हो गई। अधिग्रहित भूमि पर कब्जे का विरोध कर रहे किसानों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा और मिल प्रशासन को कब्जा दिलाया।

भगदड़ में लगभग एक दर्जन किसानों को हल्की चोटें आई। पुलिसिया कार्रवाई से नाराज महिला ने मिट्टी का तेल छिड़क कर जान देने की कोशिश की हालांकि पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। विरोध प्रदर्शन कर रहे 13 किसानों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत सात को हिरासत में लिया है। एडीएम वैभव मिश्र, एएसपी रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सुबह साढ़े 10 बजे 20 थानों की पुलिस ढाढ़ा के टोला हरपुर स्थित एथेनाल फैक्ट्री के लिए अधिग्रहित भूमि पर कब्जा दिलाने पहुंची। अधिकारियों व बड़ी संख्या में पुलिस बल को देख किसान भी मौके पर इकट्ठा हो गए। एडीएम ने किसानों से वार्ता कर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया काफी पहले ही पूरी कर ली गई है, अब सिर्फ कब्जे की बात है। किसानों का कहना था कि एथेनाल फैक्ट्री के कारण अधिकांश किसान भूमिहीन हो जाएंगे। इस बीच कुछ किसान उग्र हो गए। पुलिस ने बल प्रयोग कर विरोध कर रहे किसानों को खदेड़ना शुरू किया तो एक महिला किसान लाची ने गैलन में रखा मिट्टी का तेल अपने ऊपर गिरा लिया। यह देख महिला पुलिसकर्मियों ने गैलन छीनकर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तो किसानों में भगदड़ मच गई। इस दौरान करीब एक दर्जन किसानों को हल्की चोटें भी आई। किसानों के जाने के बाद प्रशासन ने चीनी मिल प्रशासन को जमीन का कब्जा दिलाया। एडीएम वैभव मिश्र के अनुसार, किसानों को नगरीय सर्किल रेट से दो गुना मुआवजा दिया जा रहा है। इनकी मांग इससे अधिक मुआवजा देने की है, जो संभव नहीं है।

# कायस्थ बिरादरी के लोगों ने शिवलिंग स्थापना का विरोध किया

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति द्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर के बाई ओर खाली पड़े भू-भाग पर स्थापित कराए जा रहे शिव लिंग का कायस्थ समाज के उत्थान के दम भरने कुछ कायस्थों ने विरोध कर शिवलिंग स्थापना कार्य को रोक दिया है। इसको लेकर समिति के चित्रांश बन्धुओं के साथ साथ सर्व समाज के लोगो मे रोष व्याप्त है।

इधर शिवलिंग स्थापना का विरोध करने वाले लोगो कहना है कि भगवान चित्रगुप्त के मंदिर शिवलिंग की स्थापना से कायस्थ समाज को क्या लाभ मिलेगा। यह लोग कायस्थ समाज के लोगो को बरगलाकर शिव मंदिर का विरोध मे समर्थन जुटाकर विवाह भवन बनवाने की बात कर रहे है, जिसे चित्रगुप्त मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने एक सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मंदिर परिसर में शिवलिंग की स्थापना नही होगी तो भविष्य को कोई निर्माण भी नही होगा। शिवलिंग स्थापना के पक्ष में समिति पूरे जिले मे सर्व समाज के बीच हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगी। बता दें कि वर्ष 2022 में चित्रगुप्त मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में समिति ने चित्रगुप्त मंदिर परिसर मे बाई तरफ खाली पड़े भू-भाग पर शिवलिंग स्थापित करने, वर्षो से टपक रहे भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर का छत मरम्मत कराने व चित्रगुप्त मंदिर का हाल विस्तार करने का प्रस्ताव सर्वसम्मत से पारित किया गया था।

इसी कडी में 20 नवम्बर को श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, महासचिव संजय चाणक्य, कोषाध्यक्ष हरेंद्र वर्मा आदि ने मंदिर परिसर मे चिन्हित किए भू-भाग पर भूमि पूजा कराकर शिवलिंग स्थापना के लिए निर्माण कार्य करा रहे थे। 24 नवम्बर को कायस्थ समाज के कुछ लोगो द्वारा निर्माण कार्य रोक दिया गया। इसको लेकर सर्व समाज की बैठक कर रायशुमारी कराने की तिथि मुकर्रर की गई। किन्तु शिव मंदिर विरोधियों द्वारा सर्व समाज की जगह सिर्फ कायस्थ समाज के उन लोगो को बरगलाकर बैठक में बुलाया गया जो चित्रगुप्त मंदिर से कम सरोकार रखते है।बैठक श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, महासचिव सचिव संजय चाणक्य, कोषाध्यक्ष हरेंद्र वर्मा, जिला सचिव सुनील श्रीवास्तव सहित समित के कार्यकारिणी सदस्यो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जबकि शिवलिंग स्थापना के के विरोध कर रहे प्रकाश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, धीरेन्द्र मोहन सहाय, प्रमोद श्रीवास्तव प्रियदर्शनी, नवीन उर्फ बब्लू श्रीवास्तव एवं इन लोगो द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त की अस्मिता खतरे मे बताकर इकट्ठा किए गए कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे।

## जनपदीय पुलिस द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई हत्या की घटना का किया गया सफल अनावरण, दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भटनी क्षेत्रान्तर्गत एक बालिका का शव बरामद होने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर एक दिवस पूर्व लड़की की गुमशुदगी के सम्बन्ध में नियमानुसार अज्ञात के विरुद्ध धारा 3(5),238 बीएनएस बढ़ाई गई।

पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री सुनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एवं क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी श्री शिव प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया था । जिसके क्रम में दिनांक 02 दिसंबर को पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों शेषनाथ यादव पुत्र स्व0 कतवारु यादव व उसकी पत्नी 02. सविता देवी निवासीगण बेहराडाबर थाना भटनी जनपद देवरिया को उनके घर से गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर घर के छज्जे पर छिपाकर रखा गया आलात्कल चाकू व दो खुन से लथपत कपड़े बरामद किये गये। उल्लेखनीय है कि मृतका अपने पिता अवधेश यादव निवासी भरेह चौरा थाना भटनी के ननीहाल में उनके मामा के घर विवाह समारोह में सम्मलित होने हेतु आई थी, अभियुक्ता सविता देवी द्वारा बताया गया कि मेरा पुत्र संजय जो मानसिक रुप से बिमार रहता है, के लिए यूट्यूब एवं अन्य माध्यम से मैनें तंत्र-मंत्र की विद्या सीखी है। मेरे सपने में देवी ने आकर कहा था कि अगर किसी नाबालिक की बली दे दोगी तो तुम्हारा पुत्र स्वस्थ्य हो जायेगा। मेरे पति के बड़े भाई (जेठ) गेनालाल यादव पुत्र स्व0 कतवारु यादव का नया मकान पुराने मकान से कुछ दूर पर है जिनके यहां शादी पड़ा हुआ था। विवाह में सम्मलित होने आयी मृतका के पिता अवधेश के हम लोग मामा मामी हैं। मृतका उस दिन खेलते हुए पुराने घर पर आ गई थी, हम लोगों द्वारा उसे बहला फुसला कर रोका गया एवं जब सब नये घर पर चले गए तब मेरे व मेरे पति द्वारा मिलकर घर के आंगन में अपने दरवाजे के पास बच्ची की बली दे दी गई एवं शव को घर से कुछ दूर पर सुनसान जगह पर हमने मक्के के डंठल के बोझ में छिपा दिया था। इस प्रकार अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी से पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### देवरिया दौरे पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 3 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे पर देवरिया आएंगे। अपने प्रवास के दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। देवरिया उपमुख्यमंत्री 03 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:40 बजे देवरिया पहुंचेंगे। इसके बाद वह 11.55 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, देवरिया में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। अपराह्न 01.05 बजे विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जनपद के समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के उपरांत वह जनपद की विकासशील और निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

## उप्र फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष बने एमएलसी धर्मेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता

- भाजपा दिन प्रतिदिन पिछड़ों को सम्मान देने का काम कर रही
- विकास की गंगा चारों तरफ देखने को मिल रहा है

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है इसके उपलक्ष्य में बैठक कर एक दूसरे को मिठाईयां खिला खुशी का इजहार किया। कप्तानगंज कस्बे के सुभाष नगर स्थित प्रताप आश्रम पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई इसमें विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पटाखा फोड एक दूसरे को मिठाई खिला खुशी का इजहार किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने कहा कि भाजपा दिन प्रतिदिन पिछड़ों को सम्मान देने का काम कर रही है जिसका जीता जागता प्रमाण डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह जी हैं। पिछड़ों का सम्मान सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही है। जब से भाजपा की सरकार केंद्र व प्रदेश में बनी है तब से जनता अमन चमन की सांस ले रही है विकास की गंगा चारों तरफ देखने को मिल रहा है। अधिवक्ता राम प्रताप सिंह संतोष जायसवाल ओमप्रकाश तिवारी ने भी बैठक को संबोधित किया। अध्यक्षता बृजेश मिश्रा व संचालन प्रदीप अग्रहरि ने किया। इस दौरान दुर्गेश जायसवाल अरविंद मद्धेशिया संतोष मद्धेशिया अमरनाथ यादव योगेंद्र सिंह राजेंद्र यादव अभिजीत सिंह सुरेश सिंह महेश सिंह प्रवीण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### जिला प्रशासनिक अधिकारी के बजाय डिप्टी सीएमओ से जेम पोर्टल से संबंधित कार्य संपादित किए जाने की शिकायत




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिले के बांकी सिंगही गांव निवासी विजय प्रताप सिंह ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखकर जनपद देवरिया के सीएमओ कार्यालय द्वारा जेम पोर्टल से संबंधित कार्य जिला प्रशासनिक अधिकारी के जगह पर डिप्टी सीएमओ से संपादित किए जाने की शिकायत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। डिप्टी सीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता विजय प्रताप सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश में कहा गया है कि सीएमओ कार्यालय के जिला प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय में स्थापित आईटी सेल के प्रभारी होंगे। वह नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन के नोडल अधिकारी भी होंगे। उनके द्वारा जेम पोर्टल से संबंधित कार्य संपादित किए जाएंगे। बावजूद इसके जनपद देवरिया के सीएमओ कार्यालय में जिला प्रशासनिक अधिकारी के रहते हुए भी जेम पोर्टल से संबंधित कार्य उनसे न कराकर डिप्टी सीएमओ से कराए जा रहे हैं, जो शासनादेश के खिलाफ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय भ्रष्टाचार में लिप्त है एवं कार्यालय में बैठे अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का उचित निर्वहन नहीं किया जा रहा है। अतः शिकायतकर्ता ने इस प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में कार्यरत कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनकी फोटो नाम सहित कलेक्ट्रेट में लगाई जाएगी। इसका उद्देश्य जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना है। इसके तहत माह नवंबर 2024 में जनपद के अलग-अलग विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 स्टार परफॉर्मर को चिन्हित किया गया है जिनमें अमित विश्वकर्मा ईडीएम अमेठी आशीष गुप्ता लाइनमैन विद्युत (संविदा) मोहनलाल सफाई कर्मचारी सवितापुर तिलोई श्रीमती नूतन मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय पन्हौना सीमा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री आंगनबाड़ी केंद्र गोदें श्याम सुंदर लेखपाल अनिल कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी बहादुरपुर मोहम्मद सफीर उल्लाह ग्राम विकास अधिकारी बहादुरपुर उर्मिला तिवारी आशा ब्लाक जगदीशपुर बेचू प्रसाद सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज के नाम शामिल हैं। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह चलाया जाएगा।

### पड़ने लगी कड़ाके की ठंड, नहीं जले अलाव

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर अभी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं हुई है। सोमवार को मौसम काफी सर्द रहा राहगीर अलाव तापने को मजबूर हुए। स्थानीय प्रशासन की ओर से बस स्टेशन रेलवे स्टेशन तहसील परिसर अस्पताल परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलाए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। अलाव न जलने के कारण लोग सर्दी में ठिठुरने को मजबूर हुए ग्रामीण अंचल के विभिन्न चौराहों पर भी अभी तक अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। सोमवार को सुबह कड़ाके की सर्दी के कारण लोगों को अलाव की जरूरत महसूस होने लगी है। सुबह शाम पड़ रही कड़ाके की सर्दी लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही है हालांकि दिन में तेज धूप खिल रही है लेकिन रात का मौसम काफी सर्द है।

# फाइलेरिया मरीज की खोज में सहयोग करें पीएसपी : नवीन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरी से सम्बंधित फाइलेरिया मरीजों को सोमवार को पंचायत भवन पर पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सहयोग से एमएमडीपी प्रशिक्षण व किट वितरित किया गया। मरीजों को फाइलेरिया बीमारी, उससे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सीएचओ द्वारा डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ-सफाई व्यायाम के माध्यम से हाथीपांव की सूजन को कम करने और फाइलेरिया रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 13 फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया मरीज कार्ड के साथ 12 दिन की खुराक भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक नवीन प्रकाश भारती ने कहा कि कहा कि पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्य रोगी हितधारक मंच सहयोग कर फाइलेरिया मरीजों की खोज और उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाने में सहयोग करें और हाईड्रोसील के मरीजों को चिन्हित कर उन्हे सर्जरी के लिए तैयार करें। फाइलेरिया निरीक्षक अनिल पाण्डेय फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, अभी तक इसका कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है।

## डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर हुई तैयारी बैठक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** क्षेत्र के और चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के आगमन को लेकर पार्टी पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक हुई। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि 3 दिसंबर को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन जिले में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री 11:45 बजे पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरेंगे उसके बाद जिला पंचायत सभागार में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे तदोपरांत कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और जनपद में हो रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, राजेश मिश्रा, जयनाथ कुशवाहा, प्रभाकर तिवारी, अर्चना पांडे, ओंकारनाथ मिश्रा, निर्मला गौतम, अंकुर राय, आराधना पांडे, गिरिजेश सिंह, एडिशनल एसपी दीपेंद्र चौधरी, सी ओ सिटी और कोतवाल उपस्थित रहे।

## शिविर में खतौनी को आधार कार्ड से लिंक किसानों ने बढ़चढ़ प्रतिभाग किया

अवधनामा संवाददाता



**फाजिलनगर, कुशीनगर।** तमकुही राज तहसील के अमरवा खुर्द में राजस्व तथा कृषि विभाग की टीम ने शिविर लगाकर कर किसानों के खतौनी का आधार से लिंक कराया। जिसमें किसानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सरकार ने किसानों के सुविधा के लिए किसानों के भूमि का आधार से जोड़ने का कार्य शुरू कराया है जिसके क्रम में लेखपाल बविता गौतम, कृषि विभाग के संजना कुमारी अपने सहयोगियों के साथ पूर्व सूचना के आधार पर सोमवार को दिन के डॉ बजे गांव पहुंची टीम ने किसानों का आधार से खतौनी जोड़ने का कार्ड शुरू किया जिसके 56 किसानों का आधार लिंक किया गया। लेखपाल बविता गौतम ने बताया कि कई किसान अपने आधार ने मोबाइल नम्बर लिंक नहीं करा पाए है जिससे उनका खतौनी लिंक नहीं हो सका है उन सभी किसानों को तत्काल अपने आधार में मोबाइल नामवर लिंक कराने का सलाह दिया गया है। सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना में शत प्रतिशत किसानों का खतौनी आधार से लिंक किया जायेगा। **विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित**– फाजिलनगर, कुशीनगर। 33 हजार के लाइन का मरम्मत कार्य होने के चलते मंगलवार और बुधवार को दिन के बारह बजे से पांच तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए एसडीओ विद्युत फाजिलनगर ने बताए कि कसया से उपकेन्द्र को सप्लाई करने वाली मुख्य लाइन का का मरम्मत कार्य चल रहा है रहा जिससे उक्त दो दिन तक बारह बजे से पांच घंटे बिजली आपूर्ति बन्द रहेगी। पुनः गुरुवार से शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति किया जायेगा।

# बच्चों को जरूर पिलाये पोलियो की खुराक : डीएम

## 8 दिसंबर को बूथ डे, 1769 बूथ पर पिलायी जाएगी पोलियो की दवा

- 0-5 आयु वर्ग के पांच लाख बच्चों को पिलायी जाएगी पोलियो की खुराक
- डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में पल्स पोलियो अभियान के लिए जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा जिले में 8 से 16 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा।

अभियान के तहत जिले में पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। अभियान के पहले दिन 8 दिसंबर को बूथ पर दवा पिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त हो चुका है लेकिन पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे कुछ देशों में पोलियो अब भी है। लिहाजा इसके फिर से लौटने की आशंका बनी रहती है। इसी वजह से पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसी भी हालत में इसे अपने देश में पुनः न लौटने दिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक न होने दें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की खुराक अनिवार्य रूप से पिलाये। डीएम ने कहा कि दो बूंद पोलियो की खुराक हर साल पिलाये जिससे देश को पोलियो पर मिली जीत बरकरार रह सके। डीएम ने कहा कि पहले दिन पल्स पोलियो की दवाई से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दिन से घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दवा पिलाई जायेगी। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि अभियान के दौरान करीब पांच लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी । अभियान के संचालन के लिये कुल 1769 बूथ बनाये गये है। इसी प्रकार 115 ट्रांजिट बूथ और 45 मोबाइल टीमें भी बनाई गई है। सुपरविजन के लिए 326 सुपरवाइजरों की डयूटी लगाई गई है। अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर सीडीओ प्रत्यूष पांडेय जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डीपीएम पूनम, डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ के प्रतिनिधि सहित अन्य विभाग के लोग मौजद रहे।

## जीवन भक्तिमय होकर ही पहुंचता है भगवत सत्ता के करीब

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** स्थानीय विकास खंड की डेढ़ पसार ग्रामसभा के परशुरामपुर गांव में देव प्रकाश पांडेय के यहां चल रही श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास संतोष जी महाराज ने कई मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। कपिल भगवान के अवतार से कथा की शुरुवात करते हुए बताया कि मनुष्य तन देवताओं से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। जड़ भरत के चरित्र आख्यान करते हुए ध्रुवजी की जन्मपर्यंत कथा कहते हुए व्यास जी भी भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि मां के प्रति बेटे का प्रेम देखना हो तो ध्रुव की कथा सुननी चाहिए। सती चरित का विस्तृत विवेचन करते हुए आचार्य ने कहा कि नारियों को सती चरित्र से सीखना चाहिए। भगवान शंकर के प्रति सती का जो प्रेम था वह अद्वितीय था अद्भुत था। हमारे देश की नारियों में उसी का अंश परिलक्षित होता है लेकिन आवश्यकता इस बात की है की सती जी जैसा प्रेम आज की नारियों में और भी प्रगाढ़ होना चाहिए। जिसके अनुकरण से जीवन भक्तिमय होकर भगवत सत्ता के करीब पहुंच जाता है। अंततः श्री भागवत भगवान की आरती के साथ आज की कथा का विश्राम हुआ। इस मौके पर रामदेव तिवारी घनश्याम शुक्ला राम प्रसाद तिवारी शिव प्रकाश पांडेय वेद प्रकाश पांडेय प्रदीप पांडेय धर्मेंद्र पांडेय जगदीश पांडेय गोपी नाथ पांडेय राज कुमार दुबे श्याम सुंदर हरिश्चंद्र शुक्ल विष्णु कुमार बालगोविंद मोहन पांडेय राम तिवारी गिरिजाशंकर शुक्ला त्रियुगी नारायण शुक्ल अजय तिवारी रवि सिंह आदि प्रमुख श्रोता उपस्थित रहे।

# सेवा से संतृप्तिकरण आमजन को खुशहाल बनाने का अभियान: मोनिका

अवधनामा संवाददाता





## सेवा के दूसरे चरण का हुआ आगाज़ ज़रूरत मंदो के चेहरों पर दिखाई पड़ी मुस्कान

**बहराइच।** जरूरतमंदों को एक स्थान पर सभी तरह की समस्याओं से निजात दिलाने के उद्देश्य से जल्द से जल्द जिले को प्रदेश में सबसे आगे लाने के लिए लगातार पूरी क्षमता के साथ साथ दिन रात एक करते हुए डीएम मोनिका रानी की मेहनत जरूर रंग लाएगी जब बहराइच नीति आयोग सहित सभी को अगली पंक्ति में खड़ा दिखाई देगा इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण का आज ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत अलिया बुलबुल में भव्य शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के साथ माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने गऊमाता का पूजन कर 02 परिवारों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोदान भी किया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय, रिसिया जमाल की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।शिविर का शुभारम्भ करने के उपरान्त जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, राजस्व, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन, कौशल विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, श्रम, बैंक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल सके इसके लिए सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से प्रयास करना होगा। उन्होंने अब तक विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित योजनाओं के लाभ शत-प्रतिशत आच्छादित किये जाने के निर्देश भी दिये।शिविर में विभागवार लगाये गये स्टालों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि, विद्युत एवं आपूर्ति विभागों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों के संतृप्तिकरण में शिथिलता पाये जाने तथा अभिलेखों का रख-रखाव समुचित ढंग से न किये जाने पर सम्बन्धित विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं व बच्चों से वार्ता करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालय अलिया बुलबुल के बच्चों से उन्हें मिड-डे-मील, फल-दूध इत्यादि प्राप्त होने के सम्बन्ध में पूछने पर बच्चों द्वारा फल प्राप्त न होने के बारे में जानकारी दी। जिस पर डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम प्रधान के विरूद्ध जांचोपरान्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।अलिया बुलबुल में आयोजित शिविर के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सीडीओ व अन्य अधिकारियों के साथ 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 05 बच्चों का अन्नप्रासन, 10 महिलाओं को बेबी किट, 05 लोगों का आयुष्मान कार्ड, 03 टीवी मरीजों को पोषण दलिया किट, 02 कुष्ठ रोगियों को जूता किट, 09 नये जोड़ों को शगुन किट, 02 लोगों को फार्मर रजिस्टर, 03 लाभार्थियों को किसान निधि, 05 लोगों का राशन कार्ड, 02 महिला स्वयं सहायता, 02 लाभार्थियों को सामुदायिक निधि, 02 को पीसीएल,05 महिलाओं को वृद्धा पेंशन, 01 को विकलांग पेंशन, 03 महिलाओं को विधवा पेंशन, 05 लाभार्थियों को पीएम आवास, 01 लाभार्थियों को सीएम आवास, मनरेगा के तहत 05 लाभार्थियों को जाब कार्ड तथा 05 लाभार्थियों को शौचालय हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी से लेकर ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एबीवीपी की राणा प्रताप कॉलेज इकाई हुई घोषित



**सुलतानपुर/अवधनामा संवाददाता।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कॉलेज इकाई का चुनाव संपन्न हुआ । चुनाव अधिकारी के रूप में विभाग प्रमुख डॉ संतोष कुमार सिंह अंश ने इकाई के नवीन दायित्वधारियों के नाम को घोषित किया। कॉलेज की इकाई के अध्यक्ष के रूप में राहुल यादव, इकाई मंत्री अंशिका सिंह, इकाई के उपाध्यक्ष के रूप में अभिषेक यादव ,आदित्य मिश्रा, काजल सिंह, संदीप, सह मंत्री के रूप में रश्मि,शुभम मौर्य ,सृष्टि उपाध्याय, मुस्कान सिंह, एसएफडी संयोजक के रूप में विवेक निषाद, एसएफएस संयोजक के रूप में आभा शर्मा, सह संयोजक दिवाकर, खेलो भारत संयोजक चंद्रिका एवं सह संयोजक अनामिका, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक साक्षी सिंह एवं सहसंयोजक स्वाती भीम, सोशल मीडिया संयोजक के रूप में कीर्ति गुप्ता, मीडिया प्रतिनिधि के रूप में धर्मवीर, कार्यकारिणी सदस्यों में हर्ष, रवि, इंद्रमणि मिश्रा, मनीष दुबे, काजल यादव ,मनीषा पाल,नेहा, संध्या तिवारी, मानसी, मौसमी, नीतू, आँचल, प्रीति, अर्चना, दिशा, शीबा बानो, शांति, सौम्या, आकाश, आदर्श, शिवांश, नंदिनी, सुधा अंजलि, अनामिका, प्रज्ञा प्रार्थना, शालू अमन सिंह,चुने गये। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रांत सह मंत्री शुभेन्द्रवीर सिंह, विभाग संयोजक शिवम दुबे, जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय, नगर मंत्री आदर्श, सहमंत्री शुभम तिवारी, मारुत, अमन राठौर, लक्ष्मीकांत मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न पर जनाक्रोश रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच** हिन्दू रक्षा समिति बहराइच द्वारा बांग्लादेश में हिन्दू उत्पीड़न के विरुद्ध दिनांक 03/12/2024 दिन मंगलवार प्रातः 11:00 बजे एक जनाक्रोश रैली का आव्हान किया गया है जिसका एकत्रीकरण गेंदघर में होना सुनिश्चित हुआ है।रैली छावनी चौराहा, घंटाघर चौक, पीपल तिरहा, नगरपालिका होते हुए धरना स्थल निकट जिलाधिकारी कार्यालय पहुचेगी। तदुपरांत बांग्लादेश में हिंदू जनमानस एवं हिंदू धर्म स्थलों पर किए जा रहे हमले के विरुद्ध राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। यह जानकारी समिति के जिला संयोजक धनंजय सिंह एडवोकेट ने दी।

# पैराडाइज की छात्रा ने विद्यालय व जिले का नाम किया रोशन

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय पैराडाइज पब्लिक स्कूल की छात्रा का शूटिंग बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ सिलेक्शन। आपको बताते चलें कि शूटिंग बॉल स्टेट लेवल चैंपियनशिप का आयोजन सहारनपुर में 26 से 28 अक्टूबर तक हुआ था। उस प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश में से बालक एवं बालिका वर्ग में नेशनल चैंपियनशिप के लिए 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिसमें शहर के विद्यालय पैराडाइस पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा चित्रांगदा का चयन शूटिंग बॉल नेशनल चैंपियनशिप में जूनियर बालिका वर्ग के लिए हुआ है। आपको बताते चलें कि विगत कई वर्षों से पैराडाइस स्कूल के बच्चों का लगातार नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हो रहा है। इस वर्ष भी पैराडाइस की छात्रा ने शूटिंग बॉल नेशनल जूनियर बालिका टीम में अपना स्थान बनाकर जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा का नेशनल टीम में चयन होने पर विद्यालय की प्रबंधक लता पाण्डेय, प्रधानाचार्य डॉ0चंद्र प्रकाश पाण्डेय,बबिता तिवारी, सारिका, रंजना, मुकेश चतुर्वेदी, आशीष एवं विद्यालय के स्टाफ एवं शूटिंग बॉल संगठन के जिला सचिव अमर यादव ने छात्रा को बधाई दी है।

## मरहूम रशीद खान के चेहल्लुम की मजलिस आयोजित



**सुल्तानपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मरहूम रशीद खान के चेहल्लुम की मजलिस प्रातः10 बजे उसरा बंगलवा गोराबारिक़ शिया मस्जिद में आयोजित हुई। उक्त कार्यक्रम के क्रम में दो मजलिस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ मौलाना सैय्यद मशरेक़ैन अब्बास सुल्तानपुर के द्वारा हुआ ।पहली मजलिस को मौलाना मुशीर अब्बास ने सम्बोधित किया। पहली मजलिस के तत्काल बाद दूसरी मजलिस आयोजित हुई जिसे मौलाना सैय्यद क़म्बर अली रिज़वी रायबरेली ने सम्बोधित किया। मजलिस में सुल्तानपुर शहर के अमहट, तुराबखानी, मनियारपुर, हसनपुर, चुनहा, इसौली, चककारीभीट आदि स्थानों से सैकड़ो की संख्या में इमाम हुसैन के चाहने वालों ने उपस्थित होकर मरहूम के घरवालों को शोक सांत्वना देते हुए मजलिस में शिरकत की। शोकाकुल परिवार के सदस्यों मास्टर हसन अली खान, मोहम्मद हुसैन खान, क़मर अब्बास खान आदि ने उनके पिता की मजलिस के कार्यक्रम में शामिल हुए सभी इमाम हुसैन के चाहने वालों का आभार व्यक्त किया।

## घबराया पीड़ित पहुँचा चौकी, एसओ ने कहा उन्हें मामले की जानकारी नही

**सुल्तानपुर, बल्दीराय।** थाना क्षेत्र के वल्लीपुर इलाके में अब दबंग का इकबाल धीरे-धीरे और बुलंद हो गया है । जेल से छूटे बदमाश ने पुलिस के रौब को धूलधूसरित करते हुए दोनों हाथों में असलहा पकड़ कर ललकार रहा है। अपने बंदूक तो देखी होगी लेकिन देसी अद्धी भी देख लीजिए।बदनपुर क्षेत्र अंतर्गत पूरे धनी धर मिश्र का पुरवा में रविवार को दबंग ने खूब डायलॉग मारा जो जनपद में यह दर्शाता है कि दबंगो को किसी का खौफ नही रह गया है।यह नामचीन बदमाश कैमरे में कैद हो गया है।अब देखना है कि पुलिस इस इलाकाई बदमाश से कैसे निपटती है।पीड़ित ने कहा कि रविवार की शाम डायल 112आयी और कहा कि चौकी जाकर प्रार्थना पत्र दीजिये। फिर पीड़ित चौकी पहुँचकर दरख़्वास्त देकर अपने जान माल की गुहार लगाई। एसओ बल्दीराय ने ने कहा उन्हें प्रकरण की जानकारी नही है।

## एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह निर्विरोध चुने गए प्रबंधक




**सुल्तानपुर।** एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह एक बार फिर महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज उतुरी के निर्विरोध प्रबंधक चुने गये हैं। प्रबंध समिति का अध्यक्ष रघुनाथ सिंह को चुना गया। समिति में उपाध्यक्ष संजय सिंह, उपप्रबंधक अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह चुने गये। साथ ही विद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया गया। जिसमे जयप्रकाश सिंह, डॉ अजय सिंह, जगदीश प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, गया प्रसाद सिंह, रामलाल यादव, बृजेंद्र कुमार को सदस्य चुना गया। प्रबंध समिति की चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक जीआईसी केनौरा के प्रधानाचार्य रविप्रकाश मौर्या तथा चुनाव अधिकारी नेशनल इंटर कॉलेज कादीपुर प्रधानाचार्य डॉ केडी सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ।




श्री नरेन्द्र मोदी
मा. प्रधानमंत्री



श्री योगी आदित्यनाथ
मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार



श्री ए.के. शर्मा
मा. नगर विकास एवं उर्जा मंत्री

कार्यालय-नगर पालिका परिषद, टाण्डा- अम्बेडकरनगर

नगर पालिका परिषद टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर के नागरिकों से अपील :-

1. नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में अपना सहयोग करें, सड़को, नालो/नालियो में कूड़ा कदापि न डाले।
2. अपने घरों में गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग स्त्रोत में पृथक्करण कर एकत्र करने हेतु हरे एवं नीले रंग के डस्टविन का प्रयोग करें।
3. नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में अपना सहयोग करें, सड़को, नालो/नालियो में कूड़ा कदापि न डाले।
4. सूखा कूड़ा हरे डस्टविन में एवं गीला कूड़ा नीले डस्टविन में एकत्र करें।
5. अपने घरों का कूड़ा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मचारियों को ही दे।
6. खुले में शौच न जाये। अपने घरों में शौचालय का प्रयोग करें तथा सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।
7. प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करें। और न ही दूसरों को करने दें। पालीथीन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। प्रतिबंधित पॉलीथीन/कैरीबैग के प्रयोग करने व विक्रय करते पाये जाने पर रू0 25000.00 तक का जुर्माना हो सकता है।
8. सार्वजनिक मार्गो/पटरियों/नालियों के ऊपर भवन निर्माण एवं विध्वंश सामग्रियों को कदापि न रखें अन्यथा दोषी व्यक्ति के विरूद्ध मां0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली-2016 की सुसंग धाराओं के अन्तर्गत जुर्माना आरोपति/वसूली की कार्यवाही की जायेगी।
9. निकाय में किसी प्रकार की शिकायत हेतु टोल फ्री नं0-1533 एवं 14420 पर काल करें।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में अपना सहयोग प्रदान करे।
11. खुले में शौच मुक्त व्व्श्र प्रमाणीकरण में अपना सहयोग प्रदान करें।
12. जल अमूल्य है इसका संरक्षण एवं सदुपयोग करें।
13. सार्वजनिक मार्गो/सड़कों, गालियों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
14. खुले स्थानो/भूमि पर वृक्ष लगायें, पर्यावरण को सुरक्षित बनायें।
15. नगर पालिका परिषद टाण्डा के समस्त देयों/करो का भुगतान समय से करें।
16. पी0एम0 स्वनिधि योजना अन्तर्गत रेहड़ी पटरी वालों को अपने व्यवसाय को नई उड़ान हेतु ऋण का लाभ प्राप्त करें।

(अरविन्द त्रिपाठी)
उपजिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद टाण्डा
अम्बेडकरनगर

(समस्त सभासदगण)
नगर पालिका परिषद टाण्डा
अम्बेडकरनगर

(शबाना नाज)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद टाण्डा
अम्बेडकरनगर

# दूकानदारों को उजाड़ कर फिर से शुरू हुआ अतिक्रमण

- नगरपालिका और जल संस्थान गेंद डाल रहे एक दूसरे के पाले में



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** आमजन को जाम के झाम से निजात दिलाने और कस्बे में सुंदरी करण के नाम पर नगरपालिका द्वारा जमकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है जबकि अधूरी बनी नाली में फिर से दूकानदारों को बसा कर सरकारी रुपये को ठिकाने लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।वहीं इस मामले में नगरपालिका और जलसंस्थान गेंद को एक दूसरे के पाले में डाल रहे हैं।

कस्बे में हर दिन लगने वाले जाम से आमजन को निजात दिलाने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा पिछले महीने अतिक्रमण कारियों पर चाबुक चलाते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने का काम किया था जो शुरू से ही विवादों में रहा था क्योंकि नगरपालिका द्वारा कोई निर्धारित मानक न तय कर सिर्फ नाली को ही मानक मानकर अतिक्रमण हटाने का काम किया था जो कहीं चार फीट तो कहीं चौदह फीट रहा था।

बताते चलें कि नगरपालिका द्वारा अतिक्रमणकारियों को हटाने के बाद जल संस्थान की बाउंड्री से जोड़कर नाली निर्माण किया गया है लेकिन सबसे विचित्र बात यह है कि नगरपालिका द्वारा सिर्फ एक साईड पर बिना छपाई के नाली का निर्माण किया गया है जबकि दूसरे साईड जो आवश्यक है नाली नहीं बनाने को लेकर कस्बे में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग खुल कर नगरपालिका द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की गाथा गाते नहीं थक रहे हैं। इतना ही नहीं अवैध अतिक्रमण के नाम पर हटाए गए टीन टप्परों और गुमटियों को फिर से अधूरी बिना छपाई की बनी नालियों और अधूरी बनी सड़क पर बसाया जा रहा है जो लोगों के गले नहीं उतर रहा है इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने बताया कि अवैध अतिक्रमण हटाने का काम नगरपालिका द्वारा किया गया है अब अगर कोई दोबारा से डब्बा रख रहा है तो वह जल संस्थान का काम है उनकी बाउंड्री में अतिक्रमण होता है तो वह स्वयं जिम्मेदार हैं वहीं जलसंस्थान के जेई विश्वलेंद्र ने बताया कि अगर हमारी बाउंड्री वाल के अंदर कोई अतिक्रमण होता है तो वह हमारी जिम्मेदारी है लेकिन अगर हमारी बाउंड्री के बाहर कोई अतिक्रमण करता है तो नगरपालिका ने ही अपनी शक्ति से हटाया है और बसाने की शक्ति भी उनके पास ही है। बताते चलें कि नगरपालिका द्वारा सुंदरीकरण के नाम पर इस तरह ही अधूरी बिना छपाई की नालियों और अधूरी बनी सड़क के नाम पर ही करोड़ों रुपए के बजट को ठिकाने लगाने की रूपरेखा पहले से ही तैयार कर ली है और उसी आधार पर ही नगरपालिका द्वारा काम किया जा रहा है।

# खेलकूद सप्ताह का शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आज खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य एवं डीटीसी सीबीएसई डॉ. कैलाश चंद्र यादव और डॉ.शिवेंद्र ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिताओं के पहले दिन छोटे बच्चों के लिए जलेबी रेस, बैलून रेस, लेमन स्पून रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस, और फॉग जंप रेस जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खूब आनंद उठाया। इसके साथ ही, टीम इवेंट्स के लीग मैचों की शुरुआत हुई। इनमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार और क्रिकेट जैसे खेल शामिल रहे। छात्रों ने अपने जोश और टीम भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ÷खेलकूद जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। ÷ उन्होंने जोर देकर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बच्चों के जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। डॉ.यादव ने यह भी कहा कि पान कुंवर परिवार अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को न केवल शारीरिक रूप से सक्रिय बनाती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम वर्क जैसे गुणों का विकास भी करती हैं। यह सप्ताह भर चलने वाला खेलकूद उत्सव छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा, जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और नई सीख हासिल करने का अवसर मिलेगा।

# नहीं रहे हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल डा. शोएब अहमद चिश्ती

वहाज अली निहाल



**इटावा।** हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कहे जाने वाले डॉक्टर शोएब अहमद चिश्ती नईमी सज्जादा नशीन अस्ताना आलिया दरगाह एनुन नईम डा.बन्ने मियां साबित गंज इटावा का रविवार को सुबह निधन हो गया वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर शहर में शोक की लहर दौड़ गई।

मरहूम डॉक्टर शोएब अहमद डा.बन्ने मियां के भांजे के साथ दामाद भी थे, उन्होंने इस्लामिया इंटर कालेज में शिक्षा ग्रहण की। मरहूम डॉक्टर शोएब अहमद चिश्ती नईमी लगभग 70 वर्ष के थे और पिछले दो माह से किडनी रोग से पीड़ित थे उनका आगरा से इलाज चल रहा था, रविवार को उनका निधन हो गया। मरहूम डॉक्टर शोएब अहमद ने कई मौकों पर शहर में अमनचैन का पैग़ाम देते हुए हिन्दू मुस्लिम भाईचारा बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। शहर में जब भी कोई बड़े धार्मिक आयोजन होते थे तो प्रशासन मरहूम डॉक्टर शोएब अहमद चिश्ती नईमी का सहयोग लेता था। सभी लोग मरहूम डॉक्टर शोएब अहमद चिश्ती नईमी का बहुत सम्मान करते थे, उनकी हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल के नाम से जिले में पहचान थी। उनके निधन से जिले सहित आसपास के जनपदों में शोक की लहर दौड़ गई, हजारों लोगों ने उनके निवास साबित गंज पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मरहूम डॉ.शोएब साहब की मिट्टी में उमड़े चाहने वालें

रविवार को रात दस बजे साबित गंज स्थित आवास से मरहूम डॉ.शोएब अहमद चिश्ती नईमी की मिट्टी नगर के इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में नमाज़े जनाज़ा आस्ताना आलिया फफूंद शरीफ के सज्जादनशीन सैय्यद नवाज़ अख़्तर चिश्ती उर्फ चिश्ती मियां ने अदा कराई और बाद नमाज़ के सभी ने मरहूम के लिए दुआये मग़फ़िरत की। मरहूम डॉ.शोएब साहब के चाहने वालों का मिट्टी(अंतिम यात्रा)में हुजूम उमड़ पड़ा सड़क पर सिर्फ दूर से लोगों के सर नज़र आ रहे थे। आपसे मोहब्बत करने वाले लोग मिट्टी को कांधा देने के लिए सड़कों पर उमड़ पड़े। रात 11 बजे शहर के बादशाह कुली कब्रस्तान में मरहूम डॉ. शोएब साहब को सुपुर्दे ख़ाक किया गया। हज़ारों लोगों ने बाद मिट्टी के मरहूम की मग़फ़िरत के लिए हाथ उठाकर रब तआला की बारगाह में दुआये की।

# मरीजों एवं तामीरदारों को एड्स के बारे में किया गया जागरुक



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर के अवसर पर जिला पुरुष/महिला चिकित्सालय हमीरपुर में अधीक्षक/अधीक्षिका की अध्यक्षता में एक जागरूकता शिविर आयोजित कर ओ.पी.डी. में आये मरीजों एवं तामीरदारों को एच.आई.वी./एड्स सम्बन्धी जागरूकता, उससे बचाव एवं निदान हेतु जिला पुरूष चिकित्सालय में 81 एवं जिला महिला चिकित्सालय में 60 को उपस्थित चिकित्सकों एवं काउन्सलरों द्वारा समझाया गया। दिनांक 30.11.2024 को राजकीय बालिका इण्टर कालेज, हमीरपुर में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर 20 प्रतिभागी छात्राओं में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं अन्य 17 छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार डा. बी.पी. सिंह, नोडल अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी, हमीरपुर द्वारा वितरण कर सम्मानित किया गया। दिनांक-02.12.2024 को अपरान्ह 02ः00 बजे से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, हमीरपुर में एक संगोष्ठी का आयोजन डा. गीतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें डा. बी.पी. सिंह, नोडल अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी, हमीरपुर द्वारा एच.आई.वी./एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये जनपद में 01 जनवरी, 2024 से आज दिनांक तक कुल 155 एवं जनपद में आज दिनांक तक कुल 485 मरीज एच.आई.वी. संक्रमित उपचार ले रहे हैं के साथ वर्ष 2024 के लिये चयनित थीम %ञ्ड्डद्मद्ग ञ्द्धद्ग ऋद्बद्दद्धह्ल क्कड्डह्लद्ध% के आधार पर एच.आई.वी. संक्रमित मरीजों को उनके मौलिक अधिकार, समुचित देख-रेख एवं उपचार के आधार पर वर्ष 2030 तक भारत को एच.आई.वी. मुक्त किये जाने के बारे में अवगत कराया। जनपद हमीरपुर में 12 एफ.आई.सी.टी.सी. एवं 03 आई.सी.टी.सी सेन्टर पर समस्त जाँचें निःशुल्क होने और संक्रमित पाये जाने पर नाम गोपनीय रखा जाना से अवगत कराया। डा. गीतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को ओ.पी.डी. में आने वाले सभी मरीजों के साथ एक समान व्यवहार अपनाया जाना और अपने पद सापेक्ष कर्तव्यों का पालन करते हुये एच.आई.वी. संक्रमित मरीजों से दुर्व्यवहार/भेदभाव न किया जाये, पाये जाने पर संबन्धित के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है कहा गया। संगोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पुरूष चिकित्सालय, डा. आर.एस. प्रजापति, डा. कमलेश यादव, डा. राजेश, डा. दीपक मणि नायक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन डा. बी.पी. सिंह के द्वारा उपस्थित समस्त आगंतुकों से हस्ताक्षर अभियान करा धन्यवाद देकर किया गया।

# माउण्ट लिटा ज़ी स्कूल के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया की समझ प्रदान करने के उद्देश्य से माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, इटावा के छात्रों के लिए एक विशेष औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा के माध्यम से छात्रों को न केवल औद्योगिक प्रक्रियाओं को करीब से जानने का मौका मिला बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीकि और प्रशिक्षण से भी अवगत करवाया गया। यात्रा के दौरान छात्रों ने आगरा स्थित डावर फुटवियर इंडस्ट्रीज और सेंट्रल फुटवियर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा किया। यहाँ उन्होंने फुटवियर निर्माण प्रक्रिया को करीब से समझा जिसमें सामग्री चयन, डिजाइन प्रक्रिया और गुणवत्ता जाँच आदि शामिल हैं। छात्रों को पावरपॉइंट प्रस्तुतियों और समूह गतिविधियों के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। इन गतिविधियों ने छात्रों की समझ को और भी अधिक गहरा और व्यावहारिक बनाया। इस दौरान छात्रों ने उद्योग से जुड़े विभिन्न अधिकारियों से बातचीत की और अपनी जिज्ञासा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। इन इंटरएक्टिव सत्रों ने छात्रों को वास्तविक उद्योग प्रक्रियाओं की गहरी समझ दी और उन्हें नए विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। यात्रा से लौटने के बाद छात्रों ने अपनी सीख और अनुभव को अन्य छात्रों के साथ साझा किया, जिससे स्कूल के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा और नई जानकारी प्राप्त हुई। यह यात्रा छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक थी बल्कि उनके व्यावहारिक कौशल और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने में भी सहायक रही। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने इस यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी यात्राएँ छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा का अनुभव प्रदान करती हैं, जो उनके समग्र विकास में सहायक होती हैं। हमारा उद्देश्य है कि छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से परे जाकर वास्तविक दुनिया की समझ दी जाए। यह शैक्षणिक यात्रा भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के सहयोग से आयोजित की गई, जिसने इसे और अधिक प्रभावी और ज्ञानवर्धक बनाया।

# दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

**बिवाँर(हमीरपुर)** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री के साथ ससुरालियों द्वारा मारपीट करने पर पिता ने दहेज उत्पीड़न का।मुकदमा दर्ज कराया।महोबा जनपद ,थाना कबरई के खोड़ा (सुराहा)निवासी ज्ञानसिंह कुशवाहा ने अपनी पुत्री खुशबू के पति दृगविजय ,ससुर रामगोपाल ,सास शिवकली और देवर जीतू निवासी गण ग्राम रोहारी के के खिलाफ थाना बिवाँर में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री की शादी तीन साल पहले हुई थी।बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालियों ने पुत्री से अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करनी शुरू कर दी।बताया बीते दिनों सभी आरोपी ससुरालियों ने पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मार देने की धमकी दी।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी ससुरालीजनों के खिलाफ धारा 498، ,323 ,506 , 3,4 का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर लगभग 102 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल, जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाएं एनटीपीसी सिंगरौली से साइकिल पाकर हुईं प्रफुल्लित



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** वनिता समाज, शक्तिनगर में बीते 01 दिसम्बर को विजया राव, माननीया अध्यक्षा, उत्तरा महिला क्लब, लखनऊ का शुभ आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत लाभार्थी बालिकाओं को साइकिल वितरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राव ने इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं समाज में बालिकाओं की स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। तत्पश्चात, राव ने एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने इन कार्यक्रमों को क्षेत्रीय विकास तथा सामाजिक उत्थान में योगदान देने हेतु अत्यंत प्रभावी बताया। इस कार्यक्रम में पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, शक्तिनगर और वनिता समाज की अन्य सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं।

# धार्मिक परम्पराओं के बीच नवीनीकृत गिरिजाघर का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नगर के सिविल लाइन्स स्थित संत जेवियर्स चर्च के परिसर में रविवार को प्राचीन चर्च के नवीनीकृत होने के बाद इलाहाबाद धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष विशप लुइस मस्करेनहस द्वारा विधिवत् उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम धर्माध्यक्ष विशप लुइस मस्करेनहस, पल्लि पुरोहित फा. लैन्सी जेवियर डिकून्हा, सोनभद्र क्षेत्र के डीन फा. टाइटस लोबो, सि. फिलो जोश (यूएमआई), सि. सुनीता टोप्पो (बीएस) व पल्लिवासी जैफ्फी एरियल, सेरेना लुकस द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसके बाद संचालिका जूली एरियल द्वारा आज के दिन के महत्त्व के साथ संत जेवियर्स मिशन के इतिहास के साथ-साथ संत जेवियर के जीवन पर प्रकाश डाला। संत जेवियर्स स्कूल की छात्राओं द्वारा इस अवसर पर एक सुन्दर स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् प्रवेश नृत्य के साथ सभी धर्मावलम्बी नवीनीकृत चर्च के मुख्य द्वार की तरफ बढ़े, जहाँ धर्माध्यक्ष ने नारियल फोड़ने के बाद शिलापट्ट का अनावरण किया और नवीनीकृत संत जेवियर्स कैथोलिक चर्च के मुख्य द्वार का फीता काटकर सभी विश्वासियों व धर्मावलम्बियों के साथ चर्च में प्रवेश किया। चर्च में धर्माध्यक्ष द्वारा पवित्र जल छिड़काव कर प्रभु की आशीष वर्षा की गयी। उसके बाद विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पवित्र मिस्सा बलिदान एवं आशीष की विधि की गयी। जिसमें सहायक पल्लि पुरोहित फा. आल्बर्ट प्रवीण लोबो की भूमिका सराहनीय रही। परम प्रसाद एवं अंतिम आशीष के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर धर्मप्रान्त के विकर जनरल फा. रेजिनाल्ड डिसोजा, प्रयागराज से आये फा. इजिडोर डिसोजा, फा. विपिन, चुनार के फा. संतोष कुमार, मिर्जापुर के फा. जैकेब बोना, रिहन्द नगर के फा. बैप्टिस्ट डिसोजा, अनपरा के फा. सुनील मस्करेनहस, ओबरा के फा. प्रभु, धर्मबहनें सि. किरन जार्ज, सि. रजनी, सि. शैली मैथ्यू, सि. फ्रिस्का बरला, सि. अर्चना बास्तराय, सि. आइरिन इत्यादि के साथ कई पल्लियों से आए सैकड़ों धर्मावलम्बी व नगर के कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय स्वर्णोत्सव शरद मेला का किया गया भव्य रूप से शुभारंभ



- क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड नें किया शुभारंभ
- मेला प्रांगण को सजाया गया आकर्षक विदुतीय साज-सज्जा के साथ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल का बहुप्रतीक्षित सुहासिनी संघ का दो दिवसीय स्वर्णोत्सव शरद मेला का शुभारंभ दिनांक 30 नवंबर 2024 को परियोजना के नेताजी सुभाषचंद्र बोस लेक पार्क में भव्य रूप से किया गया। ÷हमारी धरती, हमारा भविष्य÷ की थीम पर आयोजित इस मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड श्री एन एस राव एवं अध्यक्षा(उत्तरा महिला समिति) श्रीमती विजया राव द्वारा किया गया। यह शानदार आयोजन ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्यनगर) के नेतृत्व और सरोजा फणि कुमार, सुहासिनी संघ की अध्यक्षा की मार्गदर्शन में हुआ। यह कार्यक्रम संस्कृति, समुदाय और समरसता का सुंदर मिश्रण था, जिसने सभी उपस्थित अतिथियों पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एन एस राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एनटीपीसी लिमिटेड और विजया राव, उत्तर महिला क्लब की अध्यक्षा इस कार्यक्रम में शामिल हुई। साथ ही उत्तर क्षेत्र मुख्यालय से समीरन सिन्हा रे, क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख (उत्तर) और संगीता सिन्हा रे, वरिष्ठ सदस्य (उत्तर महिला क्लब) भी उपस्थित रहीं। साथ ही इस आयोजन में राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख (सिंगरौली), पियूषा अकोटकर, वानिता समाज की अध्यक्षा, पंकज मेदिरत्ता, परियोजना प्रमुख (रिहंद), अनिता मेदिरत्ता, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मंडल, एम.वी. रेड्डी, पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (माइनिंग, शिव कुमार कुमावत, उप कमांडेंट (सी आई एस एफ, विंध्यनगर) और स्वाती कुमावत भी उपस्थित रही। एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनमें मुख्य समन्वयक डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), और सरिका चतुर्वेदी, सुहासिनी संघ की उपाध्यक्षा प्रमुख रूप से शामिल रही। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी विंध्याचल के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम मेले की शुरुआत एक छोटे से पूजा समारोह से हुई, जिसके बाद सीएसआर के अंतर्गत विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और कंबल वितरित किए गए। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने केक काटकर और हवा में गुब्बारे छोड़े। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने मेले के विभिन्न स्टॉल्स, जैसे गेम्स, पीआर और पी एंड एस स्टॉल्स का भी दौरा किया गया।

# सेंटमैरी इंटर कॉलेज में आग पर काबू करने के उपाय बताए



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सेंटमैरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को अग्निशमन अधिकारी सानंद कुमार, सुभाष चन्द्र व उनके सहयोगी आकाश कुमार ने उपस्थित होकर सेंटमैरी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल फादर शीजू जार्ज व मैनेजर फादर विन्सन की मौजूदगी में अग्निशमन विषयक से संबंधित विस्तार से जानकारी देते हुए शिक्षकों व छात्र छात्राओं को आग लग जाने पर काबू करने के उपाय बताए।

इस अवसर पर अग्नि शमन अधिकारियों ने सेंटमेरी इंटर कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षिकओं एवं कक्षा 1 से लेकर 12 वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि अग्नि दुर्घटना के समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए तथा यह प्रयोग करके भी दिखाया कि सिलेंडर में आग लग जाने पर कैसे बुझाया जा सकता है। इस संबंध में उन्होंने मंच पर छात्र-छात्राओं, कालेज स्टाफ के साथ प्रिंसिपल फादर, मैनेजर फादर व सिस्टर को आग बुझाने के तरीके बताए और यह सब प्रेक्टिकल करके सिखाया, इसके अलावा यह भी बताया कि गाड़ी में आग लग जाने पर उसे बुझाने के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए। अग्नि शमन अधिकारियों ने सभी प्रकार की आग दुर्घटनाओं से बचने के तरीके बताए और मंच पर गैस सिलेंडर तथा आग बुझाने वाले यंत्र से प्रयोग करके भी दिखाया कि आग लग जाने पर कैसे त्वरित काबू पाया जा सकता है। इस अवसर पर सेंटमेरी परिवार ने अग्नि शमन अधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# चंचल तितली की आंखों से अब आंसू गिरते हैं...

- अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में बही कविताओं की रसधार
- तालियों की गड़गड़ाहट और ठहाकों से गूंजता रहा पंडाल



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देर रात तक सभागार कवियों की विभिन्न विधा की कविताओं पर कभी तालियो की गड़गड़ाहट तो कभी कहकहे से गूंजता रहा। इटावा से आए ओज कवि कमलेश शर्मा ने रामचंद्र जी की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने वालों को करारा जवाब देते हुए ललकार भरा, जो कर रहे हैं राम की निंदा वह अब तक है कैसे जिंदा उनके हर एक शब्दों पर पंडाल से तालियो की बौछार होती रही। ग्वालियर से आए गीत गजल के प्रख्यात कवि राज बहादुर राज ने बादल कब बरसोगे कविता पढ़ कर वाहवाही लूटी, उन्होंने पढ़ा भवरे भी अब गीत बिरह का गाते फिरते हैं, चंचल तितली की आंखों से अब आंसू गिरते हैं, प्रीत रीत की टूट जाएगी तब बरसों गे बादल कब बरसोगे.. इससे पूर्व कवयित्री विभा शुक्ला ने वाणी वंदना से कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। सतना से आए हास्य कवि रवि शंकर चतुर्वेदी ने माइक पढ़ते ही अपने हाव-भाव और शब्दों से उपस्थित श्रोताओं को गुदगुदाना शुरू कर दिया उनके एक-एक शब्दों पर लोग लोटपोट होते रहे, कभी ठहाके तो कभी तालितो से उनका खैरमकदम होता रहा। उन्होंने पढ़ा हिंदी में इंग्लिश का पर्चा अजब करते हैं बाबूजी। जौनपुर से आए कवि अमृत प्रकाश ने बंद पढ़कर उपस्थित श्रोताओं की तालियां बटोरी। वाराणसी से आई हुई कवयित्री विभा शुक्ला ने अपने श्रृंगार रस से आए हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया, उन्होंने पढ़ा ए कान्हा हम तेरी याद में हद से गुजर गई, जीती थी तेरी याद में तेरी याद में ही मर गई। राजस्थान से आए हुए हास्य और व्यंग्य के प्रसिद्ध कवि अरविंद पोटा ने अपने व्यंग्य के बाणों से लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। ओज और यथार्थ के सशक्त हस्ताक्षर कवि दिनेश दिनकर ने अपने कटाक्षों से समाज के यथार्थ को कविता के माध्यम से लोगों के सम्मुख पेश किया। उन्होंने पढ़ा नदिया सुखे, सागर सुखे पर आंख सुख न पाएगी,जिस दिन सूख जाएंगे आंसू यह कविता भी मर जाएगी। जिसे उपस्थित श्रोताओं ने जोरदार तालितो से सम्मान दिया। प्राचार्य डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने अपनी स्वरचित कविताओं से ऐसा समा बाधा कि लोग उनके हरफनमौला व्यक्तित्व के कायल हो गए।देश की मुफलिसी, भूख, बेचारगी और लाचारगी को दर्शाते हुए राष्ट्रवादी कवि कमलेश राजहंस ने जब कविताएं पढ़ना शुरू की तो लोगों की आंखें आंसुओं से भीग गई। उन्होंने अपनी कविताओं से भूख की वेदना और उससे तड़पते मां बेटे और बहन भाइयों की वेदनाएं सुना कर देश के मुफलिसी की दास्तान का जीवंत खाका खींचा। उन्होंने अपने शानदार संचालन से लोगों को देर रात तक पंडाल में बैठने पर मजबूर कर दिया।

# उत्तर प्रदेश का हो रहा सर्वांगीण विकास: केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

- विश्वास के साथ विकास करना सरकार की प्राथमिकता
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की मेरठ वकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा
- उत्तर प्रदेश में स्थापित हो रहे प्रगति के नये आयाम: उपमुख्यमंत्री



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सोमवार को सर्किट हाऊस मेरठ में मेरठ के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वह जनप्रतिनिधियो के साथ समय-समय पर बैठक कर एवं समन्वय बनाते हुये बताये गये कार्यों को प्राथमिकता दी जाये। प्रभारी मंत्री द्वारा की गई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये आख्या प्रस्तुत की जाये। उन्होने कहा कि विश्वास के साथ विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी के अनुरूप कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर जनपद में समस्त विभागो द्वारा किये गये कार्यों की उप मुख्यमंत्री जी द्वारा सराहना की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। विश्वास के साथ विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश में प्रगति के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभागीय अधिकारी पहले एवं अंतिम रविवार को सफाई अभियान चलायें। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं पात्र लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का भरपूर लाभ दिलाया जाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कहा मा0 प्रधानमंत्री जी के द्वारा उल्लिखित समाज के चार वर्गो के उत्थान व विकास हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। समस्त अधिकारी इसको ध्यान में रखते हुये और अच्छा क्या हो सकता है, प्लॉनिंग बनाते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनपद में सीएसआर फंड से समूह की महिलाओ द्वारा फूलो की खेती कराये जाने के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुये बताया गया कि समूह दीदी को लखपति दीदी बनाया गया है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओ से महिला समूहो को सशक्त करने हेतु कार्यक्रम को आगे बढाया जाये तथा जनपद में किये गये इस प्रकार के नवाचार से शासन को रिपोर्ट भेजते हुये अवगत करायें। उन्होने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब एवं लक्षित लाभार्थियो को सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाया जाये। पीएम आवास शहरी योजना की समीक्षा की जाये तथा लाभार्थियो को लाभ दिलाया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गडबडी संज्ञान में आती तो जांच कर एंटी करप्शन टीम के माध्यम से कार्यवाही की जाये। शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में अमृत सरोवर को पूर्व स्वरूप में लाया जाये, जहां भी अतिक्रमण है ,उस पर कार्यवाही की जाये। घरौनी वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कहीं पर भी गलती हुई है, तो उसको सुधारा जाये और इसके लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। कहा कि हर घर नल से जल योजना अंतर्गत पाईप लाईन बिछाये जाने के कार्य के पश्चात् सड़क मरम्मत ठीक से न करने की शिकायते मिलती रहती है, इसको गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि ऐसा कोई प्लॉन तैयार करें ,कि जो फर्म कार्य कर रही है, वह मरम्मत के लिए पैसा जिस विभाग की सड़क है उसको दें और वही विभाग उस सड़क को ठीक कराये। इस प्रकार के मॉडल की शुरूआत मेरठ से की जा सकती है, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से देशव्यापी स्वच्छता अभियान लगातार चल रहा है तथा जनपद स्तर पर भी स्वच्छता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते है, सभी विभागीय अधिकारी जनपद स्तर पर पहले एवं अंतिम रविवार को सफाई अभियान कार्यक्रम चलाये।

# कौशल विकास मंत्री ने ग्लोबल स्किल पार्क का किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश के कौशल विकास मॉडल का अध्ययन करने और उसकी कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से भोपाल का दौरा किया। उन्होंने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) परियोजना के तहत विकसित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निरीक्षण किया और वहां चल रही योजनाओं, नवाचारों और तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी ली। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मंत्री अग्रवाल का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने स्किल पार्क की विश्वस्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक लैब्स और तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मध्य प्रदेश की कौशल विकास रणनीतियों को अनुकरणीय बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश इनसे प्रेरणा लेकर अपने युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई योजनाएं लागू करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक देश तभी प्रगति करता है, जब उसके युवा कामयाब और सफल होते हैं। युवा ही देश की सबसे बड़ी पूंजी और असली संपत्ति हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें सफलता की नई बुलंदियों तक पहुंचाना है। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को सशक्त, रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स से दुष्कर्म, टेक्नीशिन गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज में निजी अस्पताल की स्टाफ नर्स से टेक्नीशियन ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब अस्पताल के मालिकों से शिकायत की तो उन्होंने अश्लीलता की। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आरोपी टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर लिया।

पारा निवासी युवती के मुताबिक वह तीन माह से ठाकुरगंज स्थित अस्पताल में काम कर रही हैं। काकोरी का हलुआपुर निवासी निखिल अस्पताल में टेक्नीशियन है। आरोप है कि वह उस पर बुरी नजर रखता था। आए दिन छेड़छाड़ और अश्लीलता करता था। विरोध पर गाली-गलौज करता था। 18 नवंबर की रात 11 बजे पीड़िता अपना काम कर रही थीं। तभी निखिल उनके पास पहुंचा और उन्हें घसीटते हुए कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर आरोपी ने हत्या करने की धमकी दी और भाग निकला।

# प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया जोश



- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हो रही खेलकूद प्रतियोगिता
- 84 विद्यालयों से 96 छात्राएं और 148 छात्र प्रतियोगिता में शामिल
- दूसरे दिन कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन सहित कई अन्य खेलों का आयोजन
- खिलाड़ियों ने पदक जीतने के लिए मेहनत और जोश का दिया परिचय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सर्वोदय विद्यालयों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का आयोजन जोश और उत्साह से भरपूर रहा। इस प्रतियोगिता में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के 84 विद्यालयों से आए 244 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें 96 छात्राएं और 148 छात्र शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों के भीतर खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए एक अहम मंच साबित हो रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद और भाला फेंक जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। बालक और बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पदक जीतने के लिए संघर्ष किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना का भरपूर आनंद लिया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्य मंत्री, असीम अरुण शामिल होंगे। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन ने न केवल छात्रों के भीतर खेल प्रतिभा को उभारने का काम किया, बल्कि उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता के विकास को भी प्रोत्साहित किया। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक ऐसा मंच साबित हुआ है, जहां उन्होंने अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ टीम वर्क और अनुशासन का भी प्रदर्शन किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता छात्रों के खेल जीवन में एक अहम पड़ाव है, जो भविष्य में उनके लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। समाज कल्याण विभाग और सर्वोदय विद्यालय प्रशासन के इस सामूहिक प्रयास ने छात्रों के खेल कौशल और समर्पण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# 'पुलिस ने संभल में निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाईं'



- पूजा स्थल अधिनियम 1991 की लगातार अनदेखी की जा रही : अनीस मंसूरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने संभल की घटना को लेकर सरकार और न्यायालय पर आरोप लगाए हैं। अनीस मंसूरी ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 की लगातार अनदेखी की जा रही है। भाजपा और न्यायालय मिल कर इस कानून को लागू करने में असफल हैं जो संविधान विरोधी कृत्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संभल के जिलाधिकारी से पसमांदा मुस्लिम समाज के सात लोगों को वहां जाने की अनुमति दिये जाने की मांग की। संगठन के लालबाग, बेलदारी लेन स्थित कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अनीस मंसूरी ने कहा कि पुलिस ने संभल में निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाई, जिसके वीडियो प्रमाण मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बहराइच में जब दंगाई एक मुस्लिम परिवार में घुस कर उपद्रव कर रहे थे तो पुलिस ने गोलियां क्यों नहीं चलाई। यह दोहरे मापदण्ड दिखाता है। देश में न्याय और कानून को ताक पर रख पुलिस-प्रशासन सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संभल की घटना सरकार की ओर से पूर्व नियोजित थी, जिसमें पुलिस ने सक्रिय सहयोग किया। घटना सरकार और पुलिस की मिलीभगत का परिणाम है, जिसका मकसद अल्पसंख्यक समुदाय को डराना और दबाना है। अनीस मंसूरी ने देश के संविधानप्रिय नागरिकों से संविधान की रक्षा और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर भारतीय का कर्तव्य है।

# महाकुंभ मेला 2025 में पराग का स्टाल लगाया जाये : धर्मपाल सिंह

- गौजन्य पदार्थों से निर्मित वस्तुओं का प्रचार प्रसार भी किया जाए
- किसानों और पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान किया जाए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ मेला 2025 में पराग का स्टाल लगाया जाए और गौजन्य पदार्थों से निर्मित वस्तुओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाए। सिंह ने कहा कि विभाग के लिए सुनहरा अवसर है महाकुंभ के पावन अवसर पर विभाग अपनी उपयोगिता की सार्थकता को सिद्ध करे और वहां के श्रद्धालुओं को पराग के शुद्ध और स्वादिष्ट दूध, दही, लड्डू, मक्खन और अन्य पदार्थ सुलभ करा सके। पराग के उत्पादों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर करना अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

पशुधन मंत्री ने ये निर्देश आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। सिंह ने निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर 05 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाए। दुग्ध विकास विभाग का लक्ष्य प्रदेश की जनता को शुद्ध दूध उपलब्ध कराना है और दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों, पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान कराना प्राथमिकता है। सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः चालू किये जाने और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न किये जाने पर विशेष बल दिया।

सिंह ने कहा कि नन्द बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियों की चयन सूची तैयार कर उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि जो भी औपचारिकताएं शेष या अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई समितियों के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए।

## आरडीएसओ अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में वर्ल्ड एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम मे डॉ. सुरजीत प्रताप सिंह ने एड्स रोग के कारको एवं इसके दुष्परिणाम के बारे में बताया। एड्स से जुड़ी समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में बताते हुए यह समझाया कि कैसे परिवारजन मानसिक रूप से मरीज का हौसला बढ़ाकर इस बीमारी से लड़ाई में साथ दे सकते हैं।सीनियर डीएमओ डॉ. अनुज कुमार सिंह ने एड्स मरीज की, इम्यूनिटी कम, होने की वजह से नये रोगाणुओं से बचावकिस तरह किया जा सके, इस बारे में बताया एवं यह भी बताया कि मेडिकल स्टाफ को एड्स मरीज का इलाज करते समय क्या-क्या सावधानीयाँ बरतनी चाहिए।इस कार्यक्रम मेंडॉ.सतीश कुमार भी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय मजलिसों का सिलसिला आज से

**लखनऊ।** हज़रत मोहम्मद साहब की बेटी की शहादत की याद में 3,4,5 दिसंबर को रात में 8 बजे संस्था तंज़ीमुल मकातिब में मजलिसों का आयोजन किया गया है। जिसकी पहली मजलिस मौलाना सय्यद मोहम्मद मोहसिन तकवी, दूसरी मजलिस मौलाना सय्यद सफी हैदर और तीसरी मजलिस को मौलाना फिरोज़ अली बनारसी संबोधित करेंगे। यह मजलिसें तंज़ीमुल मकातिब के यूट्यूब चैनल से लाइव की जाएगी।

## नवनियुक्त निदेशक डॉ. सुशील प्रकाश से मिले चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उ प्र के पदाधिकारी



**लखनऊ।** बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के नवनियुक्त प्रमुख्य अधीक्षक डा0 सुशील प्रकाश से मिले चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उ प्र के पदाधिकारी जिसमें मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा उपाध्यक्ष सर्वेश पाटिल उपाध्यक्ष रजत यादव प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार सदस्य सत्य प्रकाश सहित कई सदस्य मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने बताया डा0 प्रकाश ने चिकित्सालय के रुके हुए कार्यो को तत्काल शुरू कराने मे सभी संवर्ग से सहयोग माँगा जिस पर महासंघ ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। डा0 सुशील ने बताया की मरीज हित के बाद सबसे बड़ा हित कर्मचारी हित है। उन्होने कहा हम सब मिल कर चिकित्सालय को नई उचाईयो तक ले जाएगें। इस अवसर पर चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तेवतिया और अधीक्षक डॉ. हिमांशु भी मौजूद थे।

## जमादिउस्सानी का नहीं दिखा चांद

**लखनऊ।** इस्लामी महीने जमादिल अव्वल की 29 तारीख 2 दिसम्बर को जमादिस्सानी का चांद नहीं हुआ। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि मंगलवार 3 दिसम्बर को 30 जमादिल अव्वल और बुधवार 4 दिसम्बर को पहली जमादिस्सानी होगी। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि दुख्तरे रसूल जनाबे फातिमा जहरा की शहादत 3 जमादिस्सानी 6 दिसम्बर को होगी और दुख्तरे रसूल की विलादत जन्मदिन 20 जमादिस्सानी 23 दिसम्बर को मनाई जाएगी। वहीं आल इंडिया शिया चांद कमेटी और इदारए शरैय्या फिरंगी महल के मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने बुधवार को पहली जमादिल आखिर होने का ऐलान किया।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने झलकारी बाई महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डॉ0 बबीता सिंह चौहान जी द्वारा आज हजरतगंज स्थित वीरांगना झलकारीबाई महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयोग की अध्यक्ष ने चिकित्सालय में भर्ती महिला मरीजों को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्हें शासन द्वारा प्रदत इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ओ0पी.डी. रूम, अल्ट्रा साउण्ड रूम, एक्सरे रूम, लेबर रूम, ओ.टी. रूम, ऑपरेशन रूम, महिला वार्ड, किचन, व मरीजों को दिये जाने वाले भोजन, दवाईयां एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनका निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के प्रमुख वार्डो, किचन, स्नानागार एवं शौचालय की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गयी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. निवेदिता कर द्वारा अवगत कराया गया कि चिकित्सालय में प्रसव हेतु लगभग 66 महिला मरीज भर्ती हुई हैं। साथ ही इसमें 12 नवजात शिशु हैं। सभी मरीजों को चिकित्सालय के मेन्यू के अनुसार ससमय ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

आयोग की अध्यक्ष द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डॉ. निवेदिता को महिलाओं एवं किशोरियों से सम्बन्धित समस्त लाभकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु इनका स्पष्ट उल्लेख अस्पताल परिसर में कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही चिकित्सालय मे कम जगह होने के कारण वैकल्पिक चिकित्सालय का विस्तार करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका के साथ डॉ. दीपक कुमार आदि प्रमुख चिकित्सक उपस्थित रहे।

# अपराधियों ने यूपी में कानून-व्यवस्था को खाली कर दिया : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा राज में बड़े-से-बड़े हाथ साफ कर रहे हैं और छोटे भी कम नहीं हैं। वो भी हाथ साफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। अपराधियों ने भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था के बैग में हाथ डालकर सब कुछ खाली कर दिया है। अखिलेश यादव प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तंज कस रहे थे। कन्नौज में एक महिला अपनी बहन की शादी से लौट रही थी कि रास्ते में नकाबपोश महिलाओं ने उसके बैग से जेवरात पार कर दिए। अखिलेश ने इसी घटना को आधार बनाकर भाजपा पर निशाना साधा है।

# आल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने कपड़ों का किया वितरण

अवधनामा ब्यूरो

- खुदा ने अपने महबूब रसूल को दुनिया में आलमीन के लिए रहमत बना कर भेजा

**लखनऊ।** आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से मिशन के तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कार्यालय में विधवा, बेसहारा और जरूरतमंदों को वजीफा और गर्म कपड़े वितरित किये गये। मिशन के संरक्षक मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली और मिशन अध्यक्ष इकबाल हाशमी की मौजूदगी में जरूरतमंदों को वजीफा और कपड़े वितरित किये गये। इस मौके पर मौलाना अबुल इरफान ने कहा कि खुदा ने अपने महबूब रसूल को दुनिया में आलमीन के लिए रहमत बना कर भेजा। रसूल ने उम्मत को पैगाम दिया कि तुम जमीन वालों पर रहम करो ताकि आसमान वाला तुम पर रहम करे। मौलाना ने औलिया-अल्लाह की जिंदगी के बारे में पढने, सुनने और समझने और उनके बताए रास्ते पर जिंदगी गुजारने की अपील की। कार्यक्रम में अलीगढ़ मुस्लिम ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की महासचिव शहला हक ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा जैसे सिलाई-कढ़ाई, मेंहदी, ब्यूटी पार्लर जैसे कम समय के कोर्स कर महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं और बच्चों की शिक्षा में भी मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के लिए हम मदद करने को तैयार हैं। इस मौके पर मिशन अध्यक्ष इकबाल हाशमी, मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली ने भी लोगों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में लगभग चार दर्जन लोगों को वजीफा और सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़े वितरित किये गये। कार्यक्रम में नबी अहमद, डॉ. आफताब अहमद हाशमी, अनीस अहमद खान, सायरा हाशमी, आसिफ इकबाल हाशमी, तारिक हाशमी, फैजान अतीक फिरंगी महली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नेशनल कम्पटीशन में सीएमएस छात्र गोल्ड टॉपर

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-5 के प्रतिभाशाली छात्र हमजा रहमान ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड टॉपर का खिताब अर्जित विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 2000 विद्यालयों से 75000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड टॉपर होने का गौरव अर्जित किया है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## लखनऊ में मोहान रोड प्रोजेक्ट के लिए जमीन कब्जाने पहुंची एलडीए टीम

**लखनऊ।** काकोरी इलाके में लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड योजना के लिए कलिया खेड़ा गांव में जमीन अधिग्रहण होना है। इसके लिए एलडीए टीम रविवार को गांव पहुंच और वार्ता शुरू की। इस बीच किसानों ने जबरन फसल नष्ट करवाने का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। कुछ ही देर में किसानों और एलडीए टीम में झड़प होने लगी। साथ में मौजूद पुलिस बल से भी किसानों की हाथापाई शुरू हो गई। इसमें कई महिलाओं और किसानों को चोटें आई हैं। हालात काबू करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

इसके बाद नाराज किसान खेतों में धरने पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि एलडीए टीम बिना सूचना दिए जमीन पर कब्जा लेने पहुंच गई, जबकि किसानों के मकान समेत कई जगह सर्वे होना बाकी है।

# बज़्म-ए-ख्वातीन के ज़ेर-ए-एहतेमाम मुशायरा ख्वातीन का आयोजन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पिछले दिनों जिस तरह से औरतों के ख़िलाफ़ जराइम बढ़े हैं,ऐसा सारी दुनिया में कहीं नहीं है। आज बज़्म-ए-ख्वातीन के ज़ेर-ए-एहतेमाम मुनाक़िदा मुशायरा-ए-ख्वातीन में बेगम शहनाज़ सिदरत ने अपनी सदारती तक़रीर में कहा कि अब तो हक़ बोलना ही होगा क्योंकि मर्दों ने औरतों पर इजारा-दारी के चलते उनके पैरों में तहज़ीबी, समाजी और इक़्तेसादी बेड़ियाँ डाल दी हैं। सबको मालूम है कि शाइस्तगी औरत का ज़ेवर है मगर इसी शाइस्तगी की आड़ में उसे कमज़ोर और बेवक़ूफ़ बनाया जाता है और यही वजह है कि आबरूरेज़ी के केसेज़ में इज़ाफ़ा हो रहा है। सरकारों को इस पर सख्त कार्रवाई करने की ज़रूरत है। इसके बाद बज़्म-ए-ख्वातीन के ज़ेर-ए-एहतेमाम मुशायरा-ए-ख्वातीन का इनक़ाद हुआ जिसमें बतौर मेहमान-ए-खुसूसी शमामा असदुद्दीन शरीक हुई जबकि मेहमान ज़ी-वक़ार कृष्णा राजपूत थीं। ज़ाकिरा ख़ान के नातिया कलाम से मुशायरे का आग़ाज़ हुआ। मेहमान-ए-खुसूसी ने कहा कि बज़्म-ए-ख्वातीन लखनऊ की ख्वातीन की सबसे क़दीम तंज़ीम है जिसका असल मक़सद दीनी-ओ-दुनियावी उलूम के साथ ख्वातीन में समाजी, तहज़ीबी, अदबी और सियासी ज़ौक़ पैदा करना है। आज के मुशायरे का इनाक़ाद भी ख्वातीन की छिपी हुई सलाहियतों को उजागर करके सामने लाना है और मुझे खुशी है कि हमारी तंज़ीम के मेंबरान हर महाज़ पर अपने झंडे गाड़ रहे हैं।